



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़


11 चोट से जूझ रहे नडाल इटालियन...

रूस ने फिनलैंड को नाटो में शामिल... 12



वर्ष : 12 | अंक : 362 | नई दिल्ली, शनिवार, 14 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, त्रयोदशी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 45.0°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज भी गर्मी बरकरार रहेगी, साथ ही लू चलने के पूरे आसार हैं।

**पोल**

क्या चिंतन से दूर होगी कांग्रेस की चिंता?

| | |
|---|---|
| हां | 50% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,040 |
| चांदी | 58,700 |
| सेंसेक्स | 52,793 |
| निफ्टी | 15,782 |

## संक्षिप्त खबर

### बूस्टर खुराक : विदेश यात्रा करने वालों को बड़ी राहत

नई दिल्ली। काम, पढ़ाई या कारोबारी कारणों से विदेश यात्रा करने वाले लोग संबंधित देश के नियमों के अनुसार कोरोना वायरस टीके की दूसरी खुराक लेने के तीन महीने बाद ही बूस्टर या एहतियाती खुराक लगवा सकते हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने शुक्रवार को दी। इससे एक दिन पहले ही केंद्र ने अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए निर्धारित नौ महीने की प्रतीक्षा अवधि में राहत दी थी। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में केंद्र ने कहा है कि एहतियाती खुराक के अपडेशन को चालू करने के लिए कोविन पोर्टल पर जरूरी प्रावधान किए गए हैं। इसलिए नागरिकों को वीजा जैसे दस्तावेज अपलोड करने की जरूरत नहीं होगी।

### उप्र : देवेंद्र चौहान बने कार्यवाहक डीजीपी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (अभिसूचना) देवेंद्र सिंह चौहान ने शुक्रवार को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने डीजीपी मुकुल गोयल को उनके पद से हटाए जाने के दो दिन बाद शुक्रवार को कार्यवाहक डीजीपी के रूप में कार्य प्रारंभ किया। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने बृहस्पतिवार को जारी एक आदेश में बताया था कि वर्ष 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी चौहान को पुलिस महानिदेशक के पद पर स्थाई नियुक्ति नहीं मिलने तक प्रदेश के डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह पुलिस महानिदेशक (अभिसूचना) का दायित्व भी संभालते रहेंगे।

### निधि छिब्बर सीबीएसई की अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली, 13 मई (वेब वार्ता)। केंद्र द्वारा किये गए एक प्रशासनिक फेरबदल के तहत वरिष्ठ नौकरशाह निधि छिब्बर को शुक्रवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ कैडर की 1994 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी छिब्बर फिलहाल भारी उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर तैनात हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि उन्हें भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव के रैंक और वेतन में सीबीएसई की अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

### कीर्ति नगर की तीन फैक्टरियों में लगी आग

नई दिल्ली। दिल्ली के कीर्ति नगर औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि में तीन फैक्टरियों में आग लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि रात लगभग 1.50 बजे कीर्ति नगर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित तीन फैक्टरियों में आग लगने की सूचना मिली।

**सोनिया राज में चौथी बार चिंतन से कांग्रेसियों को संजीवनी की आस**

# चिंतन से दूर होगी कांग्रेस की चिंता?

## शिविर में एक परिवार-एक टिकट का फॉर्मूला लागू करने की घोषणा

उदयपुर/नई दिल्ली, एजेंसी

बाइस राज्यों की विधानसभा और दो लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद उदयपुर में कांग्रेस पार्टी का चिंतन जारी है। यह पहला मौका नहीं है, जब कांग्रेस चिंतन शिविर का आयोजन कर रही है। सोनिया गांधी के रहते कांग्रेसियों के लिए चौथी बार चिंतन के लिए शिविर लगाया गया है। शिविर में वन फैमिली, वन टिकट का फॉमूर्ला लागू करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्षों और जिलाध्यक्षों का टर्म भी फिक्स्ड किया जाएगा। अनुशासन को लेकर भी सख्त फैसले लिए जाएंगे।

**'पार्टी का कर्ज लौटाएं नेता'**

कांग्रेस अध्यक्ष ने बाहर संगठन के तौर पर ही पेश आने की नसीहत देकर बागियों के लिए लक्ष्मण रेखा खींच दी है। सोनिया गांधी ने अपने संबोधन से कांग्रेसियों में जोश भरते हुए कहा कि पार्टी ने हम सभी लोगों को बहुत कुछ दिया है और अब हमारी बारी है कि उसका कर्ज लौटाएं।

**गांधी परिवार को मिलेगी मजबूती**

लगातार आंतरिक कलह से जूझ रहे गांधी परिवार को भी इस चिंतन शिविर से मजबूती मिल सकती है। चुनावों में हार की जिम्मेदारी को लेकर लगातार पार्टी में घमासान मचा हुआ है। वहीं शिविर में जी-23 समेत कांग्रेस के सभी नेता एकजुट हुए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि शिविर के बाद फिर से गांधी परिवार कांग्रेस की सत्ता के केंद्र में रहेगा।

**चिंतन में नवसंकल्प लेंगे कांग्रेसी**

कांग्रेस ने इस चिंतन शिविर का नाम नवसंकल्प दिया है। इसमें खेती-किसानी, रोजगार, राष्ट्रीय सुरक्षा, दलित-आदिवासियों पर अत्याचार रोकना समेत 6 मुद्दों पर प्रस्ताव पेश किया जाएगा। इन प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए शिविर में कांग्रेसी संकल्प लेंगे।



**सत्ता पाने के लिए लागू होंगे सख्त फैसले**

- एक परिवार के एक व्यक्ति को टिकट मिलेगा, हालांकि संगठन में पांच साल तक कार्य करने पर परिवार के लोगों को भी मिल सकेगा टिकट।
- जिलाध्यक्ष और राज्य कार्यकारिणी के सदस्यों का टर्म फिक्स होगा। पांच साल तक पद पर रहने के बाद तीन साल तक कोई पद नहीं मिलेगा।

### देश मुश्किल दौर में : सोनिया



कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उदयपुर के चिंतन शिविर में अपने उदघाटन भाषण में ही बड़े बदलावों के संकेत दे दिए हैं। सोनिया गांधी ने साफ कहा कि देश मुश्किल दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में लोगों को कांग्रेस से बड़ी उम्मीद हैं। लेकिन पिछली नाकामयाबियों से आगे बढ़ने के लिए तत्काल कुछ ढांचागत बदलाव करने और काम करने के तरीके में अंतर लाने की जरूरत है।

### गांधी परिवार पर नियम लागू नहीं

दिलचस्प बात है कि गांधी परिवार को इन दोनों सख्त नियमों के दायरों से बाहर रखा गया है। सोनिया की स्पीच के बाद उदयपुर से लेकर दिल्ली तक सियासी गलियारों में अब एक ही सवाल तैर रहा है, क्या उदयपुर में शिविर लगाकर सत्ता में कांग्रेस उदय कर पाएगी?

### सॉफ्ट हिंदुत्व के फॉमूर्ले से सत्ता पाने की कोशिश

कांग्रेस के किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में पहली बार पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव का पोस्टर लगाया गया है। उनके पोस्टर लगाए जाने को कांग्रेस के सॉफ्ट हिंदुत्व की ओर बढ़ते हुए देखा जा रहा है। राव अयोध्या में बाबरी विध्वंस के वक्त भारत के प्रधानमंत्री थे।

# बदल चुकी है स्टार्टअप की दुनिया : पीएम मोदी

## देश में सबसे बड़ा स्टार्टअप्स इकोसिस्टम

**कार्यक्रम**

- मोदी ने आनलाइन माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया
- आज मध्य प्रदेश में स्टार्टअप पोर्टल और आई-हब इंदौर का शुभारंभ हुआ है।



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश की नई स्टार्टअप नीति की शुरूआत की। प्रधानमंत्री मोदी ने आनलाइन माध्यम से इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश में जितनी प्रोएक्टिव स्टार्टअप नीति है, उतना ही परिश्रमी स्टार्टअप नेतृत्व भी है। इसलिए देश एक नई युवा ऊर्जा के साथ विकास को गति दे रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- आज मध्य प्रदेश में स्टार्टअप पोर्टल और आई-हब इंदौर का शुभारंभ हुआ है। मध्य प्रदेश की स्टार्टअप नीति के तहत स्टार्टअप और इन्क्युबेटर को वित्तीय सहायता दी गई है। साल 2014 में देश में 300 से 400 आस-पास स्टार्टअप हुआ करते थे। आज 8 वर्ष के छोटे से कालखंड में भारत में स्टार्टअप की दुनिया ही बदल चुकी है। आज हमारे देश में करीब 70 हजार स्टार्टअप्स हैं। आज भारत में दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप्स इकोसिस्टम है।

### कठिन चुनौतियों का सरल समाधान

पीएम मोदी ने कहा कि 8 साल पहले तक स्टार्टअप शब्द कुछ टेक्निकल वर्ल्ड के गलियारों तक का चर्चा का हिस्सा था वो आज सामान्य भारतीय युवा के सपने पूरा करने एक सशक्त माध्यम बन चुका है। स्टार्ट अप का दायरा और विस्तार बहुत बड़ा है। स्टार्ट अप हमें कठिन चुनौतियों का सरल समाधान देते हैं। आज के स्टार्ट अप कल के मल्टी नेशनल्स बन रहे हैं।

# मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

श्रीनगर, एजेंसी

**घटना**

- सुरक्षाबलों ने 24 घंटे के अंदर लिया राहुल भट की हत्या का बदला

कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या में शामिल तीनों आतंकियों को सुरक्षाबलों ने 24 घंटे के अंदर मार गिराया है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने राहुल की मौत की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है। उधर, कश्मीरी पंडितों में लगातार निशाना बनाकर हो रहे हमलों से खौफ फैल गया है। इस टारगेट किलिंग के विरोध में 350 सरकारी कर्मचारियों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को आतंकियों ने बड़गाम जिले के चडूरा तहसील ऑफिस में घुसकर क्लर्क राहुल की हत्या कर दी थी। घटना के बाद से ही इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा था। इसी बीच पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम को जानकारी मिली कि बांदीपोरा के बरार इलाके में कुछ आतंकी छिपे हुए हैं। शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ। इसमें राहुल की हत्या में शामिल तीनों आतंकी ढेर हो गए।

**पंडितों ने एलजी को भेजा सामूहित इस्तीफा**

राहुल भट की हत्या को लेकर कश्मीरी पंडितों में भारी आक्रोश है। हत्या के विरोध में शुक्रवार को 350 सरकारी कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया है। कर्मचारियों ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को अपने इस्तीफे भेज दिए हैं।

### इमारत में लगी आग, महिला की मौत

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली में मुंडका मेट्रो स्टेशन के पिलर नंबर 544 के पास एक इमारत में आग लग गई है। सूचना पर दमकल की 24 गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। इमारत में कई लोग फंसे थे, जिन्हें दमकल कर्मियों ने निकाल लिया है। हालांकि आग से झुलसी एक महिला की मौत हो गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने इमारत की खिड़कियां तोड़ीं। लोगों को बचाया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारी समीर शर्मा ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत का इस्तेमाल आमतौर पर कंपनियों को कार्यालय की जगह उपलब्ध कराने के लिए किया जाता था।

# ज्ञानवापी मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

## याचिका दाखिल होने के बाद अब निर्णय में लगेगा समय

वाराणसी, एजेंसी



श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण के ज्ञानवापी का मामला अब सुप्रीम कोर्ट में पहुंच चुका है। वाराणसी में कोर्ट ने गुरुवार को ही आज से किसी भी कीमत पर सर्वे के साथ वीडियोग्राफी का निर्देश दिया था। कोर्ट के निर्देश के बाद शुरू हुई सर्वे के कार्यवाही के बीच में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल होने के बाद अब निर्णय में समय लगेगा। सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानवापी परिसर के सर्वे के वाराणसी कोर्ट के निर्णय के खिलाफ शीर्ष कोर्ट में याचिका दायर की गई है। मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। इसमें सुप्रीम कोर्ट से सर्वे पर रोक लगाने की मांग की गई है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अगले हफ्ते सुनवाई कर सकता है मुख्य न्यायधीश ने कहा कि मैंने पेपर देखा नहीं, पेपर देखकर बताऊंगा। अचानक यह मामला मेरे सामने आया है। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एनवी रमण ने कहा कि वह इस मामले को देखेंगे।

### आज होगा सर्वे कार्य : वकील

हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि सिविल जज की अदालत ने सर्वे टीम को सर्वे कार्य पूरा कर 17 मई तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को पूरी सर्वे टीम आपस में मंत्रणा कर संभवत: शनिवार से सर्वे-वीडियोग्राफी कार्य शुरू करेगी। अदालत ने कहा है कि यदि सर्वे कार्य में किसी व्यक्ति या पक्ष द्वारा कोई अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो जिला प्रशासन उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करे।

# पाकिस्तान कंगाली की कगार पर

## विदेशी मुद्रा भंडार 23 महीने के निचले स्तर पर

कराची, एजेंसी



**हाहाकार**

- देश का भंडार 178 मिलियन डॉलर घटकर 16.376 अरब डॉलर हो गया
- समीउल्लाह तारिक ने कहा कि भंडार में गिरावट मामूली है

पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार दिसंबर 2019 के बाद के सबसे निचले स्तर पर गिरकर 6 मई को समाप्त सप्ताह में 16.4 अरब डॉलर पर आ गया है, जो एक हफ्ते पहले 16.5 अरब डॉलर था। द न्यूज ने केंद्रीय बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि सप्ताह-दर-सप्ताह आधार पर देश का भंडार 178 मिलियन डॉलर या 1.1 प्रतिशत घटकर 16.376 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक का भंडार भी गिरकर 23 महीने के निचले स्तर पर आ गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष बैलआउट के रिवाइवल में देरी के साथ-साथ मित्र देशों से धन की कमी के कारण विदेशी भंडार और स्थानीय इकाई पर दबाव बढ़ रहा है। पाकिस्तान-कुवैत इन्वेस्टमेंट कंपनी के शोध प्रमुख समीउल्लाह तारिक ने कहा कि भंडार में गिरावट मामूली है। हालांकि, आयात कवर के मामले में हम तीन महीने से कम हैं, और हमें भंडार को स्थिर करने के लिए आईएमएफ कार्यक्रम में जाना होगा। गिरते विदेशी मुद्रा भंडार के बीच आयात और ऋण भुगतान को पूरा करने के लिए देश को त्वरित विदेशी मुद्रा प्रवाह की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले हफ्ते सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया, लेकिन तत्काल वित्तपोषण का वादा हासिल नहीं कर पाए।

### केदारनाथ में वीआईपी एंट्री पर रोक

देहरादून। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को वीआईपी एंट्री पर रोक लगा दी है। वीआईपी ने शुक्रवार को बताया कि अब सभी वीआईपी भी आम लोगों की तरह ही दर्शन करना होगा। इसके लिए केवल दो घंटे का समय दिया जाएगा। इसके पहले सही इंतजाम नहीं होने की वजह से 28 लोगों की मौत भी हो चुकी है। वहीं उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने लोगों से अपील की है कि जिन लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी है, वे कुछ दिन बाद यात्रा करें। कोरोना के चलते बंद रही चारधाम यात्रा करीब दो साल बाद शुरू हुई है। दर्शन करने के लिए श्रद्धालु भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं। पिछले 6 दिनों में करीब 1 लाख 30 हजार लोगों ने दर्शन किए हैं।

# आतंकी गठजोड़ में शामिल तीन कर्मचारी बर्खास्त

श्रीनगर, एजेंसी

**जानकारी**

- कश्मीर विवि का प्रोफेसर और पुलिसकर्मी भी शामिल

सरकारी नौकरियों में रहकर कश्मीर घाटी में आतंकवाद को फैलाने में मदद कर रहे कर्मचारियों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा छेड़ा गया अभियान काफी सफल साबित हो रहा है। धीरे-धीरे परते खुल रही हैं और समाज के बीच शरीफों की जिंदगी व्यतीत करते हुए कश्मीर में खूनी खेल कर रहे इन राष्ट्र विरोधी तत्वों का पदार्फाश हो रहा है।

अपने इस अभियान को जारी रखते हुए जम्मू-कश्मीर सरकार ने कश्मीर घाटी में तीन सरकारी कर्मचारियों को आतंकवादी संगठनों से संबंध साबित होने पर नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। जिन लोगों के खिलाफ ये कार्रवाई की गई है, उनमें दो युवाओं के जीवन को दिशा देने वाले, जबकि एक आम जनता में सुरक्षा की भावना को कायम रखने वाला है।

नौकरी से बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में कश्मीर यूनिवर्सिटी में केमिस्ट्री के प्रोफेसर अल्ताफ हुसैन पंडित हैं, स्कूली शिक्षा विभाग में शिक्षक मोहम्मद मकबूल हाजम और जम्मू-कश्मीर पुलिस में कॉन्स्टेबल गुलाम रसूल शामिल हैं।

### 27 जिलों में तेज बारिश की चेतावनी

पटना। राजधानी सहित पूरे प्रदेश में पूरवइया हवा का प्रवाह बना हुआ है। देर रात में झमाझम बारिश के बाद सुबह में मौसम सुहाना बना रहा। हालांकि दिन चढ़ने पर फिर से उमस की स्थिति बन गई। उमस भरी गर्मी ने परेशानी बढ़ा दी है। मौसम के प्रभाव को देखते हुए मौसम विभाग ने 27 जिलों में तेज बारिश की चेतावनी दी है। साथ ही इन जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बिहार में बारिश का सिस्टम सक्रिय है। राज्य भर में दक्षिणी और पुरवा हवा का प्रभाव है। ये हवाएं अपने साथ काफी मात्रा में नमी ला रही हैं। इस वजह से उमस बढ़ गई है। ऐसे में तापमान चढ़ते ही बादलों का तेजी से निर्माण हो रहा है।

# पीएम के कुशीनगर व लखनऊ आगमन की तैयारी में जुटी सरकार

लखनऊ, एजेंसी



फाईल फोटो

**निर्देश**

- योगी का मंत्रियों को 16 के सभी कार्यक्रम रद करने का निर्देश, मोदी की मंत्रियों के साथ बैठक तथा भोज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 16 मई को कुशीनगर के बाद लखनऊ आगमन की तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद ही तैयारियों को परख रहे हैं। उन्होंने इसी दौरान सभी मंत्रियों को 16 मई के अपने सभी कार्यक्रम भी रद करने का निर्देश दिया है।

कुशीनगर में भगवान महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थल का दर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ पहुंचेंगे। लखनऊ में उनका प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रियों के साथ बैठक के साथ ही भोजन का भी कार्यक्रम है। इसी को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मंत्रियों को 16 मई के अपने सारे कार्यक्रम को रद करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश में सभी को 16 मई को लखनऊ में रहने को कहा गया है। बुद्धपूर्णिमा के अवसर पर पीएम मोदी 16 मई को नेपाल में भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी जाएंगे। लुम्बिनी से लौटते समय वह शाम को लखनऊ में रुकेंगे। उनके सम्मान में मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पांच, कालिदास मार्ग पर आयोजित होने वाले रात्रि भोज में राज्य सरकार के सभी मंत्री भी शामिल होंगे।

### अमानतुल्लाह खान को मिली जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की साकेत कोर्ट से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को जमानत मिल गई है। अमानतुल्लाह को उनके पांच समर्थकों के साथ बृहस्पतिवार शाम को गिरफ्तार किया गया था। उन पर दंगा भड़काने व सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद विधायक की पत्नी ने ट्वीट कर अपने पति की जान को खतरा बताया। विधायक व उनके समर्थकों को रात में कोर्ट में पेश किया गया था। जिसके बाद कोर्ट ने सभी को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को आदतन अपराधी घोषित किया है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि आप विधायक का कैरेक्टर बैड है। जामिया नगर एसएचओ ने आप विधायक को बैड कैरेक्टर सर्टिफिकेट देने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अब डीसीपी ने मंजूरी दे दी है।


विस्तृत खबर पृष्ठ 3 पर


**अतिक्रमण** केजरीवाल ने आप विधायकों की बुलाई मीटिंग, आदेश गुप्ता के घर, दफ्तर पर बुलडोजर चलाने की तैयारी

# दिल्ली में अतिक्रमण हटाने को लेकर सियासत गर्म

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में नगर निगम के द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम के द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर की जा रही कार्रवाई पर सियासत जारी है। इस बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निगम के अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई पर रणनीति बनाने को लेकर विधायकों की बैठक बुलाई है।

**सिसोदिया ने गृह मंत्री लिखा पत्र**

इससे पहले शुक्रवार दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में नगर निगम की सत्ता पर काबिज भाजपा द्वारा बुलडोजर कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा गया। पत्र के जरिए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुलडोजर कार्रवाई पर हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### बड़ी तबाही होगी : सिसोदिया



उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि दिल्ली की 70 फीसदी आबादी के घरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर करने की तैयारी में है। दिल्ली के ये दिल्ली ही नहीं पूरे देश में अब तक की सबसे बड़ी तबाही होगी।

### अवैध तरीके से बना है भाजपा अध्यक्ष का घर

आम आदमी पार्टी के दिल्ली नगर निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता का घर और दफ्तर अवैध तरीके से बना हुआ है। इस संबंध में मेयर और आयुक्त को भी शिकायत कर सूचित किया गया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### आदेश गुप्ता को आप का अल्टीमेटम



दुर्गेश पाठक ने नगर निगम से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए 11 बजे तक का अल्टीमेटम दिया है। आप नगर निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि सुबह 11 बजे तक भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता का अतिक्रमण नहीं हटता है तो आम आदमी पार्टी बुलडोजर से आवास और कार्यालय (अतिक्रमण) को ढहा देगी।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल बस से टकराया ट्रक, 12 विद्यार्थी घायल

सोनीपत। तीस बच्चों को स्कूल ले जा रही बस को शुक्रवार को जीटी रोड 44 पर गांव कुमासपुर के निकट ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 12 विद्यार्थी घायल हो गए। इनमें से पांच बच्चों को ज्यादा चोट लगी है। यह रुकमणी देवी स्कूल की बस है। घायल बच्चों, बस चालक और सहायक को निजी अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही अभिभावक अस्पताल पहुंच गए। पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रक को कब्जे लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। बहालगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ऋषिकांत ने बताया कि हादसा किसकी गलती से हुआ है, यह बस चालक से पूछताछ के बाद ही पता चलेगा।

### यमुनानगर : फंदे से लटक कर युवक ने की आत्महत्या

यमुनानगर। मानसिक रूप से परेशान युवक ने खेत में लगे पेड़ से फंदा लगाकर फांसी लगा ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर यमुनानगर के थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 8.30 बजे सूचना मिली कि खेत में लगे पेड़ से एक युवक के शव लटका है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया है। मृतक की पहचान अशोक कुमार निवासी औरंगाबाद के रूप में हुई है। परिजन के मुताबिक युवक मानसिक रूप से परेशान रहता था और शराब भी पीता था।

### नारनौल में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

नारनौल। न्यायिक परिसर नारनौल और कनीना में 14 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंजलि जैन ने दी। उन्होंने कहा कि इस अदालत में वाहन दुर्घटना मुआवजा केस, वैवाहिक मामले, जमीन अधिग्रहण मुआवजा संबंधित मामले, दीवानी मामलों (किराया, बैंक ऋण बच्चों व पत्नी के लिए भरण-पोषण, चैक बाउंस व राजीनामा) को निपटारे के लिए रखा जाएगा। लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन 01282-250322 पर फोन कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# सीएम धामी ने सुद्धोवाला में आईआरईबी के प्रशासनिक भवन का किया लोकार्पण

देहरादून, एजेंसी



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सुद्धोवाला स्थित आइआरबी द्वितीय के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण एवं द्वितीय चरण के भवनों का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश सभी विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पूरे चरम पर है। ऐसे में पुलिस की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालु देवभूमि से अच्छा संदेश लेकर जाएं, यह सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड पर्यटन प्रदेश है और पुलिस हमारी ब्रांड एंबेसडर है। पुलिस के ध्येय वाक्य मित्रता, सेवा और सुरक्षा को चरितार्थ करने के लिए पूरे मनोयोग काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा को लेकर सरकार लगातार मानिटरिंग कर रही है। बीते दो सालों में कोविड संक्रमण के कारण यात्रा नहीं चल पाई है। ऐसे में इस बार यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा हमारी चुनौती है, लेकिन सरकार इसे सुव्यवस्थित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। चारधाम यात्रा शुरू होने से पूर्व यात्रा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं कई महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई। चारधाम यात्रा से जुड़े सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बीते कुछ समय में चार धाम यात्रा में जितने भी घटनाएं हुई हैं, वह यात्रा में अव्यवस्था एवं भगदड़ मचने से नहीं, बल्कि अन्य स्वास्थ्यगत कारणों से हुई है। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा पर आने वाले नौजवानों से अनुरोध करते हुए कहा है कि नौजवान पहले बुजुर्ग एवं महिलाओं को दर्शन करने का मौका दें। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के

**सम्मेलन**
- देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालु देवभूमि से अच्छा संदेश लेकर जाएं, यह सबकी जिम्मेदारी: धामी

अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस विभाग नियमों का कड़ाई से पालन करें और अतिरिक्त सावधानी बरते। स्मार्ट पुलिसिंग के लिए तकनीक का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड नवोदित राज्य है। प्रदेश 22वें साल में पहुंच गया है। ऐसे में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि एसओजी, एसटीएफ, साइबर सेल जैसे अलग-अलग शाखाओं में काम करने वाले पुलिसकर्मियों की स्पेशल ट्रेनिंग कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पुलिसकर्मियों के कोविडकाल में किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करते हुए 10 हजार रुपये की सम्मान राशि दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1700 कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। सरकार आगे भी पुलिस जवानों की भर्ती प्रक्रिया कराएगी। उन्होंने कहा कि आइआरबी 3 बटालियन के गैरसैंण में गठन के लिए जो प्रस्ताव आया है, सरकार उसका परीक्षण करवाएगी। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि सरकार सरलीकरण, समाधान और संतुष्टि के भाव से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जवान हमेशा फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में काम करते हैं और चारधाम में भी पुलिस अपनी भूमिका बखूबी निभा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी यात्रियों के साथ विनम्रता का व्यवहार करें ताकि उत्तराखंड की छवि और बेहतर बनाया जा सके। अपर मुख्य सचिव ने पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चों पर विशेष जोर देते हुए उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने के सुझाव दिए। कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने आइआरबी के गठन, उसके उपयोग एवं भविष्य के कार्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# जी-जान से काम कर रहे भाजपा कार्यकर्ता: वीडी शर्मा

सीहोर, एजेंसी

शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा का राष्ट्रीय प्रशिक्षण वर्ग सीहोर के होटल ग्रेसेस में शुभारंभ हुआ। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष प्रशिक्षण वर्ग का मार्गदर्शन दिया। सबसे पहले महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानिथी श्रीनिवासन ने संबोधित करते हुए एक लाख कार्यकर्ता को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा है, जो धरातल पर उतर कर नीति-रीति से लोगों को अवगत कराएंगे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि देश के 70 प्रतिशत भाग में भाजपा कार्यकर्ता काम कर रहा है।

कार्यक्रम में सुश्री बग्गा ने बताया कि 13 मई से शुरू होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में अलग अलग दिन पार्टी एवं मोर्चा के राष्ट्रीय नेतागण प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। इस प्रशिक्षण में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय पदाधिकारी, राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यगण सहित संगठनात्मक 37 राज्यों के महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष और प्रत्येक राज्य से एक प्रशिक्षण प्रभारी एवं एक सह प्रभारी शामिल हुए।

राष्ट्रगान यूपी के मदरसों में शुरू होने जा रहा है, क्या मप्र में भी इसकी शुरुआत होगी। इस पर वीडी शर्मा ने कहा कि राष्ट्र की स्तुति तो होना ही चाहिए। राष्ट्रगान कोई हम पाकिस्तान में तो नहीं कह रहे राष्ट्रगान कराओ। हम तो मध्य प्रदेश के अंदर, उत्तर प्रदेश के अंदर, देश के कोने-कोने में शिक्षण संस्थान हैं, उसमें राष्ट्रगान हो, राष्ट्र की स्तुति हो, भारत माता की जय हो, तो क्या गलत है। ऐसा हो रहा है। यह निर्णय हुआ है, तो स्वागत योग्य है। ओबीसी आरक्षण में वीडी शर्मा ने कहा कि हम आज सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रख रहे हैं। जिस पर सुनवाई होगी। कोर्ट का निर्णय सर्वमान्य होगा। हमारी तैयारी पूरी हो चुकी है।

### स्मैक के मुद्दे पर व्यापार मंडल ने किया पुलिस कोतवाली के पास धरना-प्रदर्शन

**नैनीताल।** व्यापार मंडल मल्लीताल के पदाधिकारियों ने आज मल्लीताल पुलिस कोतवाली के समक्ष सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन नेगी की अगुवाई में किए गए इस प्रदर्शन में कहा गया कि नगर में जानलेवा स्मैक का मकड़जाल तेजी से फैलता जा रहा है। प्रशासन इसे रोकने में अपेक्षित भूमिका नहीं निभा पा रहा है। प्रशासन इस पर प्रभावी कार्रवाई करे। इसमें व्यापार मंडल भी हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। यह भी कहा गया कि मुख्यमंत्री के नैनीताल आगमन पर भी यह मुद्दा उठाया जाएगा। बताया गया है कि व्यापार मंडल की विगत दिवस आयोजित बैठक में भी यह मुद्दा उठा था, और तभी इस सांकेतिक प्रदर्शन का कार्यक्रम बना था। उल्लेखनीय है कि मुख्यालय में स्मैक के खिलाफ कार्रवाई और इस दिशा में पुलिस को सफलता मिलने का नितांत अभाव दिखाई दे रहा है, जबकि स्मैक का जाल युवाओं में फैलता जा रहा है। गत दिवस एक छात्र की आत्महत्या के पीछे भी स्मैक का ही कारण स्वयं पुलिस की ओर से संभावित किया गया था।

# शहरी विकास मंत्री ने डामरीकरण के कार्य का किया भूमि पूजन

ऋषिकेश, एजेंसी

शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने एम्स मार्ग का सीमा डेंटल के समीप डामरीकरण और निर्मल बाग विस्थापित के मुख्य मार्ग का एसटीपी तक डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया। इसके बाद अग्रवाल ने मौजूदा लोगों सहित विभागीय अधिकारियों में मिष्ठान वितरण किया और कहा कि ऋषिकेश विधानसभा में मूलभूत सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। 35 लाख रुपये की लागत से तीन किलोमीटर लंबे निर्मल बाग विस्थापित मुख्य मार्ग का एसटीपी तक तारकोल से डामरीकरण प्रारंभ किया जा रहा है।

इसके अलावा 13 लाख 25 हजार रुपये की लागत से 700 मीटर लंबे एम्स मार्ग का सीमा डेंटल कॉलेज के समीप एसडीबीसी से डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। जिसका लाभ स्थानीय लोगों सहित सैकड़ो लोगों को मिलेगा। अग्रवाल ने कहा कि वह दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करते हैं। इसी क्रम में उनकी ओर से पिछले 15 वर्षों में अनेकों विकास कार्य किये गये। हर जाति, हर वर्ग, हर धर्म के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऋषिकेश विधानसभा में उनकी ओर से विकास कार्य किये गए। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में पार्किंग की समस्या W2023 तक दूर होगी। यह कार्य मेरी प्राथमिकता में शामिल है।

इससे व्यापारियों सहित आने वाले पर्यटक, श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा और निश्चित रूप से पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। नगर के बीच में बने कूड़ा के ढेर से निजात दिलाने को 33 करोड़ रुपये ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए मेरे द्वारा वित्त मंत्री बनने के बाद स्वीकृत किये गए हैं। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश की जनता ने जो प्यार, आशीर्वाद मुझे दिया है, उसके लिए आभार व्यक्त करता हूं।

### मशहूर संतूर वादक पं. शिव कुमार शर्मा की अस्थियां गंगा में विसर्जित

**हरिद्वार।** प्रसिद्ध संतूर वादक पंडित शिव कुमार शर्मा की अस्थियां शुक्रवार को हरकी पैड़ी पर गंगा में वैदिक विधि-विधान के अनुसार विसर्जित की गई। उनके तीर्थ पुरोहित पंडित शांतनु ने अस्थित विसर्जन कर्म करवाया। अस्थि कलश लेकर शिव कुमार शर्मा के बेटे रोहित और शिष्य राहुल समेत पारिवारिक सदस्य विशाल शर्मा हरकी पैड़ी पहुंचे थे। पंडित शिवकुमार शर्मा के कुल पुरोहित पंडित शांतनु शर्मा ने बताया कि आज शिव कुमार शर्मा की अस्थियां उनके दोनों बेटे लेकर आए थे। जिनका पूरे विधि विधान से हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड पर अस्थि विसर्जन कराया गया। मंगलवार को पंडित शिव कुमार शर्मा का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। वे भारत के जाने माने शास्त्रीय संगीतकारों में से एक थे। उन्होंने फिल्मों में भी संगीत दिया था। पंडित शिवकुमार शर्मा को साल 1986 में संगीत नाटक अकेडमी अवॉर्ड मिला था। उन्हें 1991 में पद्मश्री और 2001 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया था। पंडित शिवकुमार शर्मा ने सिलसिला फिल्म के थीम सॉन्ग का संगीत भी तैयार किया था।

# मप्र: स्टार्टअप कॉन्क्लेव का शुभारंभ मंत्री ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

इंदौर, एजेंसी

- प्रदर्शनी में नए स्टार्टअप द्वारा अपने इनोवेशन और उद्यम को प्रदर्शित किया गया

मप्र स्टार्टअप कॉन्क्लेव का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। सबह करीब 11.30 बजे कॉन्क्लेव की शुरूआत हुई। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने यहां लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सचिव पी नरहरि, संचालक विशेष गढ़पाले भी उपस्थित थे। प्रदर्शनी में नए स्टार्टअप द्वारा अपने इनोवेशन और उद्यम को प्रदर्शित किया गया हैं। उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा एवं सांसद शंकर लालवानी ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

प्रदर्शनी के पहले सत्र में स्पीड मेंटरिंग सत्र हुआ। इसमें स्टार्टअप्स, शैक्षणिक संस्थानों तथा स्टार्टअप स्पेस के प्रमुख लीडर्स के साथ खुला संवाद किया। दोपहर 12 बजे से इस कैसे करें शुरू स्टार्टअप-सत्र में प्रतिभागियों को नीति-निमार्ताओं और निर्णयकताओं से जानकारी मिलेगी कि स्टार्टअप कैसे शुरू किया जाए। साथ ही स्टार्टअप में आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे किया जाए, पर भी जानकारी दी गई। इसके अलावा अलग-अलग सत्र हो रहे हैं। शाम को वर्चुअली जुड़ेंगे पीएम मोदी : शहर में एक दिवसीय स्टार्टअप कान्क्लेव की शुरूआत शुक्रवार सुबह साढ़े 11 बजे से हुई, यहां शाम को पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे और स्टार्टअप नीति लांच करेंगे। आज इंदौर में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप संगोष्ठी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे और राज्य की स्टार्ट-अप नीति तथा स्टार्ट-अप पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। बता दें, मध्य प्रदेश सरकार राज्य में स्टार्ट-अप इकाइयों के लिए कारोबार के अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन देने के लिए स्टार्ट-अप नीति लागू करने जा रही है।

### हरिद्वार के मुख्य चौराहा पर कार-स्कूटी की टक्कर

**हरिद्वार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में शिव मूर्ति चौक के पास गुरुवार देर रात कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवकों को हल्की चोटें आई। तभी दोनों पक्षों के बीच बहस हुई। कुछ ही देर में ये बहस मारपीट में बदल गई और फिर आपस में लात घूंसे चले। यह पूरी घटना वहां के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि गलती कार चालक की थी। कार में दो महिला और एक पुरुष सवार था। स्कूटी पर दो युवक थे। जब स्कूटी सवार युवकों ने कार सवार व्यक्ति को उसकी गलती के लिए टोका तो कार में बैठी एक महिला ने युवकों के साथ मारपीट करनी शुरू करी दी। इससे विवाद और बढ़ गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने कार के ड्राइवर को गाड़ी से उतारने के कोशिश की, लेकिन वो नहीं उतरा। इसके बाद गुस्साए लोगों ने कार का शीशा भी तोड़ दिया। इसके बाद भी कार का चालक गाड़ी से नहीं उतरा। इसी दौरान मौका देखते ही कार चालक महिला को बैठाकर वहां से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि जिस समय शहर के मुख्य चौराहे पर ये बवाल हो रहा था, उस दौरान पुलिस की एक जिप्सी वहां से गुजरी भी थी लेकिन उस गाड़ी में मौजूद पुलिस कर्मियों ने गाड़ी से उतरने की जहमत नहीं उठाई।

# जनसमस्याओं का अधिकारी त्वरित करें निस्तारण: ममगांई

ऋषिकेश, एजेंसी

**जनता दरबार**
- निगम के बापू ग्राम स्थित शाखा कार्यालय में लगा जनता दरबार
- विभागों के अधिकारियों के समक्ष जनता ने रखी विभिन्न समस्याएं

नगर निगम महापौर अनिता ममगांई ने कहा कि जनता की समस्याओं का अधिकारी गंभीरता से त्वरित निस्तारण की आदत डाल लें। इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनता दरबार में आयी शिकायतों का निस्तारण 15 दिनों के भीतर हर हाल में करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसमें लापरवाही की गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को महापौर की अध्यक्षता में बापू ग्राम स्थित निगम के शाखा कार्यालय में जनता दरबार आयोजित किया गया था। तमाम विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में महापौर ने जनसमस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। केवल कागजों में ही समस्याएं हल कराने में विश्वास रखने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

महापौर ने यह भी बताया कि शाखा कार्यालय में लगातार आधार कार्ड बनवाने का कार्य भी बेहद व्यवस्थित तरीके से जारी है। आधार कार्ड बनवाने से वंचित रह गये लोग कार्य दिवस पर अपना आधार कार्ड बनवा सकते हैं। पुलिस व राजस्व विभाग से संबंधित कुछ शिकायतों का मेयर ने अधिकारियों से वार्ता कर हल कराया। इसके बाद विधवा पेंशन, आधार कार्ड एवं अन्य प्रमाण पत्रों के बारे में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# मप्र सरकार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंची पुनर्विचार याचिका पर 17 को फैसला

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत (ग्राम, जनपद व जिला) और नगरीय निकाय (नगर परिषद, नगर पालिका व नगर निगम) के चुनाव में ओबीसी आरक्षण मामले में सरकार फरि सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। सरकार ने इस बारे में पुनर्विचार याचिका दाखिल की है। इस पर 17 मई को सुनवाई की जाएगी।

गृहमंत्री डाक्टर नरोत्तम मिश्रा ने इसके बाद मीडिया को पूरे मामले की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। उन्हों ने कहा कि सरकार चुनाव कराने को लेकर कृतसंकल्प है। उन्हों ने इस मामले में फरि कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्हो्ंने कहा कि यह स्थिति कांग्रेस के कारण बनी है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर तीनों रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश कर दी है ।पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने आज ही सरकार को रिपोर्ट सौंपी है और आज ही हमने रिपोर्ट पेश कर दी। उल्लेपखनीय है कि इससे पहले लंबे समय से चले आ रहे असमंजस को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दूर कर दिया। कोर्ट ने आदेश पारित कर राज्य निर्वाचन आयोग से स्पष्ट कहा है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के बिना ही चुनाव कराए जाएं। ओबीसी आरक्षित सीटों को अनारक्षित श्रेणी में अधिसूचित किया जाए। दो सप्ताह के भीतर चुनाव की अधिसूचना जारी करें। इसमें अब विलंब नहीं होना चाहिए। मगर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि फैसले का परीक्षण करने के बाद पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी।

जया ठाकुर, सैयद जाफर सहित अन्य की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि संविधान में स्पष्ट प्रविधान है कि पांच साल में चुनाव होने चाहिए। विशेष परिस्थिति में ये छह माह आगे बढ़ाए जा सकते हैं। इसका उल्लंघन करने का अधिकार न तो राज्य सरकार को है और न ही राज्य निर्वाचन आयोग को। कोर्ट ने फैसले में यह भी कहा कि जो राजनैतिक दल ओबीसी आरक्षण की तरफदारी कर रहे हैं वे अजा-अजजा के लिए आरक्षित सीटों को छोड़कर सामान्य वर्ग की सभी सीटों पर ओबीसी उम्मीदवार नामित करने को स्वतंत्र हैं। कोर्ट ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था होने के बावजूद मध्य प्रदेश में अभी वास्तविक स्थिति यह है कि 23,263 से ज्यादा स्थानीय निकाय दो वर्ष से ज्यादा समय से चुने हुए प्रतिनिधियों के बगैर काम कर रहे हैं। 321 शहरी स्थानीय निकाय हैं जहां 2019-20 से चुनाव नहीं हुआ है और करीब 23,073 पंचायत स्तरीय (रूरल लोकल बाडी) हैं, जहां चुनाव नहीं हुआ है। यह घोर आपत्तिजनक है।

### राजगढ़: युवती ने गांव के दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**राजगढ़।** जिले के बोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रनावा में रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने गांव के दो युवकों पर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शुक्रवार को मौके से फरार आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। थाना प्रभारी आरएन.राठौर के अनुसार ग्राम रनावा निवासी 19 वर्षीय युवती ने बताया कि 15 फरवरी को गांव के अजय पुत्र रामबाबू मीना ने शादी का झांसा देकर उसके साथ चलने के लिए कहा,अजय के कहने पर पड़ोस में रहने वाला कमलेश पुत्र बापूलाल मीना युवती को लेने के लिए उसके घर पहुंचा, जहां आरोपित कमलेश ने युवती के साथ जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती कमलेश मीना के साथ अजय के पास मिलने पहुंची, जहां से अजय उसे शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर पीथमपुर ले गया। अजय ने किराए के मकान में जान से मारने की धमकी देकर चार दिनों तक गलत काम किया।

# अधिकारियों की लापरवाही से नगर निगम बेहाल : भाटी

हरिद्वार, एजेंसी

नगर की बदहाल सफाई व्यवस्था व वार्डों में दवाओं के छिड़काव और फॉगिंग की उचित व्यवस्था न होने से आक्रोशित भाजपा पार्षदों ने नगर निगम गैराज का मौका मुआयना कर वाहनों की स्थिति का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरूद्ध भाटी के नेतृत्व में भाजपा पार्षद नगर निगम के गैराज पहुंचे और वहां खराब पड़े वाहनों का निरीक्षण किया। इस मौके पर भाटी ने कहा कि मेयर की संवेदनहीनता व निगम अधिकारियों की लापरवाही से नगर निगम बेहाल है। वार्डों में निजी कम्पनियां सही ढंग से कूड़ा नहीं उठा रही हैं तो दूसरी ओर कीटनाश दवाओं का छिड़काव व फॉगिंग भी समुचित रूप से वार्डों में नहीं हो रहा है। भाटी ने कहा कि मेयरपति नालों में घुसकर सफाई की नौटंकी करते थे, आज तक अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में मेयर ने नगर निगम कार्यालय व गैराज का स्थलीय निरीक्षण नहीं किया। उन्होंने बताया कि गैराज में नाला सफाई करने की नयी मशीन कंडम हालात में खड़ी है। गैराज में अनेक वाहन छोटी-छोटी कमियों के कारण खड़े हैं। भाजपा पार्षद चंदा एकत्रकर स्वयं अपने खर्च पर वाहनों की मरम्मत करवाएंगे। पार्षद विनित जौली ने आरोप लगाते हुए कहा कि मरम्मत के नाम पर लाखों का रुपये का भुगतान बाहर के गैराज को दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर विगत 22 वर्ष से गैराज में कार्यरत संविदा मिस्त्री को जो अल्प वेतन पर नगर निगम की गाड़ियों की मरम्मत कर रहे हैं, उन्हें हटाने की तैयारी की जा रही है। भाजपा पार्षद दल इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। गैराज के अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में एमएनए, जिलाधिकारी व शहरी विकास मंत्री को भी अवगत कराया जायेगा।

# हमें ऐसे लाखों नौजवानों की जरूरत है जो गांवों में काम कर सकें: शिवराज सिंह चौहान

भोपाल, एजेंसी

देश का पहला ग्रामीण जनजातीय तकनीकी प्रशिक्षण शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित किया जा रहा है। सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने इसका शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय अध्यक्ष जनजातीय मोर्चा समीर उरांव भी शामिल हुए।

क्रिस्प के प्रबंध संचालक डा. श्रीकांत पाटिल ने बताया कि कौशल एवं उद्यमिता मंत्रालय एवं राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से जनजातीय युवाओं के लिए संसदीय संकुल परियोजना शुरू की जा रही है। इसमें ग्रामीण जनजातीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।



- भोपाल में जनजातीय युवाओं के लिए संसदीय संकुल परियोजना का शुभारंभ

उन्होंने बताया कि प्रयोग के तौर पर देश का पहला प्रशिक्षण मध्य प्रदेश में हो रहा है। प्रदेश में सफलता के बाद इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा। 50 दिन का प्रशिक्षण शिविर रहेगा। जिसमें अलग-अलग विद्या का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले चरण में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र और ओडिशा से चयनित 17 जिलों के 17 समूहों के लगभग 250 लाभार्थी शामिल होंगे।

कार्यक्रम स्थरल पर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज ने लोक कलाकारों के साथ उनके पारंपरिक वाद्य यंत्र को बजाकर संगीत का आनंद लिया।

कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान मुख्यरमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सौभाग्य से देश को ऐसे प्रधानमंत्री मिलते हैं। जो विजनरी भी हैं और विजन को पूरा करने के लिये उनके पास आइडिया भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में जनजातीय भाई-बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान चल रहा है। मध्यप्रदेश में पेसा एक्ट लागू किया जा रहा है। वन ग्राम राजस्व ग्रामों में परिवर्तित किया गया है। आज मैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री होने के नाते यह कह रहा हूं कि हमें ऐसे लाखों नौजवानों की जरूरत है जो जो गांवों में काम कर सकें। हर ग्राम पंचायत में 4 ग्रामीण इंजीनियर चाहिये। 22,800 हमारी ग्राम पंचायते हैं, यहां भी ग्रामीण इंजीनियर चाहिये। उन्होंने आगे कहा कि हाथ में कौशल हो, तो आप प्राइवेट और सरकारी कार्य भी कर सकते हैं। जब तक अपने दिल में अपने गांव और शहर को बेहतर करने की तड़प पैदा नहीं होगी, तब तक परिवर्तन संभव नहीं है। हम सब मिलकर प्रयास करेंगे और अपने गांव एवं शहर को बदल देंगे।

मध्यप्रदेश में कोविड-19 के विरुद्ध हमने जनभागीदारी का एक नया मॉडल खड़ा किया और लोगों ने सरकार के साथ मिलकर प्रयास किया। जनभागीदारी के इस मॉडल की देश में सराहना हुई। मध्यप्रदेश में तेजी से निवेश आ रहा है। मेरे बेटे-बेटियों, शहर में तो तुम्हें काम मिलेगा ही, साथ ही गांव में भी रहने वाले युवाओं को रोजगार मिले, हम यह सुनिश्चित करेंगे। हमने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना बनाई है, जिसमें जनजातीय बेटा-बेटियों के लिए अलग कम्पोनेंट रखा है। उनको लोन, लोन की गारंटी देकर सशक्त बनाया जाएगा।

### ड्रोन के जरिए किसानों की समस्या हल कर रहे इंदौर के प्रयास

**इंदौर।** आवश्यकता ही अविष्कार की जननी है और छोटी-छोटी जरूरतों को पहचानकर युवाओं ने ऐसे वैचारिक अविष्कार किए जिनसे न केवल वे सफलता की इबारत लिख रहे हैं बल्कि दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करवा रहे हैं। इंदौर में आयोजित मप्र स्टार्टअप सम्मेलन में ऐसे सौ से अधिक युवा अपने नवीन विचारों के साथ शामिल हुए हैं। इनके स्टार्टअप और सफलता की कहानियां यहां आए हजारों युवा और विद्यार्थियों को करियर की नई राह दिखा रही है। इंदौर के प्रयास सक्सेना ने किसानों की समस्या सुलझाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल शुरू किया। वे बताते हैं, हमें शुरूआत में पैसों की जरूरत थी तो स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत लोन भी मिल गया था। हम ड्रोन बेचने के बजाए सेवा प्रदाता हैं। एक एकड़ में कीटनाशक का छिड़काव 500 रुपये में होता है। ड्रोन के कारण किसानों को हाथों से छिड़काव नहीं करना पड़ता है। कीटनाशक का छिड़काव करते हुए किसानों के हाथ खराब होते थे, पैदल चलने से फसल को भी नुकसान पहुंचता था।

# नैनीताल में शुरू होने जा रही 'द लेडी किलर' फिल्म की शूटिंग

नैनीताल, एजेंसी

- मुख्य भूमिका में दिखेंगे अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर
- बड़ी संख्या में स्थानीय कलाकारों को भी मिलेगा मौका

1958 में मधुमती फिल्म से बॉलीवुड की आंखों में बसी सरोवरनगरी नैनीताल में दो दिनों के बाद टी सिरीज के बड़े बैनर की फिल्म द लेडी किलर की शूटिंग होने जा रही है। इस फिल्म के साथ अभिनेता अर्जुन कपूर तीसरी बार नैनीताल में फिल्म की शूटिंग के लिए आ रहे हैं। इससे पूर्व वह औरंगजेब तथा संदीप और पिंकी फरार फिल्मों के लिए यहां आए थे। अर्जुन के कॅरियर की दूसरी फिल्म औरंगजेब की अधिकांश शूटिंग नगर के अयारपाटा क्षेत्र में जबकि संदीप और पिंकी फरार की पिथौरागढ़ में हुई थी। हल्द्वानी बस अड्डे पर भी इसके कुछ दृश्य फिल्माये गए थे।

अब वह द लेडी किलर फिल्म की शूटिंग के लिए यहां आ रहे हैं, जिसमें वह पहली बार अभिनेत्री भूमि पेडनेकर के साथ मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग पहले मार्च माह में और फिर इधर चार मई से होनी थी, लेकिन अब इसके 15 मई से शुरू होने की उम्मीद है। शूटिंग के एक से डेढ़ माह तक चलने की संभावना है। फिल्म के प्रोडक्शन से जुड़े स्थानीय लोगों के अनुसार फिल्म में 15 से 20 नैनीताल व हल्द्वानी के स्थानीय कलाकार द्वितीयक भूमिका में जब भीड़ के रूप में अन्य बहुत से लोग भी दिखाई देंगे। फिल्म के प्रोडक्शन से जुड़े संतोख बिष्ट ने बताया कि फिल्म की अधिकांश शूटिंग नगर के जूम लेंड, बलरामपुर होटल, सीआरएसटी, बेलवेडियर होटल, मॉल रोड स्थित लाइब्रेरी व ग्रांड होटल, अयारपाटा के एमले कॉटेज, डलहौजी हाउस व द फर्न हाउस तथा स्नो व्यू आदि स्थानों पर होने जा रही है। जूम लेंड में अभिनेता अर्जुन कपूर को एक कैमिस्ट की दुकान चलाते हुए दिखाया जाना है, इसके लिए शेट निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जबकि एक-दो दिनों में फिल्म की पूरी यूनिट के यहां पहुंचने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि फिल्म की शूटिंग गत 19 अप्रैल से हिमाचल प्रदेश के मनाली तथा लाहुल-स्पीति के केलांग में हो रही है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म नैनीताल पर आधारित है, इसलिए हिमाचल प्रदेश में भी गत 27 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस को उत्तराखंड परिवहन निगम की नैनीताल डिपो की बस बनाकर शूटिंग की गई थी। फिल्म निर्देशक अजय बहल के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का निर्माण दिवंगत गुलशन कुमार की टी-सीरीज कंपनी के सहयोग से उनके भाई ने भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और शैलेश आर सिंह द्वारा कर्मा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के सहयोग से निर्मित किया जा रहा है।

# भाजपा ने दिल्ली को तबाह करने के लिए बनाया बुलडोजर से वसूली का प्लान: मनीष सिसोदिया

## टुच्ची राजनीति कर पूरी दिल्ली को तहस-नहस करने में लगी भाजपा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा दिल्ली को तहस-नहस करते हुए बुलडोजर से वसूली करने का षड्यंत्र रच रही है। इस बाबत उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर भाजपा शासित एमसीडी द्वारा दिल्ली को बर्बाद करने से रोकने की बात कही शुक्रवार को एक प्रेस-कांफ्रेंस के दौरान उपमुख्यमंत्री ने ये जानकारी दी श्री सिसोदिया ने भाजपा के बुलडोजर से वसूली के षड्यंत्र का खुलासा करते हुए कहा बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में बुलडोजर से वसूली का बड़ा प्लान बनाया है और बुलडोजर से वसूली के लालच के कारण पूरी दिल्ली को तहस-नहस करने में लगी हुई है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली में 63 लाख लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की है आज भाजपा पूरी दिल्ली में



बुलडोजर लेकर घूम रही है क्योंकि उसने दिल्ली के 63 लाख लोगों को बेघर करने का पूरा प्लान बना लिया है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की कच्ची कॉलोनियों और झुग्गियों में बने घरों में 60 लाख लोग रहते है और भाजपा का इन सबको तोड़ने का प्लान है। पहले तो भाजपा के नेताओं ने पैसे लेकर इन्हें अवैध तरीके से बसाया और फिर उन्हें तोड़ रही है। और इसके साथ-साथ डीडीए कॉलोनी में यदि किसी ने बालकनी-छज्जा बनाने या घरों में छोटे-मोटे अल्टेशन करने वाले 3 लाख लोगों के मकानों को भी तोड़ेगी भाजपा दिल्ली की 70% आबादी के घरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर करने की तैयारी में है। दिल्ली के ये दिल्ली ही नहीं पूरे देश में अबतक की सबसे बड़ी

**जानकारी**

- उपमुख्यमंत्री ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी कहा बुलडोजर की राजनीति कर रहे भाजपा के नेताओं को दिल्ली को तबाह करने से रोकें गृहमंत्री
- केजरीवाल सरकार हर कदम पर दिल्ली की जनता के साथ, चाहे हमें जेल जाना पड़े लेकिन बुलडोजर की इस राजनीति को रोककर दिल्ली की जनता को तबाह होने से बचायेंगे: उपमुख्यमंत्री

तबाही होगी। श्री सिसोदिया ने कहा कि भाजपा का एमसीडी में कार्यकाल पूरा हो चुका है फिर भी वो वसूली के लिए बुलडोजर लेकर घूम रही है।

आम आदमी पार्टी, भाजपा के बुलडोजर से वसूली के इस टुच्ची राजनीति का विरोध करती है। आज भारतीय जनता पार्टी की वजह से पूरी दिल्ली की जनता पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने दिल्ली को जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का 1-1 कार्यकर्ता और दिल्ली सरकार दिल्ली के लोगों के साथ खड़ी है। चाहे हमें जेल जाना पड़े लेकिन बुलडोजर को रोककर दिल्ली की जनता को तबाह होने से बचायेंगे।

श्री सिसोदिया ने चिट्ठी के माध्यम से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी का 63 लाख लोगों कर घरों को तोड़ने का प्लान ऐसे ही चलता रहा तो पूरी दिल्ली में हाहाकार मच जाएगा इसलिए इसे समय रहते रोका जाए और गृह मंत्री भाजपा के नेताओं को समझाएं कि वे ऐसी हरकतें करना बंद करें और उन लोगों की जवाबदेही तय करें जिन्होंने पैसे लेकर 17 सालों में ये निर्माण होने दिए आम जनता के घरों पर बुलडोजर चलाने से पहले भाजपा के इन नेताओं के घरों पर बुलडोजर चलाया जाए और जबतक जवाबदेही तय होकर इन नेताओं के खिलाफ एक्शन नहीं लिया जाता तबतक बुलडोजर की इस राजनीति को पूरी तरह से रोका जाए।

# भाजपा के अन्याय पर सत्य व न्याय की जीत, दिल्ली की कोर्ट ने आप विधायक को दी जमानत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा के अन्याय पर सच्चाई और न्याय की जीत हुई है। दिल्ली की अदालत ने आप विधायक अमानतुल्लाह खान को जमानत दे दी है। विधायक अमानतुल्लाह खान को कल भाजपा के इशारे पर दिल्ली पुलिस ने द्वेषपूर्ण तरीके से गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को उनकी अनुचित कार्रवाई के लिए कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने इस तथ्य पर ध्यान दिया कि जांच अधिकारी द्वारा गिरफ्तारी में आप विधायक की गिरफ्तारी का कोई कारण नहीं बताया गया था।

आप विधायक अमानतुल्लाह खान को आज साकेत कोर्ट ने जमानत दे दी। दिल्ली पुलिस द्वारा आप विधायक को संदिग्ध रूप से हिरासत में लेने और गिरफ्तार करने के बाद अदालत में जमानत याचिका दायर की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता ने वकीलों की एक टीम के साथ अदालत में आप विधायक का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने विधायक को कुछ भी गलत नहीं करने के बावजूद गिरफ्तार किया था। अदालत ने मामले को गंभीरता से लिया और दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के लिए उनकी खिंचाई की और विधायक को जमानत दे दी। वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता ने साकेत कोर्ट में तथ्य पेश किए कि आप विधायक अमानतुल्ला खान एक निर्दोष व्यक्ति और एक जन सेवक हैं। उनका शोषित अपराध से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि विधायक ने कुछ भी अवैध नहीं किया है क्योंकि वह लोगों के प्रतिनिधि हैं। बिना किसी हथियार के शांतिपूर्वक अपना विरोध दर्ज कराने के लिए वहां गए थे। वर्तमान मामले में अब अमानतुल्लाह खान को हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं है और उन्हें सलाखों के पीछे रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

दिल्ली पुलिस को उनकी अनुचित कार्रवाई के लिए फटकार लगाते हुए अदालत ने कहा कि यह कानून का एक स्थापित सिद्धांत है कि जमानत नियम और जेल अपवाद है। आईओ द्वारा गिरफ्तारी में विधायक की गिरफ्तारी का कोई कारण नहीं बताया गया है। इसके अलावा विधायक अपने साथ कोई हथियार नहीं ले जा रहे थे। अमानतुल्लाह खान एक निर्वाचित जन प्रतिनिधि हैं और एक विधायक होने के नाते उनसे यह उम्मीद की जाती है कि वह कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयास करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### कार का शिशा तोड़कर तीन वाहन किया चोरी

नई दिल्ली। रोहिणी सेक्टर सात में तीन वाहन चोर शीशा तोड़कर कार चोरी करके ले गए। पुलिस मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपितों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। आढ़ती बबलू पांडेय ने बताया कि वह पहले रोहिणी सेक्टर 16 में रहते थे और दो महीने पहले ही रोहिणी सेक्टर सात में शिफ्ट हुए हैं। बुधवार रात को उन्होंने अपनी मारुति ब्रेजा कार घर के बाहर खड़ी की थी। गुरुवार तड़के करीब साढ़े चार बजे उनकी कार चोरी हो गई। उन्होंने बताया कि दस मीटर पर ही पुलिस बूथ है, फिर भी चोर गाड़ी चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि बुधवार तड़के आरोपित मारुति बेलिनो कार में सवार होकर आए थे।

### जामिया मिलिया ने स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए अवेदन तिथि 25 मई तक बढ़ाई

नई दिल्ली। जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) ने शुक्रवार को स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 25 मई तक बढ़ा दी है। इससे पहले नामांकन के लिए आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 13 मई थी। जेएमआई के सभी पाठ्यक्रमों के लिए पंजीयन कराने की समय सीमा बढ़ा दी गयी है। इन पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा और डिप्लोमा कार्यक्रम शामिल है। हालांकि पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए यह तिथि नहीं बढाई गयी है। विश्वविद्यालय ने कहा है कि ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के लिए पंजीकरण की तिथि 22 मई तक बढ़ा दी गयी है।

### रंजिश में ईंट से सिर फोड़ा, कार के शीशे तोड़े

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास में रंजिश के चलते पांच-छह लोगों ने एक युवक पर ईंट से वार कर सिर फोड़ दिया। इसके बाद उसकी कार के शीशे तोड़ दिए। घायल 31 वर्षीय रविंद्र कुमार उर्फ रवि को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित रविंद्र कुमार परिवार के साथ खजूरी खास के शेरपुर गांव में रहते हैं। वह इलाके में रहने वाले चौधरी सुग्रीव की कार चलाते हैं। आरोपी राजा उर्फ राजेंद्र भी उनके घर के पास रहता है। कार चलाने को लेकर रविंद्र व राजा के बीच रंजिश चल रही है। नौ मई की रात रविंद्र पड़ोस की दुकान पर एक जानकार का नंबर पूछने गए थे, वहां राजा पहले से मौजूद था। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। राजा ने परिजन व दोस्तों को बुला लिया। इसके बाद सभी ने रविंद्र पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए रविंद्र के माता-पिता को भी धक्का देकर गिरा दिया।

### सदर बाजार में मार्ग का नामकरण किया

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह और बिहार सरकार के मंत्री शाहनवाज हुसैन ने सदर बाजार में स्वर्गीय पंडित खेमचंद शर्मा के नाम से मार्ग का नामकरण किया। इस मौके पर पूर्व महापौर जयप्रकाश सहित निगम अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय पंडित खेमचंद शर्मा एक धार्मिक तथा सामाजिक व्यक्ति थे। वह अनेक धार्मिक संस्थाओं से जुड़े थे और सदैव लोगों के दुख-सुख में शामिल होते थे। समाज में उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को लोग याद करते हैं।

# शादी के नाम पर ठगी करने वाले युवक को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस ने शादी के नाम पर 100 से ज्यादा लड़कियों से ही ठगी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान 35 वर्षीय फरहान तासीर खान के रूप में हुई है। उसके पास से एक बीएमडब्ल्यू कार, कई एटीएम कार्ड, कीमती घड़ी और मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। फरहान ओडिशा के रहने वाला है। उसके खिलाफ दिल्ली पुलिस की साउथ दिल्ली के साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया था।

पुलिस ने बताया कि इसी साल मार्च महीने में दिल्ली एम्स में कार्यरत एक महिला डॉक्टर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने खुद को अविवाहित बताते हुए जीवनाथी डॉट कॉम पोर्टल पर उससे संपर्क किया था। इसके बाद उन दोनों के बीच वॉट्सएप चैटिंग और फोन कॉल के माध्यम से बातचीत होने लगी। इस दौरान शादी का झांसा देकर और बड़ी बिजनेस डील के लिए अपनी जरूरतों को दिखाते हुए उस व्यक्ति ने धीरे-धीरे कर उससे लगभग 15 लाख रुपये ले लिए थे। फरहान तक पहुंचने के लिए इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मैट्रिमोनियल साइट्स, टीएसयू, बैंकों और अन्य पोर्टलों से आरोपी की डिटेल एकत्रित की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपी ने जीवनाथी डॉट कॉम पर कई प्रोफाइल आईडी बनाई थीं और यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात, दिल्ली, पंजाब, मुंबई, ओडिशा, कर्नाटक और देश के अन्य शहरों में कई लड़कियों के साथ बात की थी। वह खुद को अविवाहित और उसके परिवार में कोई व्यक्ति नहीं होने की बात कहकर अपने झांसे में फंसाता था। इस मामले में दस्तावेजों और डिटेल को एकत्र कर अपराधी को ट्रैक किया गया और आखिरकार उसे पकड़ लिया गया। जांच में पाया गया कि उसने भारत के विभिन्न शहरों की 100 से अधिक लड़कियों के साथ शादी का झूठा वादा किया था। वह लड़कियों से पैसे भी लेता था। वह अपना रौब झाड़ने के लिए वीआईपी नंबर 0005 वाली बीएमडब्ल्यू कार में लड़कियों से मुलाकात करता था और फिर बातों में फंसाने के बाद अपने बिजनेस सेटअप और आगे की जरूरतों के लिए उनसे पैसे मांगता था।

## पुलिस और सांसद ने की आम लोगों के साथ जिला स्तरीय मीटिंग

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के डीसीपी ऑफिस कॉम्प्लेक्स में पश्चिमी दिल्ली के सांसद के साथ द्वारका के लोगों ने मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में संसद के अलावा, पुलिस कप्तान और द्वारका जिले के सभी थानों के एसएचओ भी मौजूद थे। इस मीटिंग का उद्देश्य पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर तालमेल और विश्वास स्थापित करना था। इस मीटिंग में आम जनों, आरडब्लूए और एमडब्लूए के प्रतिनिधियों ने पुलिस की कार्रवाई को लेकर अपनी शिकायत और सुझावों को उनसे साझा किया। इस मीटिंग में जिले के 200 लोगों ने अपनी शिकायतें और सुझाव सांसद और कप्तान को दिए। इनमें से कुछ ने पुलिस की कार्रवाई को लेकर नाराजगी जाहिर की तो कुछ ने संतोष जताया। इस दौरान सांसद ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि पुलिस काम नहीं कर रही है। नतीजा आने में समय जरूर लगता है। हालांकि लोगों की अपेक्षाएं पुलिस से बहुत ज्यादा है, इसलिए वो तुरंत ही परिणाम की उम्मीद करते हैं।इस मीटिंग का आयोजन इन्हीं उद्देश्यों से किया गया, जिससे लोग पुलिस की परेशानियों को समझ सकें और पुलिस आम जनों की समस्या को सुन सकें।

# मंगोलपुरी में स्टेडियम और अन्य इलाकों में चलाया गया अतिक्रमण रोधी अभियान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तरी और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के प्राधिकारियों ने मंगोलपुरी में एक स्टेडियम समेत शहर के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू किया। स्टेडियम में कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा जमा लिया था, जो उसके परिसर में मवेशी भी ले आए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह संपत्ति एनडीएमसी के शिक्षा विभाग के तहत आती है।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मंगोलपुरी में शहीद भगत सिंह स्टेडियम में कार्रवाई चल रही है, जहां कुछ लोगों ने अंदरुनी इलाके में अतिक्रमण कर लिया और उसके परिसर में मवेशी भी लाए गए। अधिकारियों ने बताया कि समयपुरी बादली और करोल बाग जोन के प्रेम नगर में भी अतिक्रमण रोधी अभियान चल रहा है, जहां पहले भी कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि एनडीएमसी प्राधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बवाना इलाके में स्थानीय पुलिस को



पत्र लिखकर शुक्रवार को मांस की अनधिकृत दुकानों और अवैध ढांचों को हटाने की कार्रवाई के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मी उपलब्ध कराने के लिए कहा था। उन्होंने शुक्रवार को समयपुर बादली से लेकर रोहिणी मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-18 तक के इलाके में अतिक्रमण रोधी अभियान चलाने के लिए भी पुलिस कर्मियों को मौजूद रहने को कहा। दक्षिण दिल्ली नगर निगम पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में भी ऐसा ही अभियान चला रहा है। दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के प्रवर्तन प्रकोष्ठ के दल पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर के साथ ख्याला पहुंचे और उन्होंने अस्थायी ढांचों और झुग्गियों को हटाना शुरू कर दिया।

एसडीएमसी के एक अधिकारी ने कहा, विष्णु गार्डन मेट्रो स्टेशन के समीप ख्याला में अभियान शुरू हो गया है। हमारे पास इस अभियान को चलाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल है। अभी तक कोई प्रदर्शन नहीं हुआ है। अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर और नजफगढ़ मंडल में गोयला डेयरी इलाके में भी अभियान चलाया जाना है। नगर निगम प्राधिकारियों ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया था, जिसके बाद हिंसक प्रदर्शन हुए और मदनपुर खादर इलाके में पथराव हुआ, जहां स्थानीय लोगों ने दावा किया कि वैध ढांचों पर भी बुलडोजर चलाया गया।

**अभियान**

- दक्षिण दिल्ली नगर निगम पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में भी ऐसा ही अभियान चला रहा है

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने मदनपुर खादर और धीरसेन मार्ग पर अभियान चलाया जबकि उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) ने रोहिणी और करोल बाग में आने वाले उसके इलाकों में कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को अभियान में बाधा डालने के लिए अन्य लोगों के साथ हिरासत में लिया गया है। वह मदनपुर खादर में एक प्रदर्शन में शामिल थे।

# दिल्ली पुलिस ने विधायक अमानतुल्लाह को बैड कैरेक्टर किया घोषित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजाधानी दिल्ली में अतिक्रमण के खिलाफ निगम का अभियान जारी है। निगम की ओर से बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को गिराया जा रहा है। निगम के बुलडोजर अभियान को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। आप विधायक अमानतुल्लाह खान की पत्नी की अपील पर शुक्रवार को शाहीन बाग की अधिकांश दुकानें बंद रही।

वहीं, ओखला से आप विधायक अमानतुल्लाह खान को दिल्ली पुलिस ने बीसी यानी बैड कैरेक्टर घोषित किया है। एसएचओ जामिया नगर ने 28 मार्च को यह प्रस्ताव डीसीपी को भेजा था। उन्होंने कहा था कि अमानतुल्लाह खान पर विभिन्न धाराओं में 18 मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल आप विधायक को बैड कैरेक्टर घोषित करने का फरमान जारी



किया गया है। निगम ने शाहीन बाग में अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोर चलाया था। निगम की इस कार्रवाई का आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने विरोध किया था।

इसके बाद आप विधायक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी और सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। हालांकि बाद में आप विधायक को जमानत मिल गई। लेकिन निगम की शाहीन बाग में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में और आप विधायक अमानतुल्लाह खान की पत्नी की अपील पर शुक्रवार को तमाम दुकानें बंद रही। अधिकांश लोगों ने निगम की अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई है। अतिक्रमण के खिलाफ शाहीन बाग में हुई कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को बाटला हाउस, शाहीन बाग, अबुल फजल बाजार बंद रहे। यहां सुबह से लेकर शाम तक दुकानों पर कोई खरीदारी नहीं हो सकी।

## 580 किलो काजू चोरी करने वाले 36 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** चर्च मिशन चौकी पुलिस 580 किलो ग्राम काजू की चोरी की वारदात को 36 घंटे के भीतर बुधवार को सुलझा लिया है। पुलिस ने सारा सामान बरामद करते हुए चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपियोंऔर एक रिसीवर को भी गिरफ्तार किया है। डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि 9 मई की रात को गांधी गली स्थित दुकान में चोरी की वारदात हुई थी। एफआईआर दर्ज कर चर्च मिशन चौकी प्रभारी एसआई प्रवीन भारद्वाज की टीम ने सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। सौ से अधिक कैमरे खंगालने के बाद कुछ संदिग्धों की तस्वीर मिली। जमानत से छूटे अपराधियों की शक्ल से मिलाने के बाद पहचान की फिर सुधीर महतो और अनूप को गिरफ्तार कर लिया। इन्होंने बताया कि चोरी के काजू ज्योति नगर में रहने वाले अनूप को दो लाख 65 हजार में बेच दिए हैं। पुलिस ने अनूप को गिरफ्तार कर पूरा काजू बरामद कर लिया। बरामद काजू की कीमत छह लाख रुपये बताई जा रही है।

# दिल्ली के गायब दिल पर क्या बोले सोनू सूद, दिल का मामला है दोस्त सोच समझ के देना पड़ेगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के करोलबाग इलाके में नगर निगम की ओर से सेल्फी प्वाइंट डेवलप किया गया था। यहां पहुंचने के बाद अक्सर युवा अपने मोबाइल से फोटो क्लिक करते हुए दिख जाते थे। कई बार पूरा परिवार ही यहां रूककर फोटो खींचकर उसे इंटरनेट मीडिया पर शेयर करता था। इस प्वाइंट पर I LOVE DELHI (आइलव दिल्ली) लिखा हुआ था। मगर कुछ दिन पहले किसी शरारती तत्व ने यहां लगे दिल को चोरी कर लिया।




अब ये चोरी हुआ दिल मीडिया की सुर्खियों में बना हुआ है। इंटरनेट मीडिया पर इसी की चर्चा हो रही है कि आखिर ये दिल किसने चोरी कर लिया। अब इस सेल्फी प्वाइंट पर सिर्फ आइ दिल्ली लिखा हुआ रह गया है जबकि बीच में लाल रंग से बनाकर लगाया गया दिल गायब है। इंटरनेट मीडिया पर अब पिंकी नाम की एक रेडियो जाकी ने अभिनेता सोनू सूद से भी इस चोरी हुए दिल को उसकी जगह पर पहुंचाने का निवेदन किया है। उन्होंने सोनू सूद को टैग करते हुए लिखा है कि दिल्ली का दिल उस तक पहुँचा दो। रेडियो जाकी के उस निवेदन पर सोनू सूद ने मजाकिया लहजे में जवाब भी दिया है। अपने को टैग किए गए उस ट्वीट का जवाब देते हुए सोनू सूद ने लिखा है कि दिल का मामला है दोस्त सोच समझ के देना पड़ेगा। मालूम हो कि बीते दिनों इसी जगह पर किसी ने कागज का एक बड़ा सा दिल लगा दिया है, लगाने वाले ने इस कागज के दिल पर लिखा कि दिल तो आखिर दिल है, चाहे प्लास्टिक हो या कागज, इस चुराए दिल की फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल है। और तो और इस सेल्फी प्वाइंट से दिल चोरी हो जाने के बाद हजारों की संख्या में मीम्स भी वायरल हो गए। इस दिल को लेकर कोई कुछ कह रहा है तो कोई कुछ कमेंट कर रहा है। यह सेल्फी पॉइंट की जगह अब टॉकिंग पॉइंट बन गया है मगर अभी तक ये पता नहीं चला है कि यह काम किसका है।

# पूरी दिल्ली को तबाह करने वाली भाजपा शासित एमसीडी के किसी भी नेता या अधिकारी के खिलाफ अबतक बुलडोजर कार्रवाई क्यों नहीं?: दुर्गेश पाठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने भाजपा शासित एमसीडी को चुनौती दी है कि यदि कल सुबह 11 बजे तक भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के घर और दफ्तर को नहीं तोड़ा गया तो आम आदमी पार्टी कल खुद बुलडोजर चलाकर इसपर कार्रवाई करेगी। आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि आदेश गुप्ता के घर और दफ्तर का निर्माण अवैध है, बावजूद इसके अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

आम आदमी पार्टी ने एमसीडी के मेयर और कमिश्नर को शिकायत लिख आदेश गुप्ता के घर और दफ्तर पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। दुर्गेश पाठक का कहना है कि पूरी दिल्ली को तबाह करने वाली भाजपा शासित एमसीडी के किसी नेता या किसी अधिकारी के खिलाफ अबतक



बुलडोजर कार्रवाई क्यों नहीं हुई है? आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पूरी दिल्ली में तबाही मचा रखी है। उनके कार्यकर्ता और पार्टी संगठन के लोग पूरी दिल्ली में घूम-घूमकर लोगों को धमका रहे हैं कि इतने पैसे दो नहीं तो आपका घर तुड़वा देंगे। गरीबों के घर तोड़े जा रहे हैं। अनधिकृत कॉलोनियों में घर तोड़े जा रहे हैं। झुग्गयां तोड़ी जा रही हैं। लेकिन भाजपा शासित एमसीडी के किसी भी नेता किसी भी अधिकारी के घर पर अबतक बुलडोजर नहीं चला है। जबकी खुद भाजपा शासित एमसीडी ने पिछले 17 सालों में यह

**कार्रवाई**

- बीजेपी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के घर और दफ्तर का निर्माण अवैध, बावजूद इसके अबतक कोई कार्रवाई नहीं: दुर्गेश पाठक

सारा अवैध निर्माण करवाया। आप नेता ने कहा कि कुछ दिनों पहले खुद मीडिया ने न्यूज चलाया कि भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता का घर अवैध तरीके बनाया गया है। उन्होंने सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ है। जो नक्शा उन्होंने एमसीडी से पास करवाया, उनका घर उस नक्शे के अनुसार बना ही नहीं है। लेकिन आदेश गुप्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। हमने आपको बताया था कि आदेश गुप्ता आपना राजनीतिक दफ्तर एमसीडी के स्कूल में चला रहे हैं। यह स्कूल वेस्ट पटेल नगर में 28 व 32 ब्लॉक के सामने बना हुआ है। स्कूल की जमीन पर कब्जा करके दफ्तर बनाया गया है। इसपर कोई कार्रवाई क्यों नहीं कराई गई? इसका मतलब है कि भाजपा सिर्फ और सिर्फ दिल्ली वालों को परेशान करने में लगी हुई।

कुछ दस्तावेज पेश करते हुए दुर्गेश पाठक ने कहा कि हमने एमसीडी के मेयर और कमिश्नर को आधिकारिक शिकायत लिखी है कि आदेश गुप्ता के घर और दफ्तर के अतिक्रमण की जांच कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। लेकिन स्पष्ट है शिकायक के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। मैं भाजपा शासित एमसीडी को यह चुनौती देता हूं कि यदि कल 11 बजे तक आदेश गुप्ता के घर और दफ्तर के अतिक्रमण को नहीं तोड़ा गया तो आम आदमी पार्टी कल खुद जाकर आदेश गुप्ता के घर और दफ्तर पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई करेगी।

# रोहिणी सेक्टर 25 में पानी की समस्या से लोग परेशान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में गर्मी बढ़ते ही पानी का संकट शुरू हो गया है। दिल्ली के पॉश इलाकों में से एक बवाना विधानसभा के रोहिणी सेक्टर 25 में पानी की समस्या से जूझते स्थानीय लोग नजर आए। स्थानीय लोगों ने दिल्ली सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि पानी का दावा करने वाले दिल्लीवासियों तक पानी पहुंचाने वाली दिल्ली सरकार नाकाम साबित हो रही है। दिल्ली में फ्री बिजली और पानी के मुद्दे पर सरकार बनाने आम आदमी पार्टी के मुखिया दिल्लीवासियों तक पानी पहुंचाने में नाकाम साबित दिख रहे हैं। आमतौर पर गर्मी का मौसम आते ही राजधानी में हर बार पानी की समस्या देखने को मिलती है। एक बार फिर से दिल्ली के तमाम इलाकों में पानी की समस्याएं सामने आ रही हैं। आलम यह है कि दिल्ली के पॉश इलाकों में से एक रोहिणी में भी लोग पानी की समस्या से जूझते दिख रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ:- (i) निविदा सूचना संख्या 08/2022-2023 दिनांक 29.04.2022 / क्रमांक 02. (ii) निविदा संख्या 03215267 को देय दिनांक 25.05.2022** उपरोक्त निविदा के संदर्भ में निरिक्षण एजेन्सी राइटस टू कन्साइनी में बदलाव हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहती हैं। शुद्धि पत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1131/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
**(ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | रेल भवन, नई दिल्ली में तीसरी मंजिल पर युद्ध कक्ष के लिए दूरसंचार सुविधा का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 11889702.41/- मात्र |
| निविदा–प्रपत्र शुल्क (₹) | ₹ 209500.00/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 0/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055. |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 06.06.2022 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055. |

निविदा संख्याः 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–947
दिनांकः 13.05.2022
1135/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 14 मई, 2022


## संक्षिप्त खबरें

### सीयूईटी क्रैश कोर्स के लिए 12 हजार फीस का विरोध

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेज एक तरफ जहां ऑनलाइन वेबिनार कर सीयूईटी प्रवेश परीक्षा की जानकारी, तकनीकी सलाह और परीक्षा के अभ्यास की तैयारी का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, डीयू से संबद्ध रामानुजन कॉलेज द्वारा एक अन्य संस्था के सहयोग से सीयूईटी क्रैश कोर्स के लिए जारी एक पोस्टर पर विवाद हो गया है। इसमें 12 हजार रुपये की फीस के साथ सीयूईटी की तैयारी की बात लिखी है। कई शिक्षक कॉलेज प्रशासन को कोचिंग प्रथा को बढ़ावा देने, पैसा कमाने सहित तमाम आरोप लगा रहे हैं।

### साइबर जालसाजों ने महिला के खाते से डेढ़ लाख रुपये उड़ाए

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में जालसाजों ने एक महिला से करीब डेढ़ लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता 35 वर्षीय फरहीन परवीन परिवार के साथ मंडावली इलाके में रहती हैं। पीड़िता के अनुसार, उन्होंने एक शॉपिंग ऐप से कुछ सामान मंगवाया था, सामान खराब होने पर उसे वापस कर दिया। लेकिन उनके खाते में उसके रुपये वापस नहीं आए। उन्होंने ऐप कंपनी में इसकी शिकायत करने के लिए गूगल से कंपनी का ग्राहक सेवा नंबर लिया। फोन करने पर उनके खाते में रुपये भेजने की बात कही गई। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता से फोन-पे का क्यूआर कोड मांगा। पीड़िता के क्यूआर कोड भेजते ही आरोपी ने उनके खाते से करीब 52 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। आरोपी ने पीड़िता को ट्रांसफर में समस्या बताकर उनके पति के डेबिट कार्ड की जानकारी मांग ली और उनके खाते से करीब एक लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए।

### सोशल मीडिया पर महिला पर नजर रखने के आरोप में दिल्ली का व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर महिला पर कथित तौर पर नजर रखने को लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से 25 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुरप्रीत सिंह के रूप में की गयी है और वह तिलक नगर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी जिसमें उसने कहा था कि सोशल मीडिया पर 14 फरवरी से ही एक अज्ञात व्यक्ति उसकी गतिविधियों पर नजर रख रहा है।

# न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए किसी भी चीज की कमी नहीं होने देंगे : अरविंद केजरीवाल

## कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में बनाई गई नई बिल्डिंग का हुआ उद्घाटन, नई बिल्डिंग में 44 कोर्ट रूम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



हमारा प्रयास है कि सबके साथ मिलकर हम आने वाले समय में दिल्ली की ज्युडिशियरी को एक मॉडल के रूप में पूरे देश के सामने प्रस्तुत कर सकें। न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए, दिल्ली सरकार की तरफ से हम किसी भी चीज की कमी नहीं होने देंगे। हम लोगों ने पांच साल में दिल्ली की जुडिशियरी के बजट को 660 करोड़ रुपए से बढ़ाकर दो हजार करोड़ रुपए कर दिया।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में बनाई गई नई बिल्डिंग के उद्घाटन समारोह के दौरान यह बात कही। कोर्ट की नई बिल्डिंग में 44 कोर्ट रूम हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार ने नवंबर 2019 में वकीलों के लिए वेलफेयर स्कीम शुरू की और इसमें अब तक 30 हजार वकील पंजीकृत हो चुके हैं। कोरोना के समय वेलफेयर स्कीम के तहत 1867 वकीलों को मेडिकल इंश्योरेंस और 157 को लाइफ इंश्योरेंस का फायदा मिला। अभी तक मेडिकल इंश्योरेंस के 21 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं और लाइफ इंश्योरेंस के 15.70 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

दिल्ली सरकार द्वारा कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में बनाई गई नई कोर्ट बिल्डिंग का आज उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय संजय किशन कौल ने केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में नई कोर्ट बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी, बीएमसीसी के अध्यक्ष न्यायाधीश नजमी वजीरी, न्यायाधीश तलवंत सिंह, दिल्ली हाईकोर्ट और कड़कड़डूमा कोर्ट के न्यायाधीश और दिल्ली पुलिस कमिश्नर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है। आदि कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में 44 कोर्ट रूम का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इतने शानदार कोर्ट्स बने हैं कि अब

**समारोह**

● हमने दिल्ली की जुडिशियरी के बजट को 660 करोड़ रुपए से बढ़ाकर दो हजार करोड़ रुपए कर दिया: मुख्यमंत्री

फिल्म वालों को भी अपनी कोर्ट्स की सेटिंग बदलनी पड़ेगी। यहां आकर कोर्ट देखकर उन्हें भी अब लगेगा कि इस तरह के कोर्ट होते हैं। हम सब लोग जानते हैं कि दिल्ली का जुडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर देश में सबसे अच्छा है। हमसे पहले की सरकारों ने भी खूब काम किया और हम लोगों ने भी उस अच्छे काम को आगे बढ़ाया। मैंने हर प्लेटफार्म पर कहा है कि किसी भी समाज में सबसे जरूरी न्याय व्यवस्था होती है। अगर न्याय व्यवस्था ठीक न हो, तो फिर समाज बिखर जाता है। न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से हमसे जो भी बन पड़ेगा, हम किसी भी चीज की कमी नहीं होने देंगे। ऐसा मेरा हर प्लेटफार्म से आश्वासन रहा है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इसका सबसे जीता-जागता सबूत यह है कि जब 2015 में हमारी सरकार बनी थी, उसके पहले वाले साल में दिल्ली सरकार की तरफ से जुडिशियरी को जो बजट दिया जाता था, वो लगभग 660 करोड़ रुपए था। पिछले साल जो दिल्ली सरकार की तरफ से दिल्ली की जुडिशियरी को बजट दिया गया, वो दो हजार करोड़ रुपए था। हम लोगों ने पांच साल के अंदर जुडिशियरी के बजट को 660 करोड़ रुपए से बढ़ाकर दो हजार करोड़ रुपए कर दिया। लेकिन गैप इतना ज्यादा है कि अभी और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उसी दिशा में पिछले सप्ताह मैंने और दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी की काफी अच्छी मीटिंग हुई। हमारे पास जुडिशियरी के कई सारे प्रस्ताव आए हुए हैं। उनके ऊपर हम मिलकर काम कर रहे हैं। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य चीजों में हमने इतना अच्छा काम किया है, हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले सालों के अंदर दिल्ली की जुडिशियरी को भी एक मॉडल के रूप में पूरे देश के सामने प्रस्तुत किया जा सके।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कहते हैं कि भगवान जो भी करता है, अच्छा करता है। वकीलों की वेलफेयर स्कीम बहुत सालों से लंबित पड़ी हुई थी। इस पर बहुत वार्तालाप हो चुके थे। वकीलों की मांग थी कि उनको और उनके परिवार के लोगों को लाइफ इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस दिया जाए। मैंने खुद कई बार बातचीत की। सारे वार्तालाप के बाद नवंबर 2019 को यह स्कीम पास हुई। जिसमें लगभग 50 करोड़ रुपए हम लोगों ने वकीलों के लिए सेंशन किया। दिल्ली के लगभग 30 हजार वकील इस योजना में रजिस्टर कर चुके हैं, जिसमें हर वकील और उसके परिवार को पांच लाख रुपए तक का हेल्थ इंश्योरेंस दिया जाता है और 10 लाख रुपए लाइफ इंश्योरेंस दिया जाता है।

### विदेशी चंदा मामले में आकार पटेल से जवाब तलब

नई दिल्ली। विदेशी अनुदान अधिनियम कथित उल्लंघन के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सीबीआई की अपील पर एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया बोर्ड के अध्यक्ष आकार पटेल से जवाब मांगा है। सीबीआई ने एफसीआरए के उल्लंघन के आरोप में पटेल के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर को वापस लेने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना ने मामले में पटेल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 18 मई से पहले पटेल को अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। सीबीआई ने अपील में कहा कि यह पटेल को राहत दिए जाने के खिलाफ नहीं है और उनकी शिकायत निचली अदालत द्वारा अपनाए गए तर्क से संबद्ध है। सीबीआई ने आशंका जताई कि इसका इस्तेमाल अन्य मामलों में भी किया जाएगा। सीबीआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने न्यायालय को बताया कि निचली अदालत ने इस तथ्य की अनदेखी की कि आरोपी के फरार होने पर जांच एजेंसी लुकआउट सर्कुलर जारी करने के प्रावधान का सहारा ले सकती है। उन्होंने कहा कि निचली अदालत के साथ-साथ मजिस्ट्रेट की अदालत ने लुकआउट सर्कुलर नोटिस का सहारा लेने के दायरे और उद्देश्य को पूरी तरह से गलत समझा।

# केजरीवाल सरकार ने लांच की दिल्ली फिल्म पॉलिसी, मिलेगी वैश्विक पहचान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली को दुनिया भर में फिल्म निर्माण का केंद्र बनाने और वैश्विक पहचान देने के लिए केजरीवाल सरकार ने शुक्रवार को दिल्ली फिल्म पॉलिसी को लांच कर दिया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली फिल्म पॉलिसी 2022, राज्य में पर्यटन को आकर्षित करने के साथ-साथ दिल्ली में बड़े पैमाने पर रोजगार और आर्थिक विकास के अवसर पैदा करेगी।

उन्होंने कहा कि पॉलिसी की मदद से सिल्वर स्क्रीन पर अधिक कवरेज के साथ दिल्ली अपने आप में एक ब्रांड के रूप में भी स्थापित होगा और दिल्ली के नागरिकों में दिल्ली की संस्कृति, कला के प्रति गर्व का भाव पैदा करेगा। पॉलिसी हॉस्पिटैलिटी, टूरिज्म, परिवहन और सिनेमा तथा कलाकारों की पूरी दुनिया को एक साथ लाएगी।

**समारोह**

● दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल और दिल्ली फिल्म एक्सीलेंस अवार्ड होगा केजरीवाल सरकार के फिल्म पॉलिसी का खास हिस्सा

डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में फिल्म प्रोडक्शन के लिए सरकार निमार्ताओं को सब्सिडी भी देगी और फिल्म इंडस्ट्री में स्थानीय लोगों को काम पर रखने के लिए भी प्रोत्साहित करेगी। इस पॉलिसी के तहत सिंगल विंडो ई-फिल्म क्लीयरेंस पोर्टल भी स्थापित किया गया है, जहाँ फिल्म निमार्ताओं को 15 दिनों के अंदर करीब 25 एजेंसियों (लोकेशन की जरूरत के अनुसार) की ऑनलाइन दी मंजूरी जाएगी और दिल्ली टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्टेशन डेवलपमेंट कारपोरेशन (डीटीटीडीसी) इस पूरी प्रक्रिया में नोडल एजेंसी के रूप में भूमिका निभाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली फिल्म पॉलिसी केजरीवाल सरकार की एक प्रगतिशील पॉलिसी है, जिसे नौकरियों के सृजन करने, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को बढ़ावा देने और दिल्ली के लोगों में गर्व की भावना पैदा करने में मदद करने के लिए ग्लोबल स्तर पर फिल्म प्रमोशन और टूरिज्म पॉलिसी को स्टडी करने के बाद तैयार किया गया है।

कार्यक्रम में दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमिशन के वाईस-चेयरपर्सन जैस्मिन शाह और डीटीटीडीसी की सीईओ स्वाति शर्मा भी मौजूद रहीं। दिल्ली सरकार ने कई अंतराष्ट्रीय शूटिंग लोकेशन की स्टडी कर फिल्म ब्रांडिंग और प्रमोशन को समझने का प्रयास किया है। जिसके तहत दिल्ली में फिल्म बनाने पर फिल्म निर्माण में आने वाले खर्चों में सरकार द्वारा निमार्ताओं को सब्सिडी दी जाएगी।

### यमुना का जलस्तर गिरने से कई क्षेत्रों में पानी की किल्लत

नई दिल्ली। राजधानी के कई जिलों में अगले कुछ दिन जलापूर्ति बाधित रहेगी। कई इलाकों में शुक्रवार को आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी के बीच पानी किल्लत से लोगों को पानी खरीदकर इस्तेमाल करना पड़ा। दरअसल, वजीराबाद बैराज के पास गुरुवार को यमुना का जलस्तर तीन फीट तक घट गया। यमुना का जलस्तर घटने से वजीराबाद, ओखला और चंद्रावल जल संयंत्रों की क्षमता पर असर पड़ा है। करीब 30 फीसदी कम क्षमता में पानी का उत्पादन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, यमुना में जलस्तर सुधरने तक जलापूर्ति बाधित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, हरियाणा से कम मात्रा में पानी यमुना में छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर 671.80 फीट हो गया। जो सामान्यतः 674.50 फीट रहता था। इस बारे में हरियाणा प्रशसान से संपर्क किया गया है। टैंकरों से पानी सप्लाई की जा रही है।

# महिलाओं की मानसिक सेहत पर ध्यान देने पर बल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मानसिक डिसऑडर से पीड़ित व्यक्ति में सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि उसे यह पता ही नहीं चलता है कि वो इससे पीडित है लेकिन समय रहते अगर इसे डाईगनोस कर लिया जाये तो इस समस्या से असानी से पार पाया जा सकता है।

स्वस्थ भारत के निर्माण में मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियां और समाधान विषय पर मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए ब्रेन बिहैवियर रिसर्च फाउंडेशन ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन डॉ. मीना मिश्रा ने कहा कि यदि हम स्वयं में कुछ विशेष लक्षण जैसे अगर हमको टीवी देखना पसंद है और अचानक उसे देखना बंद कर दें, खेलना पसंद है और खेलने का मन नहीं हो रहा है या पढ़ना पसंद है लेकिन पुस्तकों की ओर देखना की इच्छा भी नहीं हो रही है, तो हमको समझ जाना चाहिए कि हमें तनाव घेर रहा है या हम अवसाद की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में बेहद जरूरी है कि हम अपनी बातें अपने किसी खास विश्वास पात्र दोस्त, रिश्तेदार



या निकट संबंधी से साझा करें या अपने को किसी अपनी मनपंसद हॉबी संगीत, नृत्य या लेखन में व्यस्त करें। ऐसा करने से हम अपनी उलझन का हल पा सकते हैं और तनाव से निकल सकते हैं। ऐसा करने में एक से चार हफ्ते का समय लग सकता है।

दो दिवसीय स्वास्थ्य अमृत मंथन शिविर में डॉ. मिश्रा ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि यदि कभी कोई मानसिक तनाव और अवसाद हो तो मनोवैज्ञानिक के पास अवश्य जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि, ह्यकोरोना काल में हमने रिश्तों और परिवार के महत्व को देखा समझा और हम सभी को दोस्तों रिश्तेदारों की अहमियत समझ में आई। उन्होंने शिविर में, घरेलू महिलाओं में तनाव और अवसाद विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि घरेलू महिलाएं अपनी बात किसी से कह नहीं पाती इसलिए उनका हमें विशेष ध्यान रखना होगा। वो शरीरिक स्वास्थ्य का भी ध्यान नहीं रखती हैं। पूरा परिवार उनके ऊपर निर्भर होता है। उनको भी दोस्त और अपनेपन की जरूरत होती है। माँ, बहन और पत्नी की मानसिक सेहत का ध्यान रखना घर के पुरुषों की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सिंपैथी के निदेशक डॉक्टर आर.कान्त ने कहा कि मानसिक तनाव और अवसाद से बचने का सबसे अच्छा तरीका है ईज यानी चैन से जीवन जीएं। दिखावे और स्टैटस के चक्कर में न फंसे। कोई आपको सम्मान दे तो भी खुश न दे तो भी खुश रहें।

# एनडीएमसी एम्प्लाइज को-ऑपरेटिव सोसाइटी के नव-निर्वाचित सदस्य हुए सम्मानित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एम्प्लाइज को-ऑपरेटिव थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के नवनिर्वाचित सदस्यों की टीम ने आज पालिका केंद्र में पालिका परिषद् के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय से मुलाकात की। श्री उपाध्याय ने उनका फूलों से स्वागत किया। इस अवसर पर सोसाइटी के सभी जीत हासिल करने वाले 13 सदस्य, सचिव अजय कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीकांत, उपाध्यक्ष विशाल शर्मा और डॉ. विनोद कुमार के साथ सामाजिक कार्यकर्त्ता दीपक तंवर के साथ उपस्थित थे। उपाध्याय ने कहा कि मुझे आशा है कि यह सोसाइटी कर्मचारियों के हित में



काम करेगी और लोगों की समस्याओं का समाधान भी करेगी। उन्होंने कहा की सभी सदस्यों को ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखनी है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सोसायटी का मुख्य उद्देश्य सदस्यों के जीवन स्तर में सुधार, उनके नैतिक, शैक्षिक और को बढ़ावा देने के अंतिम उद्देश्य के साथ उपयोगी उद्देश्यों और आपातकालीन जरूरतों के लिए अपने सदस्यों को मामूली ब्याज दर पर ऋण देना है। उन्होंने आगे कहा कि कर्मचारियों और उनके बच्चों के आर्थिक विकास और समाज कल्याण के लिए सेवा करने के लिए सदस्यों के बीच बिना किसी लाभ के मितव्ययिता, स्वयं सहायता और पारस्परिक सहायता की भावना और अभ्यास को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने भविष्य में सभी सदस्यों की नई टीम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

### ऑटो चालक ने पुलिसकर्मी को पीटा

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के मंडावली में घर तक छोड़ने को लेकर एक पुलिसकर्मी व ऑटो चालक के बीच कहासुनी हो गई। ऑटो चालक ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद पुलिसकर्मी की पिटाई कर दी। घायल पुलिस कर्मी 31 वर्षीय सोनवीर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित सोनवीर परिवार के साथ पूर्वी दिल्ली के दक्षिण गणेश नगर इलाके में रहते हैं। वह दिल्ली पुलिस में सिपाही हैं और लोधी कॉलोनी स्थित स्पेशल सेल इकाई में तैनात हैं। सोनवीर के अनुसार, मंगलवार देर रात उन्होंने अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के बाहर से घर जाने के लिए एक ऑटो को रोका। उन्होंने चालक से दक्षिण गणेश नगर में अपने घर तक छोड़ने को कहा।

# दिल्ली सरकार के प्रयासों से छात्रों को सीखने के गहन व अपार अवसर मिलेंगे: ऋतुराज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार के नीतिगत थिंक टैंक डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन (डीडीसी) ने दिल्ली के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों पर पॉलिसी रिसर्च स्टडीज को बढ़ावा देने के लिए ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) के साथ साझेदारी की है। इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से डीडीसी का उद्देश्य नवोदित पब्लिक पॉलीसी स्कॉलर्स और चिकित्सकों को शोध करने में सलाह देना और उनका सहयोग करना है। जिससे नए विचार उत्पन्न हो, विचारों और पॉलीसी डिजाइन के बीच का अंतर को कम हो और मजबूत, समावेशी और संपूर्ण नीति कार्यान्वयन हो।

डीडीसी उपाध्यक्ष जस्मिन शाह की मौजूदगी में डीडीसी और जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत के बीच आज एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। साझेदारी का उद्देश्य पॉलिसी रिसर्च स्टीडज पर आपसी समझ, अकादमिक आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देना है। डीडीसी की ओर से विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों को टाइम बाउंड पॉलिसी स्टडीज के लिए स्पोर्ट किया जाएगा। डीडीसी जस्मिन शाह ने कहा कि डीडीसी का निरंतर प्रयास रहा है कि नॉलेज और विशेषज्ञता का उपयोग किया जाए, ताकि दिल्ली के लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजा जा सके। सरकारें और शिक्षाविद अक्सर विकास से जुड़ी चुनौतियों पर काम करते हैं। ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की भागीदारी डीडीसी के लिए पेशेवर और शैक्षणिक आदान-प्रदान में एक बेहतर अवसर है। यह समझौता गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के साथ नीतिगत निर्णय लेने और जन-केंद्रित शासन प्रक्रियाओं को डिजाइन करने में विद्वानों की भागीदार सुनिश्चित करेगा। जिंदल स्कूल ऑफ गवर्नमेंट एंड पब्लिक पॉलिसी के डीन प्रो. आर. सुदर्शन ने कहा कि डीडीसी दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन विश्वविद्यालय-सरकार साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक अग्रणी कदम है।

### एकीकृत निगम के विशेष अधिकारी की जल्द होगी नियुक्ति

नई दिल्ली। राजधानी के तीनों निगमों के महापौर का कार्यालय 18 से 22 मई 2022 तक समाप्त होने जा रहा है। उत्तरी निगम के महापौर का कार्यालय समाप्त होने में सिर्फ पांच दिन शेष हैं। उत्तरी निगम के महापौर का कार्यकाल समाप्त होते ही दक्षिण और पूर्वी निगम के महापौर का कार्यालय स्वतः समाप्त हो जाएगा। कार्यालय समाप्त होने के साथ ही दिल्ली नगर निगम पुनः अपने अस्तित्व में लौट जाएगी। सूत्रों का कहना है कि एकीकृत निगम की कमान स्पेशल ऑफिसर के हाथ में होगी। उनके नाम और नियुक्ति की घोषणा संभवत 17 या फिर 22 मई को हो जाएगी। बतादें कि दिल्ली नगर निगम के वर्ष 2012 में तीन हिस्से किए गए थे, जिसमें दक्षिण निगम, उत्तरी निगम तथा पूर्वी निगम बनाए गए थे। लेकिन दस साल बाद दिल्ली नगर निगम को एकीकृत करने संबंधी विधेयक कानून मंजूर किए जाने के बाद राष्ट्रपति ने भी विधेयक को मंजूरी दे दी थी। विधेयक मंजूरी के बाद से अधिकारियों की निगाहें तीनों निगमों के महापौर का कार्यकाल समाप्त होने पर टिकी हैं। तीनों महापौर का कार्यालय 18 मई से लेकर 22 मई के बीच समाप्त होने जा रहा है। निगम के वरिष्ठ सूत्रों का कहना है कि जब महापौर का कार्यालय 18 मई को समाप्त हो रहा है, तो उससे एक दिन पहले स्पेशल ऑफिसर की नियुक्त किए जाने की घोषणा की पूरी संभावना है। सूत्रों का कहना है कि 18 मई को जब एक महापौर का कार्यकाल समाप्त हो रहा है तो अन्य दोनों का कार्यकाल स्वतः ही समाप्त हो जाएगा।

# सार्वजनिक परिवहन के बेड़े में 1500 इलेक्ट्रिक बसें शामिल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार ने आज अपने सार्वजनिक परिवहन के बेड़े में 1500 लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने का निर्णय लिया है। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बोर्ड बैठक में आज यह निर्णय लिया। बोर्ड ने पहले ही एफएएमई-2 (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल) श्रेणी के तहत कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीएसईएल) की ग्रैंड चैलेंज स्कीम के तहत 921 बसों और नॉन एफएएमई-2 श्रेणी के तहत शेष 579 बसों की खरीद के लिए मंजूरी दे दी थी।

गैर-फेम श्रेणी के 579 बसों के लिए दिल्ली सरकार एफएएमई-2 सब्सिडी के समान स्तर पर 262.04 करोड़ रुपए की सब्सिडी देगी। सीईएसएल द्वारा 20 जनवरी 2022 को प्रस्ताव जारी करने के बाद टाटा मोटर्स ने इन बसों के संचालन के लिए सबसे ज्यादा बोली लगाई है। दिल्ली परिवहन निगम जल्द ही दिल्ली की सड़कों पर इन बसों को उतारने के लिए कंपनी के साथ मास्टर कन्सेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करेगी। दिल्ली सरकार इन बसों के संचालन, रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास पर लगभग 7145 करोड़ रुपए खर्च करेगी। बोर्ड ने दिल्ली ईवी नीति 2020 के तहत ईवी चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए विभिन्न सेवा प्रदाताओं से डीटीसी के 10 स्थलों पर अम्बेडकर नगर डिपो, जल विहार टर्मिनल, दिलशाद गार्डन टर्मिनल, करावल नगर टर्मिनल, शादीपुर डिपो, मायापुरी डिपो, बिंदपुर टर्मिनल, पूर्वी विनोद नगर, पंजाबी बाग और रोहिणी डिपो-एक को आवंटित करने का भी निर्णय लिया। इन जगहों पर स्वैपिंग स्टेशन के लिए दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) ने प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से चार सेवा प्रदाताओं की पहचान की है, जो जल्द ही ईवी चार्जिंग/बैटरी स्थापित करने के लिए डीटीसी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

**समीक्षा** विभागों द्वारा किए गए वृक्षप्रत्यारोपण का ऑडिट फारेस्ट रिसर्च इंस्टीच्यूट ,देहरादून करेगी : पर्यावरण मंत्री

# 9 सदस्यीय ग्रीन कवर डेवलपमेंट कमेटी करेगी ग्रीन स्पेस बढ़ाने के लिए काम: राय

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली सचिवालय में आज वृक्ष प्रत्यारोपण नीति को लेकर सभी सम्बंधित विभागों और इम्पैनल एजेंसीज के साथ उच्चस्तरीय संयुक्त समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में वन विभाग, एमसीडी, दिल्ली मेट्रो रेल कॉपोरेशन, सीपीडब्लूडी, एनसीआरटीसी, पीजीसीआइएल, पीडब्लूडी, जल बोर्ड आदि सभी संबंधित विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

बैठक के बाद दिल्ली सचिवालय में आयोजित महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के दौरान पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि दिल्ली में पहले विकास कार्य के लिए पौधों की कटिंग होती थी और उसके जगह पर नए पौधे लगाए जाते थे। बाद में हमने देखा कि जो नये पौधे लगाए जाते हैं , उनको विकसित होने में काफी समय लगता



था इसलिए सरकार ने वृक्ष प्रत्यारोपण नीति बनाई ताकि जो पौधे ट्रांसप्लांट हो सकते हैं उनको ट्रांसप्लांट किया जाए सकें। पिछले साल में जिन एजेंसियों ने ट्री ट्रांसप्लांटेशन के लिए विभाग से अनुमति ली थी उसको लेकर आज संबंधित विभागों और इम्पैनल एजेंसीज के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक की गई इनमे प्रमुख एनसीआरटीसी, एनबीसीसी, डीएमआरसी, आरएलडीए , पीजीसीआईएल , एन.एच.ए.आई., जल बोर्ड , सीपीडब्लूडी , पीडब्लूडी ,एमसीडी जैसे विभाग शामिल रहें। उन्होंने बताया कि इस बैठक के दौरान आई रिपोर्ट के आधार पर यह देखा गया हैं की विभिन्न विभागों और एजेंसियो के वृक्ष प्रत्यारोपण को लेकर भिन्न सर्वाइवल रेट हैं। जिसमें वृक्षों का औसतन सर्वाइवल रेट 50 से 55 प्रतिशत पाया गया हैं।

● जिन विभागों ने वृक्ष प्रत्यारोपण से संबंधित रिपोर्ट नहीं सौंपी उस विभाग के संबंधित फाईलों को अनुमति नहीं दी जाएगी: गोपाल

साथ ही कई एजेंसियों और विभागों के संतोषजनक परिणाम न होने के कारण, विभागों द्वारा किए गए ट्री-ट्रांस्प्लांटेशन का ऑडिट अब फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट, देहरादून करेगी। जो भी विभाग ट्री-ट्रांस्प्लांटेशन से संबंधित रिपोर्ट वन विभाग को नहीं सौपेगी , उस विभाग की, इससे संबंधित किसी फाईल को अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही जो भी इम्पैनल एजेंसीज ट्री-ट्रांस्प्लांटेशन से संबंधित कार्य को बेहतर रूप से नहीं करेगी उस एजेंसी को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। अभी तक जिन-जिन विभागों को ट्री-ट्रांस्प्लांटेशन से संबंधित मंजूरी दी गई है उसके द्वारा किए गए वृक्षप्रत्यारोपण का ऑडिट भी फारेस्ट रिसर्च इंस्टीच्यूट देहरादून करेगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने डीडीए की तरफ से आए पत्र के बारें में जवाब देते हुए बताया कि डीडीए ने जमीन की कमी को बताते हुए प्रस्ताव दिया कि एक काटे हुए पेड़ के बदले 10 पेड़ लगाने की जगह केवल 2 पेड़ लगाया जाऐ इस प्रस्ताव को लेकर सबसे पहले वन विभाग को निर्देश दिया गया। है की वह डीडीए को जमीन के संदर्भ में डिटेल रिपोर्ट सम्मिट करने के लिए आदेश जारी करे। जिससे की डीडीए के पास उपलब्ध जमीन का पूरा ब्यौरा विभाग को मिल सकें।


**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि) गौतमबुद्धनगर।**

उत्तराधिकार वाद सं. 239 सन 2022

श्रीमती मंजू सिंह पत्नी श्री सुशील कुमार सिंह आयु करीब 57 वर्ष निवासी जी–208 डेल्टा, ग्रेटर नौएडा साकीपुर जिला गौतमबुद्धनगर।

....वादनी

बनाम

1. अभय प्रताप सिंह उम्र 27 पुत्र श्री सुशील कुमार सिंह
2. जनप्रिया सिंह उम्र 21 पुत्री सुशील कुमार सिंह निवासीगण जी–208 डेल्टा–2 ग्रेटर नौएडा साकीपुर जिला गौतमबुद्धनगर।

...... प्रतिवादीगण

हरगाह प्रार्थीया श्रीमती सिंह के नाम एक उत्तराधिकार वाद बावत मृतक प्रार्थीया अपने पति स्व. सुशील कुमार सिंह पुत्र श्री चन्द. पाल सिंह निवासी जी–208 डेल्टा–2 ग्रेटर नौएडा साकीपुर जिला गौतमबुद्धनगर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा ग्रेटर नौएडा जिला गौतमबुद्धनगर में खाता संख्या 10392783250 में जमा धनराशि अंकन 15,80,455.99/– रूपये मय ब्याज की बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई ऐतराज करना हो तो नियत तिथि 07.07.2022 को प्रातः 10.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा इसके पश्चात किसी को भी नहीं सुना जायेगा।

आज दिनांक 13.05.2022 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया।

आदेशानुसार
मुंसरिम / सिविल जज (सी.डि.), गौतमबुद्धनगर।



**क्लासिफाइड**

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम शाईना SHAINA था जो गलत है। अब मैंने अपना नाम बदल कर शाहीना SHAHINA पत्नी चांद आलम निवासी मोहल्ला नई बस्ती थाना व तहसील नौगावां सादात जिला अमरोहा रख लिया। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

# ट्रेन में सवार हो गुरुग्राम के रास्ते उदयपुर गए राहुल गांधी

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता





शुक्रवार से कांग्रेस पार्टी के तीन दिवसीय नव-संकल्प चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चेतक एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर गुरुग्राम के रास्ते उदयपुर गए। गुरुवार देर रात चेतक एक्सप्रेस यहां पहुंची। राहुल गांधी के साथ राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी थे। गुरुग्राम स्टेशन पर सेंकड़ों कार्यकताओं ने राहुल गांधी, दीपेंद्र हुड्डा का भव्य स्वागत किया गया।

जोश से भरे कांग्रेस नेताओं, कार्यकताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, दीपेन्द्र हुड्डा जिंदाबाद के नारे लगाए। दक्षिण हरियाणा से गुजरने वाली चेतक एक्सप्रेस ट्रेन जिस स्टेशन पर भी ठहरी, हर स्टेशन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस के नव-संकल्प चिंतन शिविर में हिस्सा लेने के लिएचेतक एक्सप्रेस से राहुल गांधी के साथ दीपेन्द्र हुड्डा दिल्ली के सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से उदयपुर के लिए ट्रेन से रवाना हुए थे। सैकड़ों कार्यकताओं के साथ पंकज डावर ने राहुल गांधी का किया अभिनंदन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन पर कार्यकताओं से मिलने के लिए रुके यहां स्टेशन पर अपने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ मौजूद कांग्रेसी नेता पंकज डावर ने राहुल गांधी का भव्य रुप से अभिनंदन किया, बता दें कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए उनके कार्यकर्ता आसपास के कई जिलों से पहुंचे थे दरअसल जिस ट्रेन से राहुल गांधी राजस्थान जा रहे थे उस ट्रेन का ठहराव गुरुग्राम में होने के कारण राहुल गांधी गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर उतरे और अपनी पार्टी के कार्यकताओं का हुजूम देखकर गदगद हुए, पंकज डावर ने कहा कि राहुल गांधी उनकी पार्टी के राष्ट्रीय नेता होने के साथ-साथ युवाओं के चहेता भी हैं हर युवा और हर कांग्रेसी कार्यकर्ता उनकी एक झलक पाने को बेताब रहता है, इसीलिए जैसे ही पार्टी कार्यकताओं को पता लगा कि राहुल गांधी राजस्थान जाने के दौरान गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर रुकेंगे यह जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया सभी कार्यकताओं ने मिलकर राहुल गांधी को गुरुग्राम में भी जल्द बड़ा कार्यक्रम करने का निमंत्रण दिया है।

**स्वागत**

- दीपेंद्र हुड्डा का हुआ स्वागत
- सैकड़ों कार्यकताओं के साथ पंकज डावर ने राहुल गांधी का किया अभिनंदन

## लॉरेन्स बिश्नोई गैंग के 2 गुर्गे अवैध हथियार समेत दबोचे



**गुरुग्राम।** गुप्त सूचना के आधार पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए जसप्रीत सिंह उर्फ अमन उर्फ अम्मू व रोबिन सोनी उर्फ रिंकू निवासी श्रीगंगानगर राजस्थान को अलग-अलग स्थानों बस क्यू शैल्टर सेक्टर-31, व सुभाष चौक गुरुग्राम से अवैध हथियार सहित काबू किया। आरोपियों के कब्जे से 2 पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। अपराध शाखा सेक्टर-31 प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे लॉरेन्स गिरोह के सदस्य हैं। लॉरेन्स बिश्नोई के कहने के अनुसार ही अपराधिक वारदातों को अंजाम देते है। उनके खिलाफ पहले भी हत्या के प्रयास, लड़ाई-झगडे व अवैध हथियार रखने के 3 मामले दर्ज हैं। वे गुरुग्राम में फरारी काट रहे थे तो पुलिस ने गुप्त सूचना पर इन्हें काबू कर लिया। उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की सम्बंधित धाराओं के तहत थाना सेक्टर-40 व थाना सदर गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया है।

## एडीसी ने सीएम अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत बैंकवार लंबित आवेदनों की समीक्षा की

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता




अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शुक्रवार को विकास सदन के कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना को लेकर जिले के विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने बैंकवार लंबित आवेदनों की समीक्षा कर बैंकों को विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों को आगामी एक सप्ताह में स्वीकृत करने के निर्देश दिए, ताकि लाभार्थियों को जल्द से जल्द योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा परिवार उत्थान मेलों में प्राप्त आवेदनों को बिना किसी उपयुक्त कारण के रद्द न किया जाए। इस कार्य में कोताही करने वाले बैंकर्स के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिला में स्थित सभी बैंक अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों में आए आवेदनों पर गंभीरता से कार्य करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। वहीं मेलों में शामिल सभी 18 विभाग अपने यहां प्राप्त सभी आवेदनों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना पोर्टल पर भी अपलोड करें। उन्होंने कहा कि मेलों से जुड़े सभी विभाग व बैंक आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर मेले में आए पात्र व्यक्तियों के आवेदनों पर गंभीरता व शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का मुख्य उद्देश्य एक लाख रुपए सालाना से कम आय वाले अति गरीब परिवारों की आय बढ़ाकर कम से कम 1.80 लाख रुपये वार्षिक कर उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य से जिला में दो चरण में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें 18 विभिन्न विभागों द्वारा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किया गया। वहीं मेलों के तीसरे चरण के लिए जिला में सभी तैयारिया पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत आयोजित होने वाले मेलों से पहले चयनित व्यक्तियों की प्री-मेला काउंसलिग की जाएगी ताकि संबंधित लाभार्थी को पूरी जानकारी हो और वो विभिन्न योजनाओं में से उसके उपयुक्त योजना का स्वयं के लिए चयन करके उसका लाभ उठा सके। बैठक में पशुपालन विभाग की डिप्टी डायरेक्टर डा. पुनीता गहलावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र ढिल्लों सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 4 करोड़ रुपए की मांग करने वाले दोनों आरोपियों की अदालत ने बढ़ाई 2 दिन की रिमांड अवधि

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



ईडी व सीबीआई अधिकारी बताकर 4 करोड़ रुपए की मांग करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनिल यादव की अदालत में पेश किया। पुलिस ने अदालत से आग्रह किया कि आरोपियों से अभी और अधिक पूछताछ करनी है, इसलिए उनका रिमांड बढ़ाया जाए।

अदालत ने दोनों आरोपियों का 2 दिन का रिमांड बढ़ा दिया है। पुलिस अब इन आरोपियों से इस मामले में और अधिक पूछताछ करेगी, ताकि पूरी जानकारी पुलिस को हासिल हो सके। पुलिस ने रिमांड की अवधि के दौरान आरोपियों के दफ्तर से ईडी के फर्जी आईडी, मोहर आदि भी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि मोहर सहित ईडी के नोटिस की कॉपी भी कार्यालय से बरामद की है। यह नोटिस यशपाल बतरा को 16 मई को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए फर्जी तौर पर दिया गया था। गौरतलब है कि नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ उप महापौर यशपाल बतरा ने न्यू कालोनी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि ईडी व सीबीआई का अधिकारी बताकर यशपाल अरोड़ा उनसे 4 करोड़ रुपए की मांग कर रहा है, जिसमें 10 लाख रुपए वह पहले भी दे चुका है। पुलिस ने गत दिवस छापामार टीम का गठन कर यशपाल अरोड़ा को 2 लाख रुपए लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस ने यशपाल अरोड़ा के पुत्र राहुल अरोड़ा को भी इस मामले में गिरफ्तार किया हुआ है। दोनों को शुक्रवार को एक दिन की रिमांड अवधि खत्म हो जाने के बाद अदालत में पेश किया गया, जिस पर अदालत ने आरोपी पिता-पुत्र की 2 दिन की रिमांड अवधि और बढ़ा दी है। पुलिस उनसे पूछताछ में जुट गई है।

## एजुकेशन वॉलंटियर्स ने विधायक सुधीर सिंगला को सौंपा ज्ञापन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



शुक्रवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला से एजुकेशन वॉलंटियर्स ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधायक को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उन्हें कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाए, ताकि उनका रोजगार सुरक्षित हो सके। विधायक सुधीर सिंगला ने उनकी इस मांग को सरकार तक पहुंचाकर पैरवी करने का आश्वासन दिया।

एजुकेशन वॉलंटियर्स ने ज्ञापन में कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के समक्ष शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय वर्ष एजुकेशन वॉलंटियर्स को विभाग द्वारा निर्धारित समय (ज्यादातर 6 या 9 महीने) के लिए किसी भी तरह शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने के लिए लिया जाता है। इस संपूर्ण प्रक्रिया में एक गैर सरकारी संस्था मन पीपल टू पीपल इंडिया भी शामिल हैं, लेकिन हमारा ज्यादातर कार्य विभाग द्वारा ही संचालित किया जाता है। सरकार पूर्व में घोषणा कर चुकी है कि अब डीसी रेट, ठेकेदारी प्रथा तथा निजी संस्थाओं को सरकारी विभागों से बाहर कर दिया गया है। अब यह सारी प्रक्रियाएं कौशल रोजगार निगम के तहत की जाएंगी। इसलिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अधीन कार्य कर रहे वोकेशनल टीचर्स को भी हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाए। विधायक सुधीर सिंगला ने एजुकेशन वॉलंटियर्स से ज्ञापन लेने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनके इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल तक पहुंचाने के साथ व्यक्तिगत तौर पर भी इस पर चर्चा करेंगे। उन्हें कौशल निगम में सम्मिलित करने की पूरी सिफारिश करेंगे। सभी एजुकेशन वॉलंटियर्स ने विधायक सुधीर सिंगला का धन्यवाद किया।

## अंत्योदय मेलों में हुए स्वीकृत आवेदनों के लाभार्थियों को ऋण राशि जल्द दें : एडीसी

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका ने बैंकर्स को कहा है कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आए हुए आवेदनों को बिना किसी ठोस कारणों के रिजेक्ट न करें तथा आयोजित किए गए अंत्योदय मेलों में हुए स्वीकृत आवेदनों के लाभार्थियों को ऋण राशि जल्द से जल्द प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स इस तरफ ध्यान दे तथा जो आवेदन आए हुए हैं, उन पर तुरंत कार्यवाही करें। बैंकर्स आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए डिस्पोज हुए केसों की रिपोर्ट प्रतिदिन दें। अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका शुक्रवार को अपने कार्यालय में बैंकर्स के साथ मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत रिजेक्ट किए केसों की समीक्षा कर रही थीं। एक सप्ताह में प्रोग्रेस दिखाई देनी चाहिए। सभी बैंकर्स मन लगाकर कार्य करें और पेंडिग केसों पर फोकस करें। अधिकारी मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाइ) के मद्देनजर परिवार पहचान पत्र से चिह्नित परिवारों की आय बढ़ाने के लिए प्रयास करें। लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत करवाया जाए।

## गर्मियों की छुट्टियों में स्कूलों की ऑनलाइन कक्षाएं लगाना सराहनीय फैसला: गार्गी कक्कड़

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों की ऑनलाइन कक्षाएं लगाए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए शिक्षा विभाग का सराहनीय फैसला बताया।

उन्होंने कहा कि सरकार एवं शिक्षा विभाग का यह फैसला भीषण गर्मी मे बेशक स्कूलों की छुट्टियां हो परंतु शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के हक में बड़ा फैसला लेते हुए 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों की ऑनलाइन क्लास लगाए जाने का निर्णय लिया। इस फैसले का भाजपा कार्यकताओं एवं बच्चों के माता-पिता ने स्वागत किया। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने हाल ही में पांच लाख बच्चों को मुफ्त टेबलेट देने की योजना की शुरूआत की है प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली पहली बार टेबलेट के जरिए ऑनलाइन पढ़ाई का कार्य शिक्षा विभाग की ओर से किया जाएगा। गर्मियों की छुट्टियों से पहले विभाग की ओर से इन छात्रों को टेबलेट वितरण कर दिए जाएंगे ताकि ऑनलाइन पढ़ाई में बच्चों को कोई दिक्कत ना आए। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा सरकार बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलों में सरकार ने खिलाड़ियों के अभ्यास करने के लिए बेहतरीन इन्फ्राट्रक्चर तैयार किया है पिछले वर्ष खेल इन्फ्राट्रक्चर पर 526 करोड रुपए खर्च किए गए थे। खेलो इंडिया की मेजबानी इस बार हरियाणा कर रहा है आने वाले समय में हरियाणा खेलों का हब होगा।

## मत्स्य पालन के दिए गए लक्ष्य को पूरा करें अधिकारी : उपायुक्त

**नूंह।** उपायुक्त अजय कुमार ने मछली पालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में मछली पालन के दिए हुए लक्ष्य को पूरा करें। नूंह जिले में 1510 हेक्टेयर तालाबों में मछली पालन का कार्य हुआ तथा 310 लाख मछली बीज तालाबों में संचय किया गया। जिसमें 19168 टन मछली का उत्पादन हुआ। उपायुक्त अजय कुमार शुक्रवार को जिला सचिवालय में मत्स्य पालन विभाग की डीएलसी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़ने तथा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाए। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रति हेक्टेयर 14 लाख खारे पानी व मीठे पानी 11 लाख रुपये के प्रोजेक्ट पर अनुसूचित जाति व महिला वर्ग को 60 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत की दर से अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे किसान जिनके पास पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी उपलब्ध नहीं है तथा भूमिगत जल भी खारा या लवणीय है।

## अनाधिकृत निमार्णों पर लगातार चल रहा निगम का पीला पंजा



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

नगर निगम क्षेत्र में अनाधिकृत निमार्णों के खिलाफ निगम का पीला पंजा लगातार चल रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों में इनफोर्समैंट टीमें कार्रवाई कर रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को जोन-4 क्षेत्र में सहायक अभियंता आर के मोंगिया व कनिष्ठ अभियंता रामपाल मान की टीम पुलिस बल एवं जेसीबी लेकर भोंडसी स्थित श्याम कुंज में पहुंची। टीम ने यहां पर 5 अनाधिकृत निमार्णाधीन भवनों तथा डीपीसी स्तर के 11 निमार्णों को तोडने.की कार्रवाई की। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा द्वारा चारों जोनों में अनाधिकृत निमार्णों, अवैध कब्जों, अतिक्रमण तथा अवैध कॉलोनाईजेशन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अलग-अलग इनफोर्समैंट टीमों का गठन किया हुआ है। इन टीमों का इंचार्ज सहायक अभियंता स्तर के अधिकारियों को बनाया हुआ है तथा उन्हें ही ड्यूटी मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी भी दी हुई है। इनफोर्समैंट टीमें अपने-अपने क्षेत्र में लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

## वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों को आसान भाषा में समझें कार्यशाला का हुआ आयोजन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम विश्वविद्यालय (जीयू) में मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों का बोध कराने वाली संख्याओं को किस प्रकार आसान भाषा में समझे इस विषय पर शुक्रवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रधान सलाहकार एवं वरिष्ठ पत्रकार केए बद्रीनाथ शामिल हुए।

जीयू के कुलपति दिनेश कुमार जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए उन्हें सम्मानित भी किया। मुख्य अतिथि ने वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उसके उपयोग की तकनीक छात्रों के साथ साझा की, जिसमें संख्याओं के माध्यम से वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों को आसानी से समझा जा सके। साथ ही उन्होंने आवश्यक कौशल का भी उल्लेख किया।

उन्होंने वर्तमान में आरबीआई द्वारा लिए गए आर्थिक फैसलों पर विस्तार से छात्रों के साथ चर्चा की। छात्रों के प्रश्नों का जवाब भी दिया। उन्होंने बताया कि आरबीआई द्वारा रेपो रेट में 40 बेसिक प्वाइंट की बढ़ोतरी का फैसला काफी अहम था। क्योंकि अब रेपो रेट 4.4 फीसदी हो गई है। इस कार्यशाला में मीडिया अध्ययन विभाग के डीन डॉ. राकेश कुमार योगी ,डॉ. श्वेता ,डॉ. नीरा ,डॉ. दीपिका आदि उपस्थित रहे।

## गुरुग्राम में लोक अदालत आज, 25 बेंच करेंगी सुनवाई

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

जिला में शनिवार 14 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी, जिसमें ट्रैफिक चालान, सिविल, बैंक रिकवरी, वैवाहिक मामलों सहित अदालतों में लम्बित विभिन्न मामले रखे जाएंगे। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम के प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह के निदेर्शानुसार जिला में यह लोक अदालत लगाई जा रही है।

लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए गुरुग्राम में 25 जजों की बेंच गठित की गई है। उन्होंने बेंचों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त 25 बेंचों में 4 बेंच मोटर वाहन एक्ट केसों के लिए व एक बेंच एलएसी के लिए गठित की गई है। वहीं पारिवारिक मामलों की सुलह के लिए भी एक बेंच लगाई जाएगी। लोक अदालत में लेबर से जुड़े मामलों के लिए दो बेंच बनाई गई हैं। ट्रैफिक मामलों की सुनवाई के लिए दस बेंचों का गठन किया गया है।

वहीं चेक बाउंस के मामलों की सुनवाई के लिए सात बेंच बनाने के साथ ही प्री लिटिगेशन के मामलों के लिए भी एक बेंच का गठन किया गया हैं। सब-डिवीजन सोहना व पटौदी में भी एक-एक बेंच का गठन किया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बिजली व पानी बिल, वैवाहिक व सड़क दुर्घटना सहित विभिन्न मामलों से जुड़े करीब 20 हजार केस रखे जाएंगे। लोक अदालत की सभी बेंच में एक-एक पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया जाएगा, जो लोक अदालत के दौरान मौजूद रहकर समझौता तैयार करने में न्यायालयों और डीएलएसए की मदद करेंगे।

## आप नेता बोले, ईडी व सीबीआई के नाम पर रिश्वत देने में बीजेपी नेता बत्रा पर भी कार्रवाई

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता





आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट व अशोक वर्मा एडवोकेट ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह-प्रवक्ता एवं गुरुग्राम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बत्रा के रिश्वत कांड पर सवाल खड़े करते हुए पुलिस द्वारा उन पर भी केस दर्ज करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यशपाल बत्रा ने ईडी और सीबीआई के नाम पर जो रिश्वत दी थी, इस मामले में उनके खिलाफ भी पुलिस केस दर्ज करे। भले ही आरोपी फर्जी अधिकारी बनकर उनसे पहले 10 लाख रुपये ले चुके और अब 2 लाख रुपये ले रहे हों, लेकिन सवालों के घेरे में यशपाल बत्रा भी हैं। आप नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में रहते हुए वे गुरुग्राम नगर निगम लागू होने के बाद पहले सीनियर डिप्टी मेयर बने थे। उस समय उनके द्वारा नियमों का उल्लंघन करके बिल्डिंग निर्माण किया गया। हालांकि उनकी बिल्डिंग को उनके पद पर रहते हुए ही गिराया और सील भी किया गया। अब उनके द्वारा ईडी और सीबीआई के नाम पर 10 लाख रुपये पहले रिश्वत देने और ईडी, सीबीआई अधिकारी बने लोगों द्वारा फिर से रिश्वत की मांग करने के मामले में जो खुलासा हुआ है वह हैरान कर देने वाला है। आप नेताओं ने कहा कि बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के मामले में वे इतनी मोटी रिश्वत दे सकते हैं, यह भी बड़े सवाल खड़े करता है। क्योंकि यशपाल बत्रा ने इस रिश्वत को बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के नाम पर ही एफआईआर में दशार्या है। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के मामले में ईडी और सीबीआई उनके दरवाजे तक पहुंच सकती है, यह भी एक बड़ा सवाल खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि इसमें और भी कुछ गड़बड़ी पाई जा सकती है।

- बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के केस में ईडी, सीबीआई को भी खरीदने चले थे यशपाल बत्रा
- ईडी, सीबीआई को रिश्वत के नाम पर बत्रा ने भी किया है बदनाम

## गौवंश के संरक्षण के लिए गौरक्षक आचार्य प्रशांत शर्मा ने शुरू किया देश भ्रमण

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

गौसंरक्षण को लेकर कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं जुटी हुई हैं। इस कार्य में गौरक्षक भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। गौरक्षक सेवादल के अध्यक्ष आचार्य प्रशांत शर्मा गौरक्षा को लेकर पूरे देश के भ्रमण पर हैं। उन्होंने संकल्प लिया हुआ है कि जब तक गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित नहीं किया जाता, तब तक वह चप्पल नहीं पहनेंगे। उनके भ्रमण का पहला प्रवास गुडगांव की साध्वी सविता कटारिया द्वारा संचालित श्रीराधाकृष्ण गौशाला में रहा। इस गौशाला में असंख्य गौवंश का पालन-पोषण साध्वी द्वारा किया जा रहा है। प्रशांत को आचार्य योगेंद्र का विशेष शिष्य माना जाता है। प्रशांत ने बताया कि वह देश के विभिन्न प्रदेशों का भ्रमण कर गौवंश के संरक्षण की अपील स्वयंसेवी व धार्मिक संस्थाओं से करेंगे। उनका कहना है कि गौमाता की भूख से मृत्यु न हो, सभी को इस विषय में सोचना होगा। देश में दानवीरों की कोई कमी नहीं है। यदि आम आदमी भी चाहे तो गौवंश को बढ़ावा देते हुए इनकी रक्षा कर सकता है, लेकिन इच्छाशक्ति के अभाव में ये संभव नहीं हो पा रहा है। सरकार को भी गौहत्या जैसे अपराध को खत्म करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए और इस आपराधिक कार्यों में जुटे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही भी करनी चाहिए। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। उनका कहना है कि उनके इस दौरे का उद्देश्य है कि जिन स्थानों पर गौवंश की सेवा ठीक प्रकार से नहीं हो रही है और जहां पर गौमाता के प्रति क्रूरता की जा रही है, इसकी जानकारी ली जाए और कानून के हिसाब से कार्यवाही कराई जाए।

**भ्रमण**

- भ्रमण का पहला प्रवास गुडगांव की साध्वी सविता कटारिया द्वारा संचालित श्रीराधाकृष्ण गौशाला में रहा

## महिला सशक्तिकरण में रूडसेट संस्थान की अहम भूमिका : प्रदीप गंभीर

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



रूडसेट द्वारा महिलाओं के लिए 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में आरसेटी के राज्य निदेशक प्रदीप गंभीर शामिल हुए। कार्यक्रम में 26 महिलाएं प्रशिक्षण ले रही हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य है कि यहाँ से प्रशिक्षण लेने के बाद ये महिलायें अपना स्व-रोजगार स्थापित कर सकेंगी।

संस्थान के निदेशक संजय ढ़ींगड़ा ने बताया कि संस्थान समय की मांग के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करते आ रहा है और भविष्य में भी आयोजित करेगा जिसके लिए संस्थान वचनवद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिलाई के अलावा दिशा बद्धता, लेखा जोखा, गुणवत्ता, ग्राहक प्रबन्धन, विपणन आदि विषयों पर भी सत्र लिया जाएगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के इस परिवेश में नारी श्रृंगार का माँग काफी बढ़ गया है इसलिए इस क्षेत्र में विकास के अवसर असिमित है।

उन्होनें सुझाव दिया कि आप इस प्रशिक्षण को अपने व्यवसाय के रूप में अपनाये ताकि आप अपने अलावा औरों को भी रोजगार मुहैया करा सकें। संस्थान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रहा है जो समाज तथा देश के उत्थान के लिए सराहनीय कदम है। नरेंद्र ने कहा कि प्रशिक्षण को पूरी लगन के साथ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को अपने स्व-रोजगार के रूप में अपनाएं ताकि अपने अलावा दूसरों को भी मदद कर सके।

राजेश्वर प्रसाद ने बताया कि संस्थान द्वारा 18 जून से फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी तथा 1 जुलाई से कम्प्यूटर डीटीपी का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

# देशद्रोह कानून क्यों चाहिए

राजद्रोह के औपनिवेशिक कानून पर सर्वोच्च न्यायालय ने भारत सरकार का आग्रह स्वीकार नहीं किया। कानून की धारा 124-ए की समीक्षा और संवैधानिक वैधता जारी है। किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ ने केंद्र सरकार से सवाल किए थे कि जिन पर यह धारा थोप दी गई और जो जेल में कैद हैं, उनका क्या होगा? क्या सरकार सुनिश्चित करेगी कि समीक्षा की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी पर भी राजद्रोह कानून की धारा नहीं लगाई जाएगी? क्या केंद्र सरकार राज्यों को भी निर्देश देगी कि धारा 124-ए का फिलहाल इस्तेमाल न किया जाए? जब मोदी सरकार करीब 1500 पुराने कानूनों को खारिज कर सकती है, तो वह राजद्रोह कानून को क्यों रखना चाहती है? यह सवाल प्रधान न्यायाधीश जस्टिस एन.वी.रमना ने उठाया था। बहरहाल तय कार्यक्रम के अनुसार, भारत सरकार ने सर्वोच्च अदालत में अपने हलफनामे के जरिए न्यायाधीशों के सवालों के जवाब दे दिए हैं। सरकार के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में पक्ष रखा था कि प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि के संदर्भ में देशद्रोह कानून पर पुनर्विचार किया जाएगा। सरकार धारा 124-ए के दुरुपयोगी प्रावधानों और सरकारों की प्रतिशोधात्मक मानसिकता की समीक्षा करेगी, लिहाजा सुप्रीम अदालत में फिलहाल सुनवाई स्थगित कर दी जाए।

भारत सरकार के अनुरोध पर न्यायिक पीठ ने समय तो दिया, लेकिन सवालों के साथ हलफनामा भी बुधवार 11.30 बजे तक मांग लिया। ब्रिटिश सरकार के इस उपनिवेशवादी कानून की वैधता और जरूरत पर कोई निर्णय लेने से पहले न्यायाधीश भारत सरकार का अद्यतन रुख जानना चाहते हैं। अंग्रेजों ने 1860 में यह कानून बनाया और 1870 में इसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) से जोड़ा। भारत तब ब्रिटिश साम्राज्य का गुलाम था। उस कालखंड में ऐसे कानून की प्रासंगिकता समझ में आती है, क्योंकि ब्रिटिश हुकूमत हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के रणबांकुरों पर यह कानून चस्पा कर संपूर्ण क्रांति को ही कुचल देना चाहती थी। 1897 में और उसके बाद बाल गंगाधर तिलक पर 3 बार और 1922 में महात्मा गांधी पर यह अमानवीय कानून थोपा गया। उन्हें जेल भेजा गया, लेकिन आज हम एक स्वतंत्र गणतंत्र हैं और कोई भी नागरिक, अपने देश के खिलाफ, देशद्रोह क्यों भड़काएगा? बेशक ऐसी काली भेड़ें हरेक घर, समाज, देश में होती हैं, लेकिन उनके लिए दूसरी कानूनी धाराएं पर्याप्त हैं। दरअसल आजाद भारत में भी इस कानून का जमकर दुरुपयोग किया गया है। राजनीतिक या पेशेवर विरोधियों का खूब उत्पीड़न किया गया है। हास्यास्पद है कि पत्रकारों, लेखकों, कॉर्टूनिस्टों, बौद्धिक आलोचकों और पूर्व राज्यपाल तथा मौजूदा सांसदों को देशद्रोही करार दिया जाता रहा है, लेकिन ऐसे मामले अदालतों में टिक नहीं पाते, क्योंकि देशद्रोह के आरोपित आधार बहुत कमजोर होते हैं। 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद राजद्रोह के दर्ज मामलों में करीब 65 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। 2010 से 2022 के बीच इस धारा का इस्तेमाल कर 13,306 गिरफ्तारियां की गई हैं। 2019 में इसके तहत सजा की औसत दर मात्र 3 फीसदी रही है।

इस कानून के लागू होने के मद्देनजर जो आधार तय किए गए थे, वे ब्रिटिश काल में भी लगभग वही थे। हमारा संविधान बोलने, लिखने, कहने, आलोचना करने का अधिकार देता है, तो सरकारें उन्हें राजद्रोह करार क्यों देती रही हैं? सर्वोच्च अदालत के सामने कई याचिकाएं हैं। उनमें सम्मानित नागरिक भी हैं और पूर्व सैन्य अधिकारी भी हैं। वे औपनिवेशिक कानून हटाने के पक्षधर हैं, क्योंकि ब्रिटेन ने भी 2009 में राजद्रोह का कानून समाप्त कर दिया था। अमरीका में भी ऐसा कानून नहीं है। संभव है कि आतंकवाद सरीखी गतिविधियों के मद्देनजर संप्रभु सरकारें यह कानून चाहती हैं। फिर भी समीक्षा की शुरूआत हुई है, तो सर्वोच्च अदालत को अब निर्णायक निष्कर्ष देना चाहिए। संवैधानिक वैधता तो 1962 के चर्चित केदारनाथ सिंह बनाम बिहार सरकार वाले मामले में भी तय कर दी गई थी। वह निर्णय 5 न्यायाधीशों की पीठ का था। अब यह भी तय किया जाना है कि क्या उससे बड़ी पीठ को इस मामले की समीक्षा सौंपी जाए? यह आलेख लिखने के दौरान ही सर्वोच्च अदालत का अंतरिम आदेश आया है कि धारा 124-ए के तहत कोई भी नया केस दर्ज नहीं किया जाएगा।

# समाज कल्याण के व्यापक आयाम

**उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों के दौरान व्यवस्था बदलाव के प्रभावी प्रयास किये गए। इसके चलते ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से लेकर ईज ऑफ लिविंग की रैंकिंग में अभूतपूर्व मुकाम हासिल हुआ है। इसके पहले उत्तर प्रदेश का इस क्षेत्र में पिछड़ा माना जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वप्रथम प्रदेश की व्यवस्था को बदलने का कार्य किया। इसका सकारात्मक प्रभाव अनेक क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। ईज ऑफ लिविंग अभियान के अंतर्गत योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन सभागार में ई पेंशन पोर्टल का शुभारंभ किया।**






**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

समाज कल्याण के व्यापक आयाम होते हैं। लोक कल्याणकारी सरकार से इन सभी पर एक साथ प्रयास करने की अपेक्षा रहती है। इस आधार पर सरकार के कार्यों का आकलन किया जाता है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस दायित्व का बखूबी निर्वाह किया। यही कारण है कि ईज ऑफ लिविंग में उत्तर प्रदेश का ग्राफ बहुत ऊपर हुआ है। विगत पांच वर्षों के दौरान समाज कल्याण के सभी मोर्चों पर एक साथ प्रभावी कार्य किया गया। इस दौरान दो वर्ष तक कोरोना महामारी का प्रकोप रहा। आपदा की इस अवधि में समाज कल्याण के कार्यों की सर्वाधिक आवश्यकता थी। केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने गरीबों के भरण-पोषण हेतु विश्व की सबसे बड़ी निःशुल्क राशन योजना लागू की। योगी आदित्यनाथ ने अपनी दूसरी पारी इस योजना की समय सीमा बढ़ाने के साथ की।

उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों के दौरान व्यवस्था बदलाव के प्रभावी प्रयास किये गए। इसके चलते ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से लेकर ईज ऑफ लिविंग की रैंकिंग में अभूतपूर्व मुकाम हासिल हुआ है। इसके पहले उत्तर प्रदेश का इस क्षेत्र में पिछड़ा माना जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वप्रथम प्रदेश की व्यवस्था को बदलने का कार्य किया। इसका सकारात्मक प्रभाव अनेक क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। ईज ऑफ लिविंग अभियान के अंतर्गत योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन सभागार में ई पेंशन पोर्टल का शुभारंभ किया। पेंशनधारकों को यह सुविधा उपलब्ध कराने वाला यूपी देश का पहला राज्य है।

सात वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया अभियान शुरू किया था। इसके अंतर्गत देश में चालीस करोड़ जन-धन खाते खोले गए। व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के तकनीकी प्रयास किये गए। इससे जरूरतमंदों को सीधा व शत-प्रतिशत लाभ मिलना सुनिश्चित हुआ। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने भी व्यापक सुधार किए। इसके अनुरूप प्रदेश सरकार के वित्त विभाग ने ई-पेंशन पोर्टल का विकास किया। इससे पेंशन व्यवस्था को सुगम व पारदर्शी बनाया गया है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत पेंशनर को सेवानिवृत्त होने के छह माह पहले ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और आवेदन करना है। रजिस्ट्रेशन करने के बाद आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा पेंशनर के आवेदन की जांच कर 30 दिनों के अन्दर पेंशन पेमेण्ट ऑर्डर जारी करने वाले अधिकारी को अग्रसारित कर दिया जाएगा। पीपीओ जारी करने वाले अधिकारी द्वारा 30 दिनों के अन्दर पीपीओ जारी कर दिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया सेवानिवृत्ति से तीन महीने पहले पूर्ण कर ली जाएगी। यहां से पेंशन के कागजात पूर्ण होने का संदेश आवेदनकर्ता के पास आ जाएगा। नियत तिथि को कोषागार द्वारा पेंशनर के खाते में पेंशन का ऑनलाइन भुगतान हो जाएगा। यह पोर्टल कॉन्टैक्टलेस है। कहीं जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना है। शेष प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। यह पेपरलेस तथा कैशलेस है। पूरी प्रक्रिया सेवानिवृत्ति के छह माह पूर्व से शुरू होकर अपने आप पूरी हो जाएगी।

यह सुविधा अनेक उपलब्धियों से भरी है। पेंशन के लिए किसी को भटकना नहीं पड़ेगा। इसी प्रकार दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग की जगह दिव्यांग संबोधन का प्रयोग किया था। उनका कहना था कि शारीरिक रूप से अक्षम लोगों में कोई न कोई दिव्य प्रतिभा अवश्य होती है। अवसर मिलने से उनकी प्रतिभा में निखार आता है। जिससे वह समाज व के सामने अपनी क्षमता को प्रमाणित भी करते है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस विचार को आगे बढाते रहे हैं। इन प्रयासों से विकलांगों के प्रति समाज की धारणा बदल रही है। दिव्यांग शब्द में एक सम्मान का भाव है। अब यह शब्द प्रचलन में आ गया है। योगी आदित्यनाथ ने भारत की ऋषि परम्परा में ऋषि अष्टावक्र व महाकवि सूरदास का उल्लेख किया। कहा कि इन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा से समाज को नई दिशा प्रदान की। उनकी भक्ति, विचार व साहित्य शाश्वत रूप में प्रासंगिक रहेंगे। भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंस ने भी दिव्यांग शब्द को चरितार्थ किया है। उनकी दिव्य प्रतिभा को भी लोगों ने देखा व स्वीकार किया है। उन्होंने ब्रह्माण्ड के रहस्य पर महत्वपूर्ण शोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के पास कुछ न कुछ क्षमता अवश्य है। अयोग्यः पुरुषो नास्तिः। कुछ भी अयोग्य नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर कुछ न कुछ गुण अवश्य होता है। इसके लिये उनको अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है।

योगी आदित्यनाथ डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में आयोजित विभिन्न कार्यों के शिलान्यास एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम में सहभागी हुए। उन्होंने कहा है कि व्यक्ति के विवेक,साहस,विचार और बुद्धिमत्ता से उसकी पहचान बनती है। इनका स्थूल रूप में मूल्यांकन नहीं हो सकता। शारीरिक रूप में कठिनाई का सामना करते हुए भी लोग जीवन में सफल हो सकते है। यह विश्वविद्यालय दिव्यांगजनों के पुनर्वास में योगदान कर रहा है। यहां के आधे विद्यार्थी दिव्यांग व आधे सामान्य हैं। इनका परस्पर समन्वय, संवाद व सहयोग सार्थक हो रहा है। यहां अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय स्थापित होने जा रहा है। डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूत बनाने के लिए शासन ने प्रदेश के एक करोड़ बच्चों को टैबलेट एवं स्मार्टफोन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसमें हर प्रकार के पाठ्यक्रम टैग होंगे। इसका विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा औद्योगिक विकास विभाग के समन्वय से नए नए प्रोग्राम के साथ इन बच्चों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इससे ऑनलाइन एजुकेशन के साथ-साथ इन विद्यार्थियों को किसी परीक्षा की ऑनलाइन तैयारी के लिए भी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

# बांग्ला अकादमी : पुरस्कार पर रार-टकरार

**तसलीमा की सोशल मीडिया पर कही गई बातों से साहित्य जगत में एक भूचाल सा आ गया। बांग्लादेश से निकाले जाने के बाद महीनों तक बंग भूमि में रहने वाली तसलीमा का ट्वीट- यदि बदमाश, बेशर्म, हत्यारा, लुटेरा चोर है तो समझ में आता है, लेकिन जब कला और साहित्य की दुनिया में लोग बेशर्म हो जाते हैं, तो उस समाज से कुछ भी उम्मीद नहीं की जा सकती। अच्छा हुआ कि मैं अब उस शहर (कोलकाता) में नहीं रहती। अगर मैं रहती तो मुझे निराशा होती। यह बताने और समझने के लिए काफी है कि रवींद्रनाथ, विवेकानंद, विद्यासागर, रामकृष्ण परमहंस की कर्मभूमि अब जी-हुजूरी की गवाह बनती जा रही है।**





**शंकर जालान**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

देश की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले शहर कोलकाता में पुरस्कार पर रार और टकरार मानो आम बात हो गई है। बीती जनवरी को सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री व माकपा नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए पद्म भूषण पुरस्कार को लेने से मनाकर दिया था तब भी पुरस्कार को लेकर रार-टकरार की स्थिती उत्पन्न हुई थी और अब तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दिए गए बांग्ला अकादमी विशेष पुरस्कार के बाद फिर से न केवल रार-टकरार की स्थिति पैदा हुई, बल्कि बांग्लादेश की निर्वासित लेखिका तसलीमा नसरीन ने कड़ी आलोचना तक की। और तो और एक बंगाली लेखिका व लोक संस्कृति शोधकर्ता ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान को लेकर विशेष पुरस्कार देने के पश्चिम बंग बांग्ला अकादमी के फैसले के विरोध में अकादमी द्वारा खुद को दिया गया पुरस्कार लौटा दिया। रत्ना राशिद बनर्जी नामक लेखिका ने अन्नद शंकर स्मारक सम्मान लौटाया, जिससे अकादमी ने साल 2019 में उन्हें सम्मानित किया था।

तसलीमा की सोशल मीडिया पर कही गई बातों से साहित्य जगत में एक भूचाल सा आ गया। बांग्लादेश से निकाले जाने के बाद महीनों तक बंग भूमि में रहने वाली तसलीमा का ट्वीट- यदि बदमाश, बेशर्म, हत्यारा, लुटेरा चोर है तो समझ में आता है, लेकिन जब कला और साहित्य की दुनिया में लोग बेशर्म हो जाते हैं, तो उस समाज से कुछ भी उम्मीद नहीं की जा सकती। अच्छा हुआ कि मैं अब उस शहर (कोलकाता) में नहीं रहती। अगर मैं रहती तो मुझे निराशा होती। यह बताने और समझने के लिए काफी है कि रवींद्रनाथ, विवेकानंद, विद्यासागर, रामकृष्ण परमहंस की कर्मभूमि अब जी-हजूरी की गवाह बनती जा रही है। नसरीन यहीं नहीं रूकी, उन्होंने न केवल आगे लिखा बल्कि बेहद कड़े शब्दों में लिखा- कोलकाता में कवियों और लेखकों के लिए जितना सम्मान था, लोगों की ईमानदारी और साहस के लिए उतना ही आकर्षण भी, वह सब धीरे-धीरे जा रहा है। चारों तरफ चाटुकारिता चल रही है। पैसा, सत्ता, नाम और पुरस्कार के लालच ने इंसान को इतना छोटा कर दिया है कि अब किसी का चेहरा नहीं दिखता।

दूसरी ओर, अकादमी के अध्यक्ष व राज्य शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु को लिखे एक पत्र में रत्ना राशिद बनर्जी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर एक नया साहित्य पुरस्कार प्रदान करने के अकादमी के फैसले के मद्देनजर यह पुरस्कार (अन्नद शंकर स्मारक सम्मान) उनके लिए कांटों का ताज बन गया है। उक्त लेखिका ने पत्र के माध्यम से तत्काल प्रभाव से पुरस्कार वापस करने के अपने निर्णय के बारे में अकादमी को अवगत करा दिया है। उनके खत का सार है एक लेखक के रूप में मैं मुख्यमंत्री को साहित्य पुरस्कार देने के कदम से अपमानित महसूस कर रही हूं। यह एक बुरी मिसाल कायम करेगा। अकादमी का यह कदम सत्य का उपहास है, जिसमें साहित्य के क्षेत्र में मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों की प्रशंसा की गई है।

मालूम हो कि इस वर्ष शुरू किए गए इस पुरस्कार की घोषणा सोमवार को टैगोर की जयंती के मौके पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की पुस्तक कविता बितानह्ल के लिए की गई थी, जो 900 से अधिक कविताओं का संग्रह है।

मालूम हो कि इससे पहले इस साल की शुरूआत में 26 जनवरी की पूर्व संध्या यानी 25 जनवरी की शाम पद्म पुरस्कार की घोषणा की गई, इस बार विभिन्न क्षेत्र के कुल 128 ( 4 पद्म विभूषण, 17 पद्म भूषण व 107 पद्म श्री) विशिष्टजनों के नामों का एलान किया था और इसके तुरंत बाद ही पुरस्कार पर रार और टकरार शुरू होने के साथ-साथ चयन प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे थे। पश्चिम बंगाल से संबंध रखने वाले तीन लोगों ने भिन्न-भिन्न कारणों से पद्म पुरस्कार स्वीकार करने से मना दिया। अब इसे इत्तेफाक कहे या कुछ और कि जिन तीन लोगों ने पुरस्कार लेने से इंकार किया सभी के सभी का बांग्लाभाषी थे।

अबकी पद्म पुरस्कार के लिए बंगाल से जिन आठ लोगों के नाम थे वे थे- पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य (पद्म भूषण), बांग्ला गायिका संध्या मुखर्जी (पद्म श्री), वैज्ञानिक संघमित्रा बंद्योपाध्याय (पद्म श्री), कला में काजी सिंह (पद्म श्री), तबला वादक अनिंद्य चटर्जी (पद्म श्री), अभिनेता विक्टर बनर्जी (पद्म श्री), शिक्षक कालीपद सरेन (पद्म श्री) और उद्योगपति प्राद राय अग्रवाल (पद्म श्री)। इन आठ में से तीन लोगों ने पुरस्कार ठुकराने की बात कही। माकपा के वरिष्ठ नेता भट्टाचार्य ने यह कहते हुए पुरस्कार लेने से इंकार किया कि वे उक्त पुरस्कार के बारे में कुछ जानते नहीं तो गायिका मुखर्जी ने खुद को पुरस्कार से ऊंचा बताया और तबला वादक चटर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रति आभार जताते और यह कहते हुए पुरस्कार ग्रहण करने में असहमति जताई कि इस पड़ाव पर वे पुरस्कार नहीं ले सकते।

यह बिल्कुल सच है कि कोई भी पुरस्कार और सम्मान व्यक्ति को पहचान दिलाता है उसे और अधिक अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है, लेकिन यह सब बातें तक लागू होती हो जब सम्मान या पुरस्कार विवाद रहित हो। पद्म भूषण अस्वीकार कर जहां बुद्धदेव भट्टाचार्य का आलोचना का शिकार होना पड़ा था वहीं बांगला अकादमी का पुरस्कार ग्रहण करने को लेकर न केवल ममता बनर्जी, बल्कि पश्चिम बंग बांगला अकादमी सवालों के घेरे में है।

# हम भी वही कर रहे है, जो मुगलिया शासकों ने किया था!

**ओमप्रकाश मेहता**

एक बहुत पुरानी कहावत है- इतिहास स्वयं को दोहराता है ....आज उसी पुरानी कहावत के भारत में साक्षात दर्शन हो रहे है, आज से कुछ शताब्दियों पूर्व तत्कालीन शासकों ने जिस धर्म आधारित राजनीति के तहत हमारे देश के आराधना स्थलों को खण्डहरों में परिवर्तित कर उनकी जगह अपनी धर्म पताकाएँ फहराई, आज हम भी उसी इतिहास को दोहराने की ओर अग्रसर है और गैर हिन्दू आराधना स्थलों पर अपने मंदिरों के प्राचीन अवशेष खोज रहे है, उस समय के तत्कालीन शासकों ने भी मजहब से प्रभावित हो कर अनैतिक कार्य किया था और आज हम भी धार्मिक भावनाओं से ग्रसित होकर वही करने जा रहे है, आखिर इससे हमें हासिल क्या होना है? क्या आज हमारे देश में आराधना स्थलों की कमी है, जो हम नए पुरातन आराधना स्थलों की खोज कर रहे है? या हमारे इस कृत्य के पीछे हमारी भावनाएँ व हमारे प्रयास कुछ और है? आज हर भारतीय के लिए यह आत्मचिंतन का विषय होना चाहिए।

यह कृत्य यहीं तक सीमित होता तो फिर भी ठीक था, किंतु हम तो इस कृत्य के माध्यम से नए शोध के नाम पर हमारे पुरातन इतिहास को बदलने का प्रयास कर रहे है, जिसका ताजा उदाहरण यह सिद्ध करने का प्रयास किया जा रहा है कि विश्व के सात अजूबों में से एक हमारे देश की धरोहर ताज महल मुस्लिम शासक शाहजहां ने अपनी बैगम मुमताज की स्मृति में नहीं बनवाया था, बल्कि वहां किसी परारदी देव ने तेजो महालय (शंकर मंदिर) स्थापित किया था, जिसे तोड़कर वहां थोड़ा-बहुत परिवर्तन कर आज के ताज महल को बनवाया गया, इसके प्रमाण में कई दलीलें भी दी जा रही है, जिनमें से एक दलील यह है कि मुगल शासक अपने किसी भी निर्माण कार्य के नामकरण के साथ महल के नाम पर नहीं करते थे, अब यह भी दावा किया जा रहा है कि ताज महल के नीचे 22 कमरे है, जिन्हें 1934 के बाद से आज तक खोला नहीं गया है, इन कमरों में हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियाँ, भित्तीचित्र और शिला लेख विद्यमान है, अब न्यायपालिका में गुहार लगाकर इन रहस्यमयी कमरों को खुलवाकर जांच कराने की याचना की जा रही है। फिलहाल ताज महल यूपी सुन्नी वक्फ कमेटी के नियंत्रण में है।

ठीक यही विवाद एक और विश्व धरोहर दिल्ली स्थित कुतुब मीनार को लेकर है, इतिहासकारों के अनुसार इस मीनार का निर्माण 1192 में तत्कालीन मुस्लिम शासक कुतुबद्धिन ऐबक ने करवाया था, उसने अपने ही नाम पर इसका नामकरण भी किया था। अब देश के हिन्दू संगठन दावा कर रहे है कि इसी मीनार में हिन्दू देवी देवताओं के सत्ताईस मंदिर है, संगठनों ने पिछले दिनों धरना प्रदर्शन के माध्यम से न सिर्फ इन मंदिरों की पूजा का अधिकार देने की मांग की बल्कि कुतुबमीनार का नाम बदलकर विष्णु स्तंभ करने की भी मांग की, यह मीनार भी दुनिया की अमूल्य धरोहरों में से एक है और यदि इसका नाम बदला गया तो इसका विश्व धरोहर का दर्जा भी छीन जाएगा, किंतु धर्मान्धियों को इस बात की कोई चिंता नहीं है इसी के चलते विश्व प्रसिद्ध भारत की इन दोनों धरोहरों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

यह तो हुई हमारी विश्व प्रसिद्ध धरोहरों के अस्तित्व की बात। अब यदि हम हमारे तीर्थस्थलों की बात करें तो वहां भी नए-नए दावे कर इन तीर्थस्थलों की साम्प्रदायिकता के दायरे में लाने का प्रयास किया जा रहा है, अयोध्या का बाबरी मस्जिद काण्ड तो किसी से छिपा नहीं है, अब इसी काण्ड को हमारे प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ काशी (वाराणसी) और मथुरा में दोहराने के प्रयास किए जा रहे है, कहा जा रहा है कि वाराणसी में बाबा विश्वनाथ जी के मंदिर के निकट स्थित ज्ञानवापी मस्जिद मंदिर की ही जमीन पर बनाई गई है, न्यायालय के आदेश पर जब जांच दल वहां पहुंचा तो मस्जिद के प्रबंधकों ने उन्हें सर्वेक्षण करने से रोक दिया, अब न्यायालय पुनः सर्वेक्षण की तारीख तय कर निर्देश देने वाला हैं। यही विवाद अब राम जन्मभूमि (अयोध्या) के बाद कृष्ण जन्मभूमि (मथुरा) में भी शुरू हो रहा है, वहां भी कृष्ण जन्मभूमि स्थित मंदिर के पास स्थित मस्जिद के बारे में कहा जा रहा है कि कृष्ण मंदिर के एक हिस्से को तोड़कर वहां मस्जिद बनाई गई है, वहां भी हिन्दू संगठन आंदोलनरत है।

# मोची-बंधुओं के स्वागत में शिवराज सरकार

**प्रमोद भार्गव**

मध्य-प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनुसूचित जाति के मोचियों को बंधु बनाकर लुभाने का सिलसिला शुरू कर दिया है। शिवराज सरकार ने मुख्यमंत्री निवास में मोची-सम्मेलन व संत रविदास समारोह के बहाने यह सिलसिला शुरू किया है। इस मौके पर शिवराज ने कहा कि ह्यगरीब के चेहरे पर मुस्कान, उसकी इज्जत और सम्मान सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जो सबसे पीछे है, जो गरीब है, उनकी भलाई सरकार के लिए सबसे पहले है। अंत्योदय का यही उत्थान दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन है ह्व इस नाते सरकार मोची-बंधुओं के उत्पादों को श्रेष्ठ बनाने के लिए प्रशिक्षण देगी और उत्पाद बेचने के लिए नई नीति का निर्माण करेगी। प्रषिक्षण के साथ सरकार टूल किट भी देगी। ऐसा करने से उत्पादों का आधुनिकीकरण होगा, जाहिर है मांग बढ़ेगी और उत्पादकों को दाम भी अच्छे मिलेंगे। संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी और मोची-बंधुओं को रविदास की जन्मस्थली के दर्षन के लिए बनारस की मुफ्त यात्रा कराई जाएगी। मोची परिवारों को ईंधन के लिए गैस-चूल्हा, बीमारियों से उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड और परिवार संबल योजना का लाभ पहले से ही दिया जा रहा है। मोचियों को प्रशिक्षण के लिए क्रिस्प एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फुटवियर डिजाइनिंग, नई दिल्ली से प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। ह्यमुख्यमंत्री पादुका योजनाह्व के अंतर्गत उक्त कवायाद की जाएगी। जाहिर है, ये सभी कोशिशें मायावती की कमजोर हो चुकी बहुजन समाज पार्टी के प्रतिबद्ध मतदाताओं को भाजपा से जोड़ने के लिए हैं। ऐसा होता है तो कांग्रेस चारों खाने चित्त दिखाई देगी।

आजादी के 75 सालों में न शिल्पकारों के प्रति पहली बार किसी राज्य सरकार ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। अन्यथा पूरे देश में मौजूद दलित की श्रेणी में आने वाले इस जातीय समूह का राजनीतिक दल वोट बैंक के रूप में ही इस्तेमाल करते रहे हैं। प्रदेश में जब इसी जाति से आने वाली मायावती बसपा के हाथी पर सवार होकर राज्य सिंहासन पर आरूढ़ हुई थीं,तब यह उम्मीद बंधी थी कि वे दलित कल्याण के कारगार उपाय करेंगी? लेकिन सोशल इंजीनियरिंग के प्रपंच के बहाने उन्होंने सिर्फ बसपा के विस्तार और स्वयं प्रधानमंत्री बन जाने की महत्वाकांक्षा के चलते दलितों से कहीं ज्यादा सवर्णों की परवाह की। लिहाजा दलितों के परिप्रेक्ष्य में सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक असमानता जस की तस बनी रही। इन कोशिशों को विपक्ष भले ही राजनीतिक फायदे के लिए दलितों के लुभाने और बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के उपाय माने, बावजूद इसे प्रगतिशील समाजवादी पहल ही मानी जाएगी।

दरअसल बहुजन समाज पार्टी को वजूद में लाने से पहले कांशीराम ने लंबे समय तक दलितों के हितों की मुहिम डीएस-4 के माध्यम से चलाई थी। इसका सांगठनिक ढ़ांचा खड़ा करने के वक्त बसपा की बुनियाद पड़ी और पूरे हिंदी क्षेत्र में बसपा का संगठात्मक व रचनात्मक ढ़ांचा खड़ा करने की ईमानदार कोषिषें हुई। कांशीराम के वैचारिक दर्षन में डॉ भीमराव अंबेडकर से आगे जाने की सोच तो थी ही दलित और वंचितों को करिष्माई अंदाज में लुभाने की प्रभावशाली नेतृत्व दक्षता भी थी। यही वजह रही कि बसपा दलित संगठन के रूप में अवतरित हो पाई। लेकिन मायावती की पद एवं धनलोलूप मंशाओं के चलते उन्होंने बसपा में ऐसे बेमेल प्रयोगों का तड़का लगाया कि उसके बुनियादी सिद्धांत चकनाचूर हो गए। नतीजतन दलित और सवर्ण का यह बेमेल समीकरण उत्तर-प्रदेश में तो ध्वस्त हुआ ही,नरेंद्र मोदी के देशव्यापी और योगी आदित्यनाथ के उत्तर-प्रदेश में उदय के साथ पूरे देश में ध्वस्त हो गया। संभव है, यही स्थिति 2023 के विधानसभा चुनाव के मध्य-प्रदेश में दिखाई दे।

ऐसा इसलिए संभव हुआ,क्योंकि मायावती ने उन नीतियों में बदलाव की कोई पहल नहीं की,जिनके बदलने से सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक परिदृष्य बदलने की उम्मीद बढ़ती? यहां तक की मायावती जातीयता के बूते सत्ता हंस्तारण की बात खूब करती रहीं,लेकिन जातियता के चलते अछूत बना दिए गए समुदायों के अछूतोद्धार के लिए उन्होंने आज तक कुछ नहीं किया? जबकि शिवराज सिंह और अन्य भाजपा नेताओं ने मोचियों के साथ बैठकर भोजन किया। इसके उलट उन्होंने अपने शासनकाल में सवर्ण,पिछड़े व मुस्लिमों को लुभाए रखने के नजरिए से उन सब फौजदारी कानूनों को शिथिल कर दिया था,जिनके वजूद में रहते हुए ये लोग दलितों पर अत्याचार करने से भय खाते थे? अनुसूचित जाति,जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम को माया-राज में ही शिथिल किया गया। इससे दलित उत्पीड़न के आरोपी को दण्ड झेलने से बच निकलने की सुविधा हासिल हो गई थी।

मध्य-प्रदेश में ग्वालियर और उत्तर-प्रदेश में आगरा और कानपुर का पूरा जूता उद्योग मोची कहे जाने वाले शिल्पकारों के दम पर ही आबाद है। मध्य-प्रदेश में अनेक नगर और कस्बों में जूते-चप्पल मोची समुदाय बनाता है। परंपरागत ज्ञान के बूते यह इस कला में इतने कुशल हैं कि देश की नामी-गिरामी जूता बनाने वाली कंपनियां इन्हीं से मनचाहे जूते बनवाकर महज उस पर अपने नाम का ठप्पा लगाती हैं और आकर्षक पैकिंग करके देशभर में ऊंचे दामों पर बेचती हैं। जूते-चप्पलों की मौलिक डिजाइन भी यही लोग रचते हैं। कम पढ़े-लिखे होने और आत्मविश्वास के अभाव में ये लोग अपने उत्पाद की मर्केटिंग नहीं कर पाते। जाहिर है, बजार में उत्पाद को सीधे उतरना इनके बूते की बात नहीं है। इसलिए वाकई यदि सरकार इनका कल्याण चाहती है तो जूता उद्योग को लघु उद्योग का दर्जा दे और इसी समुदाय के लोगों के सहकारी व स्व सहायता समूह बनाकर इनके व्यापार को नई दिशा दे। इस समुदाय के जो युवा बातचीत में निपुण हों,उन्हें वाणिज्य के गुर सिखाने का काम भी प्रदेश सरकार को करना होगा।

इस दिशा में शिवराज सरकार का मोची-बंधुओं को पारंपरिक रोजगार के लिए सुविधाएं व प्रशिक्षण देने का निर्णय भी व्यावहारिक व तार्किक है। क्योंकि इस समुदाय के ज्यादातर कामगारों के पास घरों में ही जूता बनाने की लाचारी है। जूते-चप्पलों की मरम्मत व पॉलिश करने का काम तो ये आज भी फुटपाथों के किनारे खुले में करते हैं। इनके पास अपने उत्पाद बेचने के लिए बाजार में दुकानें नहीं हैं। सम्मानपूर्वक धंधा करने के लिए बाजार में दुकान का होना जरूरी है। गोद लेने की प्रक्रिया के क्रम में इन्हें बैंक से कर्ज दिलाने के हलात से न जोड़ा जाए? क्योंकि यह कार्रवाई पेचीदी तो है ही,रिष्वतखोरी से भी जुड़ गई है। लिहाजा कर्ज के जोखिम में डालकर इनका भला मूमकिन नहीं है?

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### नगीना नगर की कमेटी तत्काल प्रभाव से भंग

बिजनौर। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन के आदेश अनुसार समाजवादी पार्टी नगीना के नगर अध्यक्ष को नगर अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से पद मुक्त किया जाता है तथा नगीना नगर की कमेटी तत्काल प्रभाव से भंग की जाती है।

### पूठ धाम के रास्ते पर कीचड़ व जलभराव से आवागमन दूभर

हसनपुर। पूठ गंगा धाम के लिंक मार्ग पर कीचड़ व जलभराव की वजह से आवागमन दूभर हो रहा है। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, इसे लेकर ग्रामीणों में रोष है।लिंक मार्ग पर लठीरा गांव के नजदीक कीचड़ व गंदगी रास्ते पर पसरी हुई है। इस रास्ते से गुलामपुर, पिपलोती कला, पिपलोती खुर्द, भैसरोली, बाईखेड़ा, श्यामपुरी, गंगाचोली व सतैडा आदि गांव को जोड़ता है। ग्रामीणों ने पूर्व में भी कीचड़ व गंदगी को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी, जिसका आज तक निस्तारण नहीं हो पाया है। यह रास्ता पूठ धाम को भी जाता है। वीरपाल, चंद्रपाल, रोहताश सिंह, बुद्धा सिंह कमल सिंह, सुनहरी, भूदेव, देशराज व देवेंदर आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से समस्या निस्तारण की गुहार लगाई है।

### खाटू श्याम मंदिर की स्थापना पर निकाली गई शोभायात्रा

गजरौला। शहर के चौपला पर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर की स्थापना पर गाजेबाजे के साथ श्री श्याम यात्रा निकाली गई। जो विभिन्न मार्गों से होती हुई मंदिर प्रांगण में जाकर समाप्त हुई। श्री खाटू श्याम मंदिर की स्थापना के अलावा श्रीश्याम मूर्ति व नवग्रह की स्थापना की गई। इससे पहले श्यामयात्रा निकाली गई। जिसमें शहर के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। श्यामयात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न हुई। इसके बाद श्याम मूर्ति व नवग्रह की स्थापना की गई। 56 भोग व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर व्यापारी राजीव मित्तल, नवीन कुमार गर्ग, सुबोध सिंघल समेत कई लोगों ने सहयोग दिया।

### बिजली चोरी के नौ आरोपी को पकड़ा

धनौरा। बिजली चोरों के खिलाफ विभागी स्तर पर औचक चेकिंग अभियान चलाया गया। नौ लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए। शुक्रवार सुबह विभागीय टीम ने मोहल्ला गांधी नगर में छह व मोहल्ला कटरा में तीन घरों में बिजली चोरी होती पकड़ी। एसडीओ नरेश कुमार ने बताया कि सभी नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान एक्सईएन नीरज कुमार, एसडीओ नरेश कुमार, जेई सोरन सिंह, दयाशंकर, प्रदीप कुमार, सुजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलेगा चौकीदार की मौत का राज

आदमपुर। क्षेत्र के गांव ख्यालीपुर ढाल निवासी 32 वर्षीय रोहित पुत्र खूबचंद गांव के ही पास एक फार्म हाउस पर चौकीदार था। बुधवार रात वह घर से खाना खाकर चौकीदारी करने आया था। इसके बाद रात में किसी समय उसने जहरीला पदार्थ खाकर फार्म हाउस पर आत्महत्या कर ली। गुरुवार को फार्म हाउस पर अन्य कर्मचारी पहुंचे तो रोहित का शव चारपाई पर पड़ा मिला था। जानकारी पर चौकीदार के परिजन के अलावा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

# भाकियू ने रहरा पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप



प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा

रहरा।भारतीय किसान यूनियन की गंगेश्वरी ब्लाक इकाई ने रहरा पुलिस पर आर्थिक व मानसिक शोषण का आरोप लगाया है। कहा कि पुलिस अपनी मनमानी कर रही है। थाना समाधान दिवस में दर्ज शिकायतों पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। शुक्रवार दोपहर जिला महामंत्री सुधीर त्यागी के आवास पर हुई पंचायत को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रहरा थाना क्षेत्र में लूट-चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। थाना दिवस में दर्ज शिकायतों का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते तमाम मामले नहीं निपट सके हैं। किसी भी दिन क्षेत्र में बड़ी घटना हो सकती है। चकबंदी विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए अधिकारियों से जांच के बाद कार्रवाई की मांग की। अफसरों पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाया। चंदनपुर की पंजाब नेशनल बैंक शाखा में किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया। रहरई में चकबंदी के नाम पर भ्रष्टाचार की बात कही। चेताया कि उक्त सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सुधीर त्यागी, लेखराज सिंह, राकेश राणा, मनोज शर्मा, सुरेश त्यागी, देवी सिंह सैनी, अजब सिंह, नरेश कुमार यादव, महेंद्रपाल यादव, लियाकत अली, मंगलसेन आदि मौजूद रहे।

### गंगेश्वरी में वितरण किए गए टेबलेट एवं स्मार्टफोन

रहरा। राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी में टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण किए गए। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़ग वंशी व राजीव शुक्ला रहे। सत्र 2021-22 में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए 168 टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण किए गए। इस प्रोग्राम का संचालन डॉ दिलीप कुमार न्यूडल अधिकारी ने किया। इस अवसर पर डॉ दिलीप कुमार डॉ वंदना भारद्वाज डॉक्टर पूनम शर्मा राजीव शुक्ला पंडित अजीत शर्मा एडवोकेट सुरभित गुप्ता विशाल त्यागी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा

### दरोगा पर आरोपी पक्ष से मिलीभगत का आरोप

गजरौला। मुकदमे में फैसला करने से इनकार करने पर आरोपियों ने अदालत की शरण लेकर पीड़ित पक्ष के लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज करा दी। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे पीड़ित पक्ष के लोगों ने एसपी को शिकायती पत्र सौंपा। गजरौला थाना पुलिस पर आरोपी पक्ष से मिलीभगत का आरोप लगाया। मामले में निष्पक्ष जांच व कार्रवाई करने की मांग की। दो पक्षों के बीच ये विवाद गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी का है। यहां पर रहने वाले अय्यूब पुत्र प्यारे का आरोप है कि बीती नौ फरवरी को गांव निवासी तस्व्वुर पक्ष के लोगों ने उनके लड़के वसीम के साथ मारपीट की। इसकी शिकायत करने पर आरोपी पक्ष के लोगों ने उल्टे उनके परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। बचाव में आए रिश्तेदार याकूब, महबूब, अनस, सलीम व इशरत को दौड़ाकर पीटा। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर रखी है। आरोप है कि आरोपी पक्ष के लोग काफी दिन से मुकदमे में फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। फैसला करने से इनकार करने पर अदालत की शरण लेकर उल्टे पीड़ित पक्ष के लोगों पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज करा दी। शिकायत लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचे लोगों ने विवेचक पर भी आरोपी पक्ष की हिमायत करने का आरोप लगाया।

# स्मार्टफोन-टैबलेट से मिलेगी पढ़ाई में मदद : महेंद्र



हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता

प्रदेश सरकार छात्र-छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए स्मार्ट फोन व टैबलेट वितरित कर रही है। इससे बच्चों को पढ़ाई में मदद मिलेगी। स्थानीय झम्मनलाल पीजी कालेज एवं योगेंद्र नाथ सक्सेना कालेज आफ फार्मेसी एंड रिसर्च सेंटर में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने 212 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किए। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में टैबलेट, स्मार्टफोन के प्रयोग से छात्र-छात्रा उन्नति करेंगे, भविष्य उज्ज्वल होगा। जो बच्चे गांव में स्मार्टफोन व टैबलेट नहीं ले पाते थे वह भी योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। झम्मन लाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन गोपाल सक्सेना जी ने सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा की। छात्र-छात्रा टैबलेट पाकर खुशी से झूम उठे। इस दौरान झम्मन लाल कॉलेज की प्राचार्या डा.शमा परवीन, उप प्राचार्या डा.परमजीत कौर, फार्मेसी के प्राचार्य डा. मनीष कुमार, डा.वीरबाला, कार्यक्रम समन्वय डा.हृदेश कुमार, डा.नीति शर्मा, डा.नशब उस्मानी, डा.बबली रानी, शकुन विवेक शर्मा, शिवा शर्मा, रेनू, कुमुद आदि मौजूद रहे। उधर, राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी रहरा में विधायक ने 167 छात्र-छात्राओं को तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन वितरित किए। प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डा.दलीप कुमार, मनोज कुमार शर्मा, डा.वंदना भारद्वाज, डा.पूनम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## दो ट्रकों में आमने-सामने की टक्कर, एक चालक की मौत

डिडौली

हाईवे पर किराना के समान से लदे दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई।जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त ट्रकों को कब्जे में ले लिया। चालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। रात में कई घंटे तक वाहन रेंग-रेंग कर गुजरे। यह हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया में पुल पर गुरुवार की रात हुआ। क्षेत्र के गांव पलौला में नाजिम (38) पुत्र जानेजहां का परिवार रहता है। उसके परिवार में पत्नी रानी के अलावा चार बच्चे हैं। नाजिम पैसे से ट्रक चालक है। बृहस्पतिवार की रात मुरादाबाद से ट्रक में किराने का सामान भर कर दिल्ली के लिए जा रहा था। करीब 12:30 बजे जैसे ही उसका ट्रक जोया में पुल पर पहुंचा तभी, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के केबिनों के परखच्चे उड़ गए।

### 15000 रुपए पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मंडावली। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्र अधिकारी नजीबाबाद पर्यवेक्षण में थाना मंडावली पुलिस द्वारा 15000 रुपए पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त रोहित कुमार गिरफ्तार कर लिया गया।

### कुंदन सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज में स्काउट गाइड शिविर का समापन

गजरौला। क्षेत्र के गांव अफजलपुर लूट में संचालित कुंदन सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज में चल रहे पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन महाविद्यालय परिसर में सुबह से वॉलिंटियर्स ने तंबू निर्माण शुरू कर दिया। स्काउट गाइड ट्रेनर अजय कुमार ने स्वयंसेवकों को स्काउट गाइड की जानकारी दी। सनफ्लावर ग्रुप ने टीम लीडर शिवानी सिंह के नेतृत्व में प्रथम स्थान स्थान प्राप्त किया। टाइगर ग्रुप ने टीम लीडर विवेक कुमार व कुमारी लवी के नेतृत्व में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लिली ग्रुप की टीम लीडर अनामिका के नेतृत्व में उनकी टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्रबंधन ने विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस दौरान कॉलेज प्रबंधक जगजीत सिंह, रविंदर कौर, प्राचार्य राजपाल सिंह, अनीस अहमद, भगवान सिंह, अंजली चौधरी, सतवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मासूम से छेड़खानी के दोषी को मिली साढ़े तीन साल की सजा

अमरोहा , प्रात : किरण संवाददाता

पांच साल की मासूम से छेड़खानी के दोषी को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत ने 13 दिन के भीतर सुनवाई कर साढ़े तीन साल की सजा सुनाई। साथ ही 23 हजार का जुमार्ना लगाया। दोषी गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद है, उसे जमानत नहीं मिल सकी थी। यह घटना जनपद अमरोहा के बछरायूं कस्बे की है।यहां पर अनुसूचित का परिवार रहता है। पेशे से किसान 14 अप्रैल 2022 को अपनी पत्नी के साथ गेहूं की कटाई कर रहा था। जबकि उनकी पांच साल की बेटी पेड़ की छांव में खेल रही थी। तभी दूसरे मोहल्ले का रहने वाला शमसुद्दीन किसान की मासूम बेटी को अपनी कोठरी में ले गया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। मासूम के रोने पर किसान की पत्नी और आस-पास के खेतों पर काम रहे लोग मौके पर पहुंच गए। इस दौरान आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। उसने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। 15 अप्रैल को किसान अपनी मासूम बेटी को लेकर थाने पहुंचा और आरोपी शमसुद्दीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। बाद में पुलिस ने आरोपी शमसुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। काफी प्रयास करने के बाद भी उसे जमानत नहीं मिल सकी। मंडी धनौरा सीओ ने प्रकरण की विवेचना कर 29 अप्रैल 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।यह मामला 30 अप्रैल को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पोक्सो एक्ट प्रथम अवधेश कुमार सिंह की अदालत में पहुंचा। एक मई को रविवार का अवकाश था, इसलिए न्यायालय ने दो मई को पीड़िता के बयान दर्ज किए। जिसके बाद न्यायालय ने मुकदमे को सीधे ट्रायल पर ले लिया। अभियोजन पक्ष की तरफ से विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट बसंत सिंह सैनी ने पैरवी की। 12 मई (बृहस्पतिवार) को दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के बीच मुकदमे में बहस हुई। शुक्रवार को न्यायालय ने आरोपी शमसुद्दीन को दोषी करार दिया और साढ़े तीन साल की सजा सुनाई।

### कुरीतियों के खात्मे के लिए महिलाओं को किया जागरूक



गजरौला। ब्लॉक क्षेत्र के गांव तिगरी स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं व ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक किया गया।प्रधानाध्यापक जोगेंद्र सिंह ने दहेज प्रथा, बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। महिलाओं के हित में शासन स्तर पर चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारी दी। कन्या सुमंगला योजना की बावत भी जागरूक किया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। सहायक अध्यापक मोनिका कालियर ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्मार्ट क्लास में एलईडी स्क्रीन पर कई लघु फिल्म व प्रेरक कहानियां भी दिखाई गईं। इस दौरान शीला देवी, पुष्पलता, छवि, चित्रा शर्मा, पुष्पा यादव, अर्चना त्यागी, लक्ष्मी रानी, सोमपाल सिंह, भावना आदि ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।

# किसानों को भाया खुला बाजार सरकारी केंद्रों पर पसरा सन्नाटा

अमरोहा , प्रात : किरण संवाददाता

इस बार गेहूं किसानों को खुला बाजार रास आया है। यहां गेहूं का भाव सरकार के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य के मुकाबले अधिक मिल रहा है। नतीजा किसान मंडी व खुले बाजार में गेहूं बेच रहे हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा है।सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद को लेकर हालत यह है कि अब जिला स्तरीय अधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क साध रहे हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने की अपील की जा रही है। लेकिन सरकारी भाव जहां 2015 रुपये प्रति कुंतल है तो वहीं बाजार में 2200 रुपये प्रति कुंतल तक का भाव मिलने से अफसरों की गुहार और मनुहार भी बेनतीजा साबित हो रही है। फिलहाल किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों से किनारा कर खुले बाजार की ओर रुख किया है। चालू माह के 12 दिन बीतने के बाद भी गेहूं खरीद में कोई सुधार नहीं आया है। सरकारी क्रय केंद्रों पर लक्ष्य जहां तीन लाख कुंतल गेहूं खरीद का है तो वहीं खरीद इसके सापेक्ष मात्र 2200 कुंतल गेहूं की ही हुई है। दस क्रय केंद्र ऐसे हैं, जहां अभी तक एक भी दाने की गेहूं खरीद नहीं हुई है। बीते एक सप्ताह से तो सभी केंद्रों पर खरीद शून्य है, सन्नाटा पसर है। इस बीच सरकारी क्रय केंद्रों पर अब गेहूं खरीद की स्थिति में सुधार आने की भी संभावना भी कम है क्योंकि अधिकांश किसान गेहूं मंडी व व्यापारियों को बेच चुके हैं। विभागीय डिप्टी आरएमओ सुभाष सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से किसी भी केंद्र पर गेहूं बिक्री के लिए नहीं आ रहा है। कहा कि आने वाले दिनों में भी गेहूं खरीद की प्रगति में सुधार की संभावना नहीं है, क्योंकि अधिकांश किसान गेहूं मंडी व व्यापारियों को बेच चुके हैं। 15 जून तक ही जिले में सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद जारी रहेगी।

## बेसिक शिक्षा मंत्री के सामने शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया

अमरोहा।भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा व जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर पहुंचे बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के सामने शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। मानक अनुसार शिक्षकों की तैनाती करने की मांग की। संजय शर्मा ने बताया कि नगर में शिक्षामित्र के सहारे तीन परिषदीय विद्यालय चल रहे हैं। कहा कि नगर क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में शिक्षकों का टोटा है, तैनाती करने की मांग की। बच्चों की कम उपस्थिति पर भी चिंता जताई। बेसिक शिक्षा मंत्री ने बीएसए को मानक अनुसार शिक्षकों की तैनाती करने का निर्देश दिया। उधर, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने कहा कि कई शिक्षक विद्यालयों में समय से नहीं पहुंचते हैं, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

### एसपी ने महिला आरक्षी खिलाडियों को किया सम्मानित

बिजनौर। हाल ही में जनपद मुरादाबाद में सम्पन्न हुई 70वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता बरेली जोन बरेली में जनपद बिजनौर में तैनात महिला आरक्षी अमीरन बानो द्वारा 10 कि0मी0 वॉक चाल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, म0आरक्षी यासमीन द्वारा शॉटपुट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, म0आरक्षी रजनी द्वारा 800 मी0 दौड में प्रथम स्थान प्राप्त किया व 400 मी0 दौड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# जल बनाया नहीं सिर्फ बचाया ही जा सकता है: चौधरी ईशम



नजीबाबाद , प्रात : किरण संवाददाता

विकासखंड के ग्राम पंचायत शेरपुर गढ़ू में नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के तत्वाधान में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की टीम ने जन जागरूकता कार्यक्रम मुकेश ठाकुर के आवास पर आयोजित किया कार्यक्रम में की अध्यक्षता ग्राम प्रधान धूम सिंह एवं संचालन मोहित चैहान ने किया इस अवसर पर उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह ने कहा कि पानी को बनाया नहीं जा सकता सिर्फ बचाया जा सकता है यदि हम सब ने पानी को नहीं बचाया तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढ़ियों को भारी संकट से गुजरना पड़ेगा इसलिए जल संचय बहुत ही आवश्यक है कार्यक्रम में तीन गतिविधियों के माध्यम से जनता को जागरूक करने का कार्य किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल बचाओ, स्वच्छता अभियान, स्वच्छता मेले के रूप में ग्राम वासियों को विस्तार से समझाया गया नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की टीम के लीडर सलमान के साथ मोहित चैहान, पिंटू सागर, दिलशाद एवं नुक्कड़ टीम उपस्थित रही कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, रितेश सेन, सुभाष सहगल,किरण देवी, मिताली बैरागी, नेहा, सुनीता, सुषमा गायत्री, मनु चैहान, रमेश सिंह, नरेश सिंह, विजय सिंह, प्रवेश कुमार, जगदीश कुमार, आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व जिलापंचायत सदस्य सड़क हादसे में घायल

नौगांवा सादात। थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर सराय निवासी वार्ड नंबर 5 के पूर्व जिला पंचायत सदस्य रवि यादव पुत्र रामकुमार सिंह सड़क दुर्घटना गंभीर घायल हो गए। जो दिल्ली मैक्स अस्पताल में आईसीयू में भर्ती जिंदगी मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व जिला पंचायत सदस्य बुधवार को क्षेत्र के गांव आलमपुर कैच मे मौत में गए थे वहां से वह सीधे ही अपने किसी कार्य से धनोरा चले गए।वहां से वापिस आते हुए रात्रि 9:00 बजे नौगावां धनौरा मार्ग पर खेड़का के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात वाहन चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया।राहगीरों की मदद से सूचना पर पहुचें परिजनों ने अमरोहा अस्पताल में भर्ती किया।यहाँ से डॉक्टर ने मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया।वहां की हालत में सुधार नहीं होने पर दिल्ली मैक्स अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कर दिया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# बरसात से पहले बांस की एक लाख पौध उपलब्ध कराएं : जिलाधिकारी

बिजनौर , प्रात : किरण संवाददाता



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी को निर्देश दिए कि मालन नदी के किनारे बांस की पौध लगाने के लिए बरसात से पहले एक लाख पौध उपलब्ध कराएं ताकि उसको संबंधित किसानों को उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गंगा तटीय स्थित ग्रामों को पूर्ण रूप से प्रदूषण मुक्त करने, वाटर ट्रीटमेन्ट करने, जैविक खेती को बढ़ावा देने, नकद आय प्राप्त करने के लिए फलदार वृक्ष लगाने के लिए स्थानीय लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने प्रदूषण विभाग के अधिकारी द्वारा बैठक में सूचना के बावजूद अनुपस्थित रहने पर उनका स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ को यह भी निर्देश दिए कि वेटलेण्ड अतिक्रमण से संबंधित जो जांच आख्या उन्हें प्राप्त हो रही हैं, उनकी गुणवत्ता का मौके पर जाकर परीक्षण करें ताकि उनकी सत्यता प्रमाणित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदूषण एक समस्या नहीं बल्कि एक त्रास्दी का रूप धारण करती जा रही है, यदि समय रहते पर्यावरण सुरक्षा के लिए उचित उपाय नहीं किए गए तो जीव-जंतु ही नहीं अपितु धरती का अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हमें शासकीय प्रयासों के साथ-साथ जन सहयोग की भावना के साथ भी इस क्षेत्र में गंभीरतापूर्वक प्रयास करने होंगे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं नोडल अधिकारी नगर निकाय को निर्देश दिए कि शहर एवं गांव का गंदा पानी किसी भी अवस्था में नदी में नही जाना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन नगर निकायों एवं गांवों का गंदा पानी नदी में पहुंच रहा है, उनकी सूची उन्हें उपलब्ध कराएं ताकि उस पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

जिलाधिकारी श्री मिश्रा ने डीएफओ को निर्देशित करते हुए कहा कि बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन करें तथा औचक रूप से निरीक्षण करते हुए उसको निस्तारित करने के मानकों की जांच करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सॉलिड वेस्ट के लिए जगहों का चिन्हांकन कराना सुनिश्चित करें ताकि कचरे को एक जगह जमा किया जा सके तथा बरसात से पूर्व सभी नालों की सफाई का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न कराएं।

### शिक्षक संघ के पदाधिकारी से अभद्रता के आरोपी गिरफ्तार नहीं

रहरा। प्राथमिक शिक्षक संघ के गंगेश्वरी ब्लाक अध्यक्ष रामवीर सिंह से अभद्रता के मामले में आरोपी ग्राम विकास अधिकारी व उसके साथी गिरफ्तार नहीं हुए हैं। आरोप है कि स्थानीय पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में ढिलाई बरत रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर में तैनात शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के गंगेश्वरी ब्लाक अध्यक्ष रामवीर सिंह का कहना है कि 24 मार्च की रात वह पत्नी व बच्चों के संग कार में सवार होकर नगर के ब्लाक तिराहे के नजदीक स्थित एक पैलेस में आयोजित शादी समारोह में शिरकत करने जा रहे थे। जैसे ही कार आंबेडकर पार्क पर पहुंची कि यहां कई युवकों ने बीच मार्ग पर गाड़ी खड़ी कर रखी थी। रामवीर सिंह ने कार को साइड देने के लिए हार्न बजाया तो युवक आग बबूला हो गए। आरोप के मुताबिक शराब के नशे में धुत युवकों ने रामवीर सिंह से गाली गलौज की। उनकी कार के बोनट पर घूंसों से जोर-जोर से प्रहार किया। कार में बैठे रामवीर सिंह की पत्नी व बच्चे डर गए। रामवीर सिंह ने किसी तरह प्रभारी निरीक्षक पीके चौहान को खबर की। पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# जन प्रतिनिधियों के साथ नियमित रूप से समन्वय बनाए रखें अधिकारी: तोमर

बिजनौर , प्रात : किरण संवाददाता



राज्यमंत्री ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग उत्तर प्रदेश सोमेंद्र तोमर ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन प्रतिनिधियों के साथ नियमित रूप से समन्वय बनाए रखें और विद्युत चोरी रोकने तथा विद्युत देयकों के भुगतान जैसे अहम कार्यों में उनका सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जन सामान्य की विद्युत से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि पूर्ण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निचले स्तर पर ही समस्या का निराकरण कर दिया जाए तो समस्या विकराल रूप धारण नहीं कर सकती। उन्होंने सभी अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि विधानसभावार व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं और उसमें जन प्रतिनिधियों को भी अनिवार्य रूप से शामिल करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विद्युत देय के बड़े बकायादारों की सूची बना कर उनसे वसूली के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के नागरिकों को हर सम्भव राहत और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और उसमें ज्यादा से ज्यादा सुधार के लिए प्रयासरत भी है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करना सुनिश्चित करें तथा किसी कारणवश विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना संबंधित क्षेत्र के आम नागरिकों उपलब्ध कराएं। उन्होंने कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए निर्देशित किया कि सभी अधिशासी अभियन्ता विधानसभावार व्हाट्सअप ग्रुप बनाएं और उसमें क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से शामिल करते हुए महत्वपूर्ण कार्य की सूचना उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वाहट्सअप ग्रुप पर आने वाली समस्याओं का निस्तारण भी पूर्ण गंभीरता और तत्परता के साथ करें ताकि उक्त समस्या इसी स्तर पर निस्तारित हो सके।

# गंगा नहर पुलिस चौकी का एसपी व एसपी सिटी ने किया उद्घाटन



नजीबाबाद , प्रात : किरण संवाददाता

कोटद्वार मार्ग समीपुर नहर पर गंगा नहर पुलिस चैकी का उद्घाटन एसपी डा. धर्मवीर सिंह एसपी सिटी डा. प्रवीन रंजन ने फीता काटकर किया। एसपी डा. धर्मवीर सिंह ने कहा कि कोटद्वार मार्ग हरिद्वार बाईपास मार्ग पर चैकी के स्थापित होने से अपराध एंव अपराधियों पर अंकुश लगेगा। गुरूवार की शाम को समीपुर नहर बाईपास मार्ग पर नव निर्मित पुलिस चैकी का उदघाटन पंडित शिव दत्त ने विधि विधान व पूजा अर्चना के साथ कराया। उद्घाटन के बाद एसपी डा० धर्मवीर सिंह ने कहा कि जनपद के विभिन्न शहरो में अपराध एंव अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चैकियों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने अपराध रोकने के लिए जनता से सहयोग की अपील की। इस मौके पर एसडीएम मनोज कुमार, सीओ गजेन्द्र सिंह पाल, कोतवाल दिनेश गौड़, अपराध निरीक्षक अर्जुन सिंह, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ, हर्षित सर्राफ, भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह, अरविंद विश्वकर्मा आदि के अलावा काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद थे।

### कोयला ले जा रही मालगाड़ी की वैगन में लगी आग, हड़कंप




नजीबाबाद। बंगाल से पंजाब कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी की एक वैगन में अचानक आग लगने से रेलवे विभाग में हड़कम्प मच गया। रेलवे अधिकारियों की सूचना पर पहुंचे अग्नि शमन विभाग ने समय रहते आग पर काबू पाकर बड़ हादसा होने से बचा लिया।बीती शाम बंगाल से पंजाब कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी के वैगन सं 12 में अचानक धुआं उठने की सूचना रेलवे विभाग को मिली तो वहां हड़कंप मच गया। स्टेशन अधीक्षक जयपाल सिंह ने तत्काल फायर बिग्रेड को सूचित किया। अग्निशमन केन्द्र प्रभारी श्री जादौन ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बामुश्किल तरीके से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि मालगाड़ी बडामुंडा चकघरपुर बंगाल से कलानौर पंजाब जा रही थी।

# संयम जैन ने बचाई एक्सीडेंट से घायल हुए गोवंश की जान

नहटौर , प्रात : किरण संवाददाता



नहटौर रोड नई सब्जी मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आया गोवंश हुआ घायल जिसका संयम जैन गोसेवक ने कराया इलाज प्राप्त जानकारी के अनुसार छुट्टा आवारा पशु जो नई सब्जी मंडी के बाहर दिन छिपे के समय रोड पर घूम रहा था जिसको एक वाहन ने टक्कर मार दी जिससे गोवंश जख्मी रूप से घायल हो गया वहा के लोगो ने इस बात की सूचना गोवा करते आ रहे संयम जैन को दी संयम जैन पशु चिकित्सा डॉक्टरों के साथ मौके पर पहुचे व घायल गोवंश का इलाज कराया साथ ही संयम जैन ने बताया कि अधिकतर एक्सीडेंट धामपुर में गोशाला न होने की वजह से होते है क्योंकि अगर धामपुर में गोशाला होती तो यह छुट्टा आवारा पशु गोशाला में होते न की रोड पर , संयम जैन ने धामपुर में गोशाला बनवाने के लिए कई बार ज्ञापन देकर मांग की लेकिन अभी तक अधिकारियों ने कोई संज्ञान नही लिया है , बताया कि आगे भी जब तक धामपुर में गोशाला नही बन जाती संयम जैन आवाज उठाकर गोशाला बनवाने की मांग करते रहेंगे साथ मे रहे रवि प्रकाश सैनी , उमंग सैनी , सूरज सैनी आदि।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रेमिका से नाराज होकर रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने पहुंचे युवक को सिपाही ने सतर्कता दिखाते हुए उसकी जान बचाई

नजीबाबाद। प्रेमिका से नाराज होकर रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने पहुंचे युवक को सिपाही ने सतर्कता दिखाते हुए उसकी जान बचाई। पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलाकर युवक को चेतावनी देकर उनके हवाले कर दिया। बीती रात्रि जलालाबाद रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जाता है कि युवक अपनी प्रेमिका से नाराज होकर रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने पहुंचा था इस से पहले कि वह कोई गलत कदम उठाता, सिपाही नीरज यादव ने सतर्कता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया और चौकी ले आया।

### गौ सेवा में लगे समाजसेवी इंटर नेशनल ब्रान्ड एम्बेसडर महताब खां चांद महासचिव के पद पर मनोनीत

नजीबाबाद। भाजपा समर्पित जन कल्याण संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर पूजा माई ने राष्ट्र समर्पण सेवा भाव साम्प्रदायिक सौहार्द तथा विभिन्न क्षेत्रों में जनता के बीच रहकर निरन्तर कार्य करने तथा भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए गौ सेवा में लगे समाजसेवी इंटर नेशनल ब्रान्ड एम्बेसडर महताब खां चांद के कार्यो निष्ठा भाव को ध्यान में रखते हुए उन्हें संगठन में राष्ट्रीय प्रमुख प्रशासनिक महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि वह भाजपा की नीतियों जनकल्याणकारी योजनाओं को जन मानस के बीच ले जाते हुए मिशन भाजपा मय भारत बनाने के कार्यो को आगे बढ़ाते हुए संगठन हित में कार्य करेंगे।

### बीमारू कहे जाने वाला यूपी अब विकास व संस्कृति के पथ पर अग्रसर: सोमेन्द्र तोमर

बिजनौर। उर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर ने दावा किया कि भाजपा के शासनकाल से पूर्व बीमारू कहे जाने वाला उप्र अब विकास और संस्कृति के क्षेत्र में लगातार आगे बढ रहा है। जनपद में दौरे पर आये राज्यमंत्री कलेक्टेज्ट सभागार में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में अब कहीं भी बिजली के लिये धरने प्रदर्शन नहीं होते।

# एटा दरगाह प्रकरण : 99 करोड़ रुपये गबन के बाद चला बुलडोजर

## शोरा फैक्ट्री सहित दो दर्जन कच्चे मकान ढहाए

आगरा, एजेंसी

यूपी में एटा के जलेसर स्थित बड़े मियां दरगाह कमेटी के कब्जे वाली एक शोरा फैक्ट्री और दो दर्जन कच्चे मकानों को बुलडोजर से ढहा दिया। इसके अलावा 10 दुकानों में ताले लगाकर प्रशासन ने उन पर भी कब्जा कर लिया। यह जगह नगर पालिका को सौंपी जाएगी। इस जगह पर मालखाना बनाने की तैयारी है, जहां जब्त किए गए वाहन व अन्य सामान पुलिस का रखा जाएगा। गुरुवार को एसडीएम जलेसर अलंकार अग्निहोत्री और सीओ इरफान नासिर खान बुलडोजर लेकर दलबल के साथ दरगाह कमेटी द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई किला की जमीन पर पहुंचे। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अकबर अली और उसके परिवार के लोगों ने एक शोरा फैक्ट्री पर कब्जा कर रखा था। इस फैक्ट्री पर बने निर्माण को बुलडोजर ने ढहा दिया। इसके अलावा कमेटी के कब्जे वाली 10 दुकानों पर भी



प्रशासन ने अपना ताला डाल दिया। यह दुकानें प्रशासन ने अपने कब्जे में ले ली हैं।

इसके बाद बुलडोजर का रुख मकानों की ओर हो गया। करीब दो बीघा भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके लोगों ने कच्चे और पक्के मकान बना रखे थे। यह जगह नगर पालिका की है। प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने विरोध करने की भी कोशिश की, लेकिन उनकी एक नहीं चली। जिन लोगों के मकान बने थे। उन्होंने कई साल से सरकारी भूमि पर कब्जा कर रखा था। इन मकानों के साथ कई झुग्गी-झोपड़ियां भी तहस-नहस कर दी गईं प्रशासन द्वारा पहले ही चेतावनी दी गई थी कि लोग अवैध कब्जे छोड़ दें, लेकिन कब्जाधारकों ने कोई सुनवाई नहीं की और अपना सामान तक घरों से नहीं निकाला।

जब लोगों ने बुलडोजर को देखा तब उन्होंने सामान हटाना शुरू किया। हालांकि जो भी मकान ढहाए गए हैं, वे पूरी तरह से खाली करा लिए गए थे, तब ही बुलडोजर चलाया गया। शोरा फैक्ट्री को पहले ही खाली किया जा चुका था। वहां कोई भी ऐसा सामान नहीं था, जो फैक्ट्री से संबंधित होता। इस फैक्ट्री में कुछ कमरे बने हुए थे, जो ढहा दिए गए। दरगाह कमेटी के पदाधिकारियों का कोई भी नजदीकी व्यक्ति कार्रवाई के दौरान दिखाई नहीं दिया।

दरगाह कमेटी के कब्जे वाली चार बीघा भूमि प्रशासन ने मुक्त करा ली। जो मकान ढहाए गए हैं, वहां और शोरा फैक्ट्री वाली जगह पर प्रशासन मालखाना बनवाएगा, जिसमें जब्त किए गए वाहन व अन्य कबाड़ जैसा सामान रखा जाएगा। सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। जो कच्चे मकान ढहाए गए हैं, उनमें गरीब तबके के लोग, मदारी आदि रह रहे थे। यहां रहने वाली रूबीना ने बताया कि अब हमारा मकान ढहाया जा चुका है। इसलिए दूसरी जगह पर ठिकाना बनाएंगे। वहीं मौके पर मौजूद अन्य लोगों का कहना था कि सरकारी भूमि पर कब्जा किया था।

### सड़क हादसे में घायल किराना दुकानदार की उपचार के दौरान मौत

गजरौला। सड़क हादसे में घायल हुए किराना दुकानदार की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसका दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में उपचार चल रहा था। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आठ मई को गजरौला की कुमराला चौकी के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक आपस में टकराकर गिर गई थीं, जिन पर सवार तीन युवक घायल हो गए थे। घायलों में एक बाइक पर सुंदर पुत्र भगवान दास निवासी चौहानपुरी बस्ती और नगर के ही मोहल्ला धुनपुरी निवासी अतर सिंह थे। दूसरी बाइक पर होमगार्ड जवान जयकरण सिंह का बेटा नागेंद्र सवार था।मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को गजरौला सीएचसी में भर्ती कराया गया था, जहां से तीनों रेफर कर दिए गए थे। अतर सिंह पुत्र लल्लू सिंह ने मेरठ में उपचार के दौरान रविवार की रात दम तोड़ दिया था। वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। किराना दुकानदार सुंदर की हालत नाजुक होने के कारण मेरठ से दिल्ली रेफर कर दिया गया था।सफदरजंग अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। शुक्रवार तड़के पांच बजे उसने दिल्ली में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

# कोविड 19 टीकाकरण का लगाया गया शिविर



चंदौसी , प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय मानव कल्याण समिति के तत्वधान में कोविड 19 टीकाकरण शिविर विनायक मार्ग स्थित चाणक्य क्लीनिक पर लगाया गया।शिविर का शुभारंभ सीएमएस डॉ हरवेंद्र सिंह एवम समिति प्रबन्धक डॉ टी एस पाल ने सयुक्त रूप से फीता काटकर किया। संयुक्त चिकित्सालय के प्रभारी डॉ हरवेंद्र सिंह ने बताया शिविर में आयु 12 प्लस बच्चों के पहली और दूसरी डोज,आयु 15 प्लस और 18 प्लस के युवाओं को दूसरी डोज तथा वरिष्ठ नागरिकों को बूस्टर डोज सहित 50 लोगो को लगवाई गयी। ज्यादातर लोगों की पहली एवम दूसरी वैक्सीन लग चुकी है।12 प्लस के बच्चों को दूसरी एवम 60 प्लस आयु की बूस्टर डोज लग रही है।शीघ्र ही 5 वर्ष से 11 वर्ष तक के बच्चों की वैक्सीन शीघ्र आने की संभावना हेतु अभिभावकों को किया जा रहा है।शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य शीघ्र पूरा होगा।भारतीय मानव कल्याण समिति प्रबन्धक डॉ टीएस पाल ने कहा कोविड 19 की चौथी लहर से बचने के लिए सभी को वैक्सीनेशन कराना जरूरी है।क्योंकि सतर्कता ही सुरक्षा है।अपनी एवम परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए औरों को भी जागरूक करने की जरूरत है।टीकाकरण सरकारी अस्पताल से एएनएम चंचल सिंह,रेनुवाला,विमलेश,मंजू शर्मा,गौरव जोशी,केजी शर्मा,दीपक ने कराया।।इस दौरान आकाश शर्मा,डॉ जयशंकर दुबे,ओमप्रकाश गुप्ता,सौरभ बाबू,मुनीष वार्ष्णेय आदि का सहयोग रहा।

# पर्यटन स्थल घोषित होने तक संघर्ष करेंगे : महामंत्री अजय गुप्ता सर्राफ

संभल , प्रात: किरण संवाददाता

एक सप्ताह पूर्व आर्य समाज मंदिर में संपन्न हुई धर्मसभा में संभल को पर्यटन स्थल घोषित कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ जिसे हिंदू जागृति मंच ने अमल में लाना शुरू कर दिया है। पर्यटन स्थल घोषित होने तक संघर्ष करने, जिम्मेदारों से मिलने सहित अनेक प्रकार से संघर्ष करने का खाका खींचा गया। ज्ञानदीप मंदिर में आयोजित हिंदू जागृति मंच की बैठक में संगठन के मंडल महामंत्री अजय गुप्ता सर्राफ ने कहा कि संभल 68 तीर्थों 19 कूपों सहित हरिहर मंदिर की पुण्य भूमि है। धर्म शास्त्रों, ग्रंथों के अनुसार कलयुग में भगवान श्री कल्कि विष्णु का अवतार संभल में ही होना है। ऐसे में संभल को पर्यटन स्थल घोषित होना ही चाहिए। जिला अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि गत सप्ताह आयोजित धर्म सभा मैं उपस्थित नगर क्षेत्र के साधु-संतों, पुरोहितों एवं पंडित जनों ने सामूहिक रूप से संभल को पर्यटन नगरी घोषित कराने की मांग बुलंद करने का प्रस्ताव पास किया। इसलिए धर्म सभा में पास



हुआ प्रस्ताव हिंदू जागृति मंच के लिए अभीष्ट है। अस्तु इसके लिए हमें सतत संघर्ष करना होगा। मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी, कमिश्नर, पर्यटन मंत्री, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, प्रधानमंत्री सहित सभी जिम्मेदारों से मिलने, ज्ञापन देने तथा संभल की आवश्यकता एवं महत्व सिद्ध करने के लिए निरंतर संघर्ष करने की आवश्यकता बताई। प्रवक्ता अजय कुमार शर्मा ने सभी सदस्यों को सामूहिक रूप से संकल्प दिलाया कि सभी आम और खास लोगों का सहयोग लेते हुए संभल को पर्यटन स्थल घोषित कराने के लिए पुरजोर बिगुल बजाया जाएगा और जब तक संभल पर्यटन स्थल घोषित नहीं हो जाता तब तक ना तो हिंदू जागृति मंच के सदस्य चैन से बैठेंगे और ना ही राज्य सरकार और केंद्र सरकार को चैन से रहने देंगे। उन्होंने सभी धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक संगठनों को एक साथ आकर संभल को सजाने में सहयोग करने का आह्वान किया। यह भी कहा कि संभल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो इसमें संपूर्ण जनपद क्षेत्र को सकारात्मक भूमिका निभानी होगी।

बैठक में सुभाष चंद्र शर्मा, अरविंद शंकर शुक्ला, अमन सिंह, भरत मिश्रा, श्याम शरण दालभ, सुभाष चंद्र मोंगिया, विकास कुमार वर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, सरिता गुप्ता, गुंजा गुप्ता, नेहा मलय, अमित शुक्ला, विष्णु कुमार, शलभ रस्तोगी आदि सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा संभल को पर्यटन स्थल घोषित कराने के लिए सामूहिक संघर्ष करने का सामूहिक रूप से संकल्प लिया।

### मिर्जा आरिफ बैग साहब का इंतेकाल



संभल। फैज गर्ल्स कॉलेज की अध्यापिका सुल्ताना बेगम ने बताया कि माइनोरिटी एसोसिएशन ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मिर्जा आरिफ बेग का इस दुनिया से चले जाना शिक्षा जगत की बहुत बड़ी क्षति है, जो सहज ही पूर्ण होना बहुत मुश्किल है। उनके जैसा मृदुभाषी एवं साधारण व्यक्तिव आज के दौर में बहुत ही कम मिलता है। उम्मीद नहीं थी इतनी जल्दी वो हमारे बीच से ऐसे चले जायेंगे, उनके जाने के बाद अब न जाने कितनी संस्थाएं जो उनके संरक्षण प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में चल रही हैं सभी को तन्हा छोड़ गए। अल्लाह ताला उनकी मगफिरत फरमाए और जन्नत में आला से आला मकाम अता फरमाए। मैं फैज गर्ल्स इंटर कॉलेज, सम्भल की पूरी प्रबंध समिति की ओर से एवम माइनोरिटी एसोसिएशन ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस, सम्भल की समस्त कमेटी की ओर से अपनी शोक संवेदना प्रकट करता हूं।

# भारत के सभी पंथ और समुदाय का एक ही लक्ष्य वसुधैव कुटुंबकम : सीएम योगी

वाराणसी, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिन के दौरे पर वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री वाराणसी में सबसे पहले जंगमवाड़ी मठ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उनका आज वाराणसी में विकास कार्य की समीक्षा के साथ उनके स्थलीय निरीक्षण का कार्यक्रम है। शाम को श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन के बाद यहां पर रात्रि विश्राम भी करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिनी काशी यात्रा पर लखनऊ से पहुंचे। संपूर्णानंद संस्कृत विवि के खेल मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकाप्टर से पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत करने के लिए पार्टी की ओर से पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। जंगमबाड़ी मठ में मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। जंगमबाड़ी मठ पहुंचने के बाद सीएम का औपचारिक स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मठ में



आयोजित वीर शैव सम्मेलन में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इसके बाद मठ में दीप प्रज्वलित कर सीएम योगी आदित्यनाथने आयोजन की औपचारिक शुरूआत की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मठ प्रशासन की ओर से प्रसाद व धार्मिक वस्तुएं भेंट की गईं। यहां पर पीठाधीश्वर जगद्गुरु शिवाचार्य डा. चंद्रशेखर महास्वामी ने उनको स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने मठ में पूजा अर्चना की और साधुओं से मुलाकात भी की। यहां पर मठ के देश भर से संत-महंत आए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जंगमबाड़ी मठ में संतों को संबोधित किया और कहा कि भारत में अलग-अलग पंथ और समुदाय हैं, परन्तु ये विभाजन के लिए नहीं हैं। यह मंजिल तक पहुंचने के लिए अलग-अलग मार्ग हैं। लक्ष्य सबका एक ही है वसुधैव कुटुंबकम। वाराणसी के जंगमवाड़ी मठ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी को सदैव धर्म के मार्ग पर चलकर उसका अनुसरण करना चाहिए। मुख्यमंत्री कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस समीक्षा बैठक के बाद शाम छह बजे डीएवी पीजी कालेज में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चौरी-चौरा कांड की 100 वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# जनपद न्यायाधीश ने आज राष्ट्रीय लोक अदालत के दोगुने वाद के निस्तारण पर बल दिया

संभल, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उ ० प्र ० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है । जनपद न्यायाधीश , सम्भल भानु देव शर्मा द्वारा जनपद सम्भल स्थित चन्दौसी मुख्यालय पर न्यायिक अधिकारियों के साथ मंगलवार प्रातः 10.00 बजे बैठक की गयी ।

बैठक में जनपद न्यायाधीश द्वारा उ ० प्र ० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र दिनांकित 09.05.2022 का उल्लेख करते हुए अधिक से अधिक मामलो को सुलह समझौते के आधार पर निपटाने का दिशा निर्देश दिया गया । इसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित किये जा चुके हैं । प्री लिटीगेशन हेतु धारा 138 एन0 आई0 एक्ट , बैंक वसूली वाद , श्रम वाद , विद्युत एवं जल बिल आदि के बाद , मोटर दुर्घटना दावा



अधिकरण वाद , पारिवारिक विवाद , भूमि अधिग्रहण वाद , सर्विस मैटर वाद , वेतन भत्ता , सेवानिवृत्त लाभ वाद के मामलों को वृहद स्तर पर निपटाने की अपील की गयी । प्रभारी नोडल अधिकारी मयंक त्रिपाठी ने बताया कि प्री लिटीगेशन स्तर पर मामलों को सुलझाने की अधिक आवश्यकता है । उन्होंने बताया कि उ ० प्र ० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में दोगुने वादों के निस्तारण पर बल दिया गया है । बैठक में चन्द्रमणि मिश्र , अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश , सम्भल स्थित चन्दौसी , कमल दीप , मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , सम्भल स्थित चन्दौसी , विरेक अग्रवाल , अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , चन्दौसी , विजय प्रकाश , सिविल जज ( जू ० डि ० ) , सम्भल स्थित चन्दौसी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी मनीष बंसल ने किया औचक निरीक्षण

संभल , प्रात: किरण संवाददाता

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज संभल एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिरसी का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने कक्षाओं जाकर बच्चों से पढ़ाई को लेकर वार्ता की एवं अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका को चेक किया। बच्चों की कम उपस्थिति को लेकर नाराजगी व्यक्त की एवं कॉलेज में पढ़ाई करने को लेकर दिशा निर्देश दिए जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूलों में नियमानुसार पढ़ाई कराई जाए। स्कूल परिसर की साफ-सफाई को देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं कड़े निर्देश दिए उन्होंने कहा कि स्कूल में प्रत्येक दशा में साफ सफाई का कार्य किया जाए बच्चों का एडमिशन का कार्य गति से किया जाए राजकीय कन्या इंटर कॉलेज संभल में चौकीदार को निर्देशित करते हुए कहा कि कॉलेज में कोई बाहरी लोग नहीं रहने चाहिए कॉलेज की साफ सफाई का कार्य शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराएं प्रधानाचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने कार्य में तेजी लाएं एवं बच्चों की उपस्थिति कम है उसको लेकर निर्देशित किया राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिरसी का औचक निरीक्षण करते हुए क्लासों में बैठे बच्चे एवं किसी भी क्लास में अध्यापकों की उपस्थिति ना होने को लेकर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। और उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि कॉलेज में कार्य को नियम से किया जाए क्लासों में अध्यापक पीरियड प्लान के अनुसार बच्चों को कक्षाओं में जाकर पढ़ाना सुनिश्चित करें। साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में संचालित सभी राजकीय विद्यालयों में तैनात अध्यापक एवं प्रधानाचार्य की सूचना उपलब्ध कराएं।

# मुख्यमंत्री की प्राथमिकता की जो योजना है उन पर विशेष ध्यान दिया जाए : डीएम

बहजोई , प्रात: किरण संवाददाता

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के नवीन प्राथमिकता के विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी उमेश कुमार त्यागी ने विभाग बार विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जिलाधिकारी को बताया। जिसमें सर्वप्रथम विद्युत विभाग को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में वसूली का कार्य लक्ष्य के सापेक्ष कम हुआ है। जिसमें जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि वसूली का कार्य लक्ष्य के सापेक्ष कराना सुनिश्चित करें। एवं सभी विभाग अपने बजट के अनुसार बिजली का बिल जमा कराना सुनिश्चित करें। जिससे विद्युत की प्रगति में तेजी आ सके। मुख्य पशु चिकित्सा विभाग के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। जिसमें गौंसंरक्षित, ईयर टैगिंग, भूसा, पेयजल, सहभागिता योजना के



अंतर्गत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं में गोवंश की संख्या बढ़ाई जाए एवं उन्होंने बताया कि गौशालाओं कि गलत रिपोर्टिंग देखने को मिली तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एवं उन्होंने कहा कि गौशालाओं की रेंडम निरीक्षण किया जाए जिससे कि गौशालाओं का सुधार हो सके। चारे भूसे की उपलब्धता बनी रहे एवं सभी जिला स्तरीय एवं खंड विकास अधिकारियों को चारे भूसा देने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया। सहभागिता योजना के अंतर्गत कार्य में गति लाई जाए। स्वास्थ विभाग की समीक्षा के दौरान चिकित्सकों की उपलब्धता, आयुष्मान कार्ड, परिवार नियोजन, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, आरबीएसके की टीम, टीकाकरण, दवाओं की उपलब्धता, एंबुलेंस सेवा, ई कवच पोर्टल आदि को लेकर चर्चा की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड हेतु प्रचार प्रसार का जागरूक किया जाए। एवं लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करना सुनिश्चित करें। कार्य में तेजी लाएं। एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि जनपद में 16 आरबीएसके की टीम है।

**व्यवस्था** — शुक्रवार को ज्ञानवापी परिक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई

# जुमे की नमाज के दौरान ज्ञानवापी मस्जिद में उमड़ी भीड़

वाराणसी, एजेंसी

ज्ञानवापी मस्जिद मामले में गुरुवार को अदालत का आदेश आने के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज पढ़ने के लिए मुस्लिमों का हुजूम उमड़ पड़ा। शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मुस्लिमों की आम दिनों की अपेक्षा भीड़ काफी नजर आई। वहीं परिसर में भीड़ का अंदेशा पूर्व में ही होने की वजह से जिला पुलिस प्रशासन की ओर से पहले ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के साथ ही मस्जिद परिक्षेत्र में काफी सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। वहीं इस मामले में मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में भी कार्यवाही को रोकने की अपील की है।

ज्ञानवापी परिक्षेत्र में फैसला आने के बाद से ही कमिश्नर सहित तमाम अन्य अधिकारी दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की निगारानी करने के साथ ही परिसर में सुरक्षा बलों की तैनाती भी की जा रही है। दरअसल एडवोकेट कमिश्ननर की कार्यवाही को लेकर परिसर को सीआरपीएफ के हवाले करने की



प्रशासिनक तैयारी चल रही है ताकि यहां पर एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही बिना विवाद और बाधा के पूरी हो सके। इस मामले में जिला प्रशासन ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी से परिसर में लगे सभी प्रकार के तालों की चाबी की मांग की है। चाबी मांगने के बाद से ही ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर गहमागहमी का दौर शुरू हो चुका है।

वहीं शुक्रवार को जुमा की नमाज अदा करने के लिए मुस्लिमों की भारी भीड़ मस्जिद परिसर में दोपहर में उमड़ी। पूर्व में भी एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही के दौरान मुस्लिम पक्ष के विरोध की वजह से कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी थी। लिहाजा अदालत ने इस बार रोकटोक और बाधा पहुंचाने पर विधिक कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने के लिए उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए परिसर के पास पुलिस फोर्स की तैनाती की की गई है। कोर्ट के परिसर में वीडियो रिकार्डिंग के आदेश के बाद शुक्रवार को भारी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी मस्जिद पहुंचे तो ज्ञानवापी में सुरक्षा व्यस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी अधिक संख्या में तैनात नजर आई।

## ज्ञानवापी : सर्वे के बीच में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण के ज्ञानवापी का मामला अब सुप्रीम कोर्ट में पहुंच चुका है। कोर्ट के निर्देश के बाद शुरू हुई सर्वे के कार्यवाही के बीच में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल होने के बाद अब निर्णय में समय लगेगा। सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानवापी परिसर के सर्वे के वाराणसी कोर्ट के निर्णय के खिलाफ शीर्ष कोर्ट में याचिका दायर की गई है। मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। इसमें सुप्रीम कोर्ट से सर्वे पर रोक लगाने की मांग की गई है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अगले हफ्ते सुनवाई कर सकता है मुख्य न्यायधीश ने कहा कि मैंने पेपर देखा नहीं, पेपर देखकर बताऊंगा। अचानक यह मामला मेरे सामने आया है। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एनवी रमण ने कहा कि वह इस मामले को देखेंगे। उधर वाराणसी में कल कोर्ट ने साफ कहा था कि ज्ञानवापी के चप्पे चप्पे का सर्वे होगा। इसमें तहखाने भी शामिल है। कोर्ट ने 17 मई तक सर्वे पूरा करने के लिए दो सहायक कमिश्नर की तैनाती का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कोर्ट कमिशनर को बदलने की मांग भी खारिज कर दी थी। दूसरी ओर वाराणसी में एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही को पूरा करने के लिए शुक्रवार को जिला प्रशासन ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी को नोटिस जारी कर ज्ञानवापी परिसर में लगे सभी तालों की चाबियों की डिमांड की है ताकि कार्यवाही को सुचारु रूप से पूरा किया जा सके।

### भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए शुरू की योजनाएं : मुफ्ती

अमरोहा। मदरसा टीचर्स यूनियन के संयोजन में स्थानीय मेस्को पब्लिक स्कूल में ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया। बतौर अतिथि अल्पसंख्यक मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड के सदस्य मुफ्ती शमून कासमी मौजूद रहे। मदरसा शिक्षकों के बीच उन्होंने खुलकर अपने विचार रखे।युवा पीढ़ी को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने पर जोर दिया। मदरसों को राष्ट्र के विकास में सहयोग की सीख दी। अल्पसंख्यकों के हित में चलाई जा रहीं केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाया। कहा कि भाजपा सरकार अल्पसंख्यकों की हमदर्द है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीमउल्ला फरीदी ने इस बीच मदरसा शिक्षकों की समस्याओं को उठाया। राष्ट्रीय महासचिव नौशाद अंसारी ने शिक्षकों को नियमित मानदेय दिलाने की मांग की। मदरसा शिक्षकों ने मांगों से जुड़ा ज्ञापन मुफ्ती शमून कासमी को सौंपा। इस दौरान ब्लाक प्रमुख गुरेंद्र सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार, कारी नईम, महताब अमरोही, कमर नकवी, आदिल मंसूरी, हकीम काजिम आदि मौजूद रहे। संचालन शीबान कादरी ने किया।

# हज यात्रियों को 19 तक जमा करना होगा 1.20 लाख रुपये

लखनऊ, एजेंसी

हज कमेटी आफ इंडिया ने चयनित हज यात्रियों को शेष धनराशि की प्रथम किस्त के रूप में 1.20 लाख रुपये 19 मई तक जमा करने के निर्देश दिए हैं। यह धनराशि हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई की वेबसाइट पर आनलाइन भी जमा की जा सकती है।

उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई के स्टेट बैंक आफ इंडिया व यूनियन बैंक आफ इंडिया में संचालित खाते में किसी भी शाखा से कोर बैंकिंग के माध्यम से बैंक रेफरेंस नंबर के साथ जमा कर सकते हैं। अंतिम किस्त हवाई किराया व सऊदी अरब में विभिन्न खर्चों की जानकारी प्राप्त होने बाद उपलब्ध कराई जाएगी। इस बार सभी यात्रियों को उनका बैग उनके घर के पते पर भेजा जाएगा।

इसी बैग में यात्री अपना सामान रखकर हज यात्रा पर जाएंगे। हज



यात्री अग्रिम धनराशि जमा करने के बाद पे-इन-स्लिप की एक प्रति उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के कार्यालय में जमा कर दें अन्यथा सीट निरस्त हो सकती है।

जो हज यात्री किन्हीं कारणों से या विदेश में होने के कारण पासपोर्ट नहीं जमा कर सके हैं, उनके पासपोर्ट राज्य हज समिति कार्यालय में 15 मई तक अवश्य जमा कर दें। ऐसा न करने पर उनका चयन निरस्त हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रा को अगवा कर तीन युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

पलवल। घर से स्कूल जा रही बारहवीं कक्षा की छात्रा का बाइक सवार तीन युवकों ने अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म किया और विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो नामजद व एक अन्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी अनीता के अनुसार उन्नीस वर्षीय लडकी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह बाहरवीं कक्षा में पढ़ती है। पीड़िता प्रतिदिन की तरह बारह मई की सुबह घर से स्कूल जा रही थी तो रास्ते में बाइक पर सवार होकर दूधौला गांव निवासी अजय, मनीष व एक अन्य युवक उसे जबरन बाइक पर बैठाकर खेतों में सुनसान जगह ले गए। जहां पर तीनों ने पीड़िता के साथ बारी-बारी दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद आरोपी पीड़िता को उसके गांव में शमशान घाट के पास छोडकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर नाबालिग लडकी के साथ की अश्लील हरकत

पलवल। कैंप थाना क्षेत्र स्थित घर में घुसकर नाबालिग लडकी के साथ अश्लील हरकत कर, अगवा करने का प्रयास करने का प्रयास किया गया। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर मारपीट कर दुष्कर्म करने की धमकी दी गई। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी वनीत के अनुसार एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह विधवा है। गत गयारह मई की सुबह वह घर में काम कर रही थी और सोलह वर्षीय बेटी भी घर पर मौजूद थी। उसी दौरान मोहन नगर निवासी उमेश घर के अंदर आया और पीड़िता की बेटी के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी उसे जबरन उठाकर ले जाने लगा। बेटी के शोर को सुनकर पीड़िता बाहर आई तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की और बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म करने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उमेश का छोटा भाई भी उसकी बेटी को छत से पत्थर व कंकड मारता रहता है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### खेलो इंडिया राहगीरी के आयोजन को लेकर डीसी ने ली बैठक

नूंह। आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 के चौथे सीजन के तहत नूह जिला में आगामी 21 मई को खेलो इंडिया-राहगीरी का आयोजन किया जाएगा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जिला के खिलाडियों की भागीदारी है, ऐसे में अलग-अलग गेम में जिला के खिलाड़ी यूथ गेम्स में भागीदार बन रहे हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने यह जानकारी शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में राहगीरी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों की बैठक में दी। उन्होंने कहा कि राहगीरी में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल, शुभंकर धाकड़ और जया भी पहुंचेंगे। नूंह जिला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल का भव्य एवं गरिमापूर्ण तरीके से स्वागत जिला वासियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि राहगीरी कार्यक्रम में जिलावासियों विशेषकर युवाओं व खिलाडियों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए नियुक्त होंगे नोडल अधिकारी

पंचकूला, प्रात: किरण संवाददाता

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधीन आने वाले पार्कों के सौंदर्यीकरण और रखरखाव के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। इसके अलावा एक कार्यकारी अभियंता को कम से कम दो पार्क आबंटित किए जाएंगे ताकि पार्कों की मरम्मत के साथ-साथ उनका रखरखाव का कार्य बेहतर ढंग से किया जा सके।

श्री गुप्ता ने आज प्रातः सेक्टर 5 स्थित फाउंटेन पार्क और निर्झर वाटिका का निरीक्षण किया और पार्कों के सौंदर्यीकरण तथा रखरखाव के कार्यों का जायजा लिया।

**15 जून तक पार्कों की सभी व्यवस्थाएं होंगी दुरूस्त :** विधानसभा अध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान फाउंटेन पार्क और निर्झर वाटिका में उचित साफ-सफाई की व्यवस्था न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पार्कों को स्वच्छ रखना और वहां सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। श्री गुप्ता ने मौके पर ही हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक से फोन पर बातचीत की और उन्हें पार्कों की स्थिति के बारे में अवगत करवाया। मुख्य प्रशासक ने गुप्ता को आश्वासन दिया कि 15 जून तक पार्कों में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा पार्कों के रख-रखाव के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जोकि संबंधित विभागों से ताल-मेल कर पार्कों में साफ-सफाई, मरम्मत व सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा। इसके अलावा एक कार्यकारी अभियंता को कम से कम दो पार्कों की जिम्मेदारी दी जाएगी ताकि पार्कों से संबंधित सभी कार्य समय पर पूर्ण हो सकें। गुप्ता ने फाउंटेन पार्क और निर्झर वाटिका में पुनः संचालित किए गए फव्वारों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इन फव्वारों को प्रतिदिन प्रातः व सायं 6 से 8 बजे तक चलाया जाए ताकि पार्क में सैर करने के लिए आने वाले लोग इनका लुत्फ उठा सकें। उन्होंने निर्देश दिये कि फव्वारों में लाईटिंग की व्यवस्था की जाए ताकि सायं के समय ये और आकर्शक लगें।



● पार्कों को स्वच्छ रखना और वहां सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाना अधिकारियों की जिम्मेदारी

**चण्डीगढ़ से झुग्गियां हटने के बाद पंचकूला में न स्थापित हों नई झुग्गियां :** इस अवसर पर गुप्ता ने अवैध अतिक्रमण को लेकर भी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि हाल ही में चण्डीगढ से हजारों झुग्गियों को हटाया गया है, जिसके बाद लोगों द्वारा पंचकूला में माता मनसा देवी मंदिर के समीप और खड़ग मंगोली और ओद्यौगिक क्षेत्र फेज-2 में नई झुग्गियां बनाई जा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि प्राधिकरण द्वारा एक अभियान चला कर यह सुनिश्चित किया जाए कि पंचकूला में कोई नई झुग्गी न स्थापित हो और यदि इस तरह का कोई भी मामला सामने आता है तो ऐसी झुग्गियों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए।

## एचआईवी एड्स को लेकर आईटीआई में किया, जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



पंचकूला, प्रात: किरण संवाददाता

राजकीय आईटीआई, रायपुररानी में स्वास्थ्य विभाग के रेड रिबन क्लब के तहत एचआईवी एड्स पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सिविल सर्जन पंचकूला डॉ मुक्ता कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डॉ मुक्ता कुमार ने छात्र-छात्राओं को एचआईवी एड्स के लक्षण, कारण,बचाव के तरीके के बारे में अहम जानकारियां दी। डॉ. मुक्ता कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार के द्वारा एचआईवी संक्रमित मरीज को पेंशन देने की योजना भी शुरू की गई है, जिसके तहत अब एचआईवी संक्रमित मरीज को स्वास्थ्य विभाग पंचकूला के द्वारा 2250 रूपए में महीना पेंशन दी जा रही है।कार्यशाला की अध्यक्षता डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. मोनिका कौरा ने की। इस दौरान डॉ. मोनिका कौरा ने छात्र-छात्राओं के साथ एच आई वी एड्स से बचने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रोग से बचने व इलाज के लिए संदेश दिया। डॉ. मोनिका कौरा ने बताया कि एचआईवी से बचने का जागरुकता व प्रचार-प्रसार ही एकमात्र उपाय है। कार्यशाला में डॉ मोनिका कौरा के द्वारा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को आगे 10 लोगो को एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 के बारे में जानकारी देते हुए डॉ मोनिका ने बताया कि इस नंबर पर आप एचआईवी एड्स से सम्बंधित किसी भी प्रकार की जानकारी ले सकते है। उन्होंने बताया कि जानकारी लेने वाले कि पहचान गुप्त रखी जायेगी। कार्यशाला में मंच संचालन अनुदेशिका परवीन कुमारी के द्वारा किया गया।

## भतीजे ने पेट्रोल डालकर अपने ही ताऊ को लगाई आग

पलवल, प्रात: किरण संवाददाता



गदपुरी थाना क्षेत्र स्थित गांव भुर्जा में कहासुनी के बाद भतीजे ने अपने ही ताऊ पर पेट्रोल छिडककर आग लगा दी, जिससे उसका ताऊ बुरी तरह झुलस गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित के बेटे की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी हरिओम के अनुसार भुर्जा गांव निवासी जगदीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देर शाम वह, उसके पिता लाल सिंह व गांव के अन्य लोग उनकी बैठक में बैठे हुए थे। उसी दौरान चाचा रूपचंद का बेटा रणधीर उर्फ किशनपाल अपनी स्कूल बस लेकर आया और बस को खड़ा करने के बाद घर जाने लगा। अचानक बैठक में बैठे पिता लाल सिंह से उसने कहा कि मेरी तरफ क्यों देख रहा है। जवाब में लाल सिंह ने कहा कि बेटा मैं तो सभी को देख रहा हूं, तुझे कहां घूर रहा हूं। रणधीर ने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। उस समय तो वहां बैठे लोगों ने उसे समझा-बुझाकर घर भेज दिया। कुछ देर बाद रणधीर हाथ में जलती हुई मशाल व पेट्रोल से भरी बोतल लेकर आया और आते ही बैठक में चारपाई पर बैठे लाल सिंह के ऊपर पेट्रोल डालकर मशाल से आग लगा दी। लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक लाल सिंह बुरी तरह झुलस गया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जनसेवा के 8 साल-100 से संपर्कः नामक महासंपर्क अभियान करेगे भाजपा कार्यकर्ता: हुकम चन्द यादव

रेवाड़ी, प्रात: किरण संवाददाता

रेवाड़ी भाजपा जिला कार्यालय रेवाड़ी पर जिला पदाधिकारीयो की एक बैठक जिला अध्यक्ष हुकम चंद यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रुप से पूर्व प्रदेश महामंत्री वीर कुमार यादव उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 8 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है, जिससे न केवल पार्टी की जड़ें बूथ स्तर पर और मजबूत होगी, बल्कि मोदी एवम मनोहर सरकार के विजन एवं योजनाओं के प्रति कार्यकत्राओं तथा जिले की जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा। जनसेवा के 8 साल-100 से संपर्क नामक महासंपर्क अभियान के तहत जिले के प्रत्येक बूथ पर 100 लोगो से संपर्क किया जाएगा।हुकम चंद यादव ने बताया की पार्टी ने महा संपर्क अभियान के तहत सभी वरिष्ठ कार्यकताओं को जिले के प्रत्येक बूथ पर 100 लोगों से मिलने एवम जिले के सभी पदाधिकारी को 10 लोगों से एवम सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष व उनकी टीम को 100 लोगों के घर जाकर उनसे संपर्क कर उन्हे केंद्र एवम प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत कराने का कार्य दिया है।





वहीं उपस्थित पूर्व प्रदेश महामंत्री ने कहा की विपक्षी दल देश व प्रदेश में महंगाई को लेकर गलत आंकड़े जनता तक पहुंचा रहे हैं। महासंपर्क अभियान के जरिये जनता तक सच पहुंचाया जाएगा। इस बैठक में नवनियुक्त जिला महामंत्री अशोक मुदगिल का जिला पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी के रिवाड़ी विधानसभा के उम्मीदवार रहे सुनील यादव ने उन्हें पगड़ी एवम पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस बैठक में जिला महामंत्री ईश्वर सिंह चनीजा, जिला उपाध्यक्ष सुनील ग्रोवर,के भूपेंद्र गुप्ता, अजय कांटीवाल जिला सचिव सुभाष यादव, मौसमी देवी, कुलदीप चौहान, चांदनी चांदना, मुकेश यादव, सह कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा, सोशल मीडिया प्रमुख रूपेश जैनाबाद, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष गुप्ता, रेवाड़ी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पिंकी यादव, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जयवीर योगी, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष रामसिंह सांवरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### दहेज प्रताड़ना के चलते विवाहिता के साथ की मारपीट

**पलवल।** एक महिला को ससुराल जनों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी प्रीतम के अनुसार चांदहट गांव निवासी कमलेश ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी शादी कुछ वर्ष पूर्व किठवाड़ी रेलवे पुल निवासी राजकुमार के साथ हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने यथा-संभव दान दहेज भी दिया था। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और शादी के बाद से ही दहेज में तरह-तरह की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। दहेज देने में असमर्थता जताने पर पीड़िता के साथ पति, सास जगबती व ननद हेमा द्वारा मारपीट की जाती। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## डालसा से न्यायिक परिसर में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, 71 ने उठाया लाभ

रेवाड़ी, प्रात: किरण संवाददाता





आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी द्वारा डालसा सचिव एवं सीजेएम वर्षा जैन की देखरेख में मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के सहयोग से शुक्रवार को जिला न्यायिक परिसर में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डालसा अध्यक्ष विमल कुमार ने किया।जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इस अवसर पर कहा कि प्रत्येक इंसान को अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहना चाहिए और अपने स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच करवानी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में न्यायालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की शुगर ई.सी.जी, सांस से सम्बधित रोगों व सामान्य रोगों की जांच की गई।डालसा सचिव एवं सीजेएम वर्षा जैन ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता है ताकि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। उन्होने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए और प्रतिदिन योगा भी करना चाहिए। इस शिविर में लगभग 71 लोगों ने फायदा उठाया।

इस मौके पर जिला न्यायालय राज कुमार जैन, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बासवाना, सिविल जज विनीत सपड़ा मेदांता अस्पताल गुरुग्राम की मेडिकल टीम से डा. पिंकी गोयल, डा. हिमानी साहू, डा.केशव खेड़ा, कश्यप घोष व राघव धींगड़ा उपस्थित रहे।

### बम निरोधक दस्ते ने की अस्पताल परिसर की चेकिंग

**फरीदाबाद।** महत्वपूर्ण स्थान, मॉल, होटल बैंक इत्यादि की जा रही चेकिंग के तहत तहत आज बीके अस्पताल के परिसर को थाना एसजीएम नगर प्रबंधक इंस्पेक्टर दिलीप कुमार और पी.पी. नंबर 3 इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सोमपाल सिंह की टीम ने बम निरोधक दस्ते के साथ चेक किया है। आज बीके अस्पताल के उच्च अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर मीटिंग कर परिसर को पुलिस टीम ने बम डिस्पोजल टीम के साथ मिलकर चेक किया। थाना प्रबंधक ने अस्पताल की सुरक्षा में लगे गार्डों को सुरक्षा के नियमों के बारे में अवगत कराया और हिदायत दी कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिलते ही पुलिस को उसके बारे में सूचित करें। अस्पताल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की एंट्री रजिस्टर में एड्रेस और मोबाइल फोन नंबर सहित एंट्री कराएं।

## जलभराव की समस्या से जूझ रहे वार्ड 14 निवासी

### बार बार शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समाधान

पुन्हाना, प्रात: किरण संवाददाता

पुन्हाना शहर के वार्ड न. 14 में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। बार बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। हालत ये है कि वार्ड में गंदा पानी अब मकानों के अंदर प्रवेश कर चुका है। वार्डवासी परेशान है लेकिन नगरपालिका के अधिकारी समस्या के प्रति गंभीर नहीं है। वार्ड 14 निवासी दुलीचंद, पूरण, भगवत, राम अवतार, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य संजय सिंगला सहित काफी लोगों का कहना है कि नालियों की सफाई ना होने के कारण गंदा पानी हर समय गली में भरा रहता है। नगर पालिका के अधिकारियों को बार बार शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। वार्ड निवासियों का आरोप है कि जब वो समस्या के समाधान के लिए नगरपालिका के जेई के पास फोन करते है वो फोन नहीं उठाते और बाद में फोन भी बंद कर लेते है। पिछले काफी दिनों से जलभराव की समस्या से त्रस्त वार्डवासी पूरी तरह परेशान है। उक्त लोगों का कहना है कि सुबह गली पूरी तरह गंद पानी से भर जाती है। स्कूल आने वाले बच्चे गंदे पानी से होकर स्कूल जाते है। इतना ही नहीं गंदा पानी लोगों के मकानों के अंदर प्रवेश कर जाता है। गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध के कारण वार्डवासी काफी परेशान है। वार्ड के लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराने की मांग की है। क्या कहती है पुन्हाना की उपमंडल अधिकारीः- वहीं जब पुन्हाना उपमंडल अधिकारी मनीषा शर्मा से इस बारे में बात की तो उन्होंने बताया की नगरपालिका के जेई को समस्या के समाधान के आदेश दिए है। जल्द ही नालियों की सफाई कराकर वार्ड के लोगों की समस्या का समाधान करा दिया जाऐगा।



## आगामी विधान सभा में सोहना से पहुंचेगा जे जे पी का विधायक: विनेश गुर्जर

सोहना, प्रात: किरण संवाददाता

सोहना जे जे पी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर ने कहा कि आगामी विधान सभा में सोहना से जे जे पी का विधायक का पहुंचेगा।सोहना की अनाज मंडी में 15 मई रविवार को होने वाले जे जे पी के विजय संकल्प सम्मेलन के आयोजन को लेकर विनेश गुर्जर ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया कि 15 मई को विजय संकल्प सम्मेलन में मुख्य अतिथि जे जे पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला होंगे। व प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला सहित सरदार निशान सिंह व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी पहुंचेंगे।

एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में पार्टी नगर परिषद व पालिका चुनाव को लेकर रणनीति बनाएगी जिसको लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला सम्मेलन में पहुंच रहे हैं।उन्होंने बताया कि विजय संकल्प सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता जीजान से जुटे हैं। सोहना के सभी 21 वार्डों, कॉलोनियों में शिव कॉलोनी,राम मंदिर, पहाड़ कॉलोनी, नट कॉलोनी,बाजार,सहित धुनेला,नंगली, आदि सभी गांव में लोगों को आमंत्रित किया है।





लोगों में उत्साह और जोश है उनका कि भविष्य में नगर परिषद सोहना के अंतर्गत लगते शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारी तन मन धन से जुटे हुए हैं। पार्टी का जनाधार पहले से बढ़ता जा रहा है। कहा कि जनता प्रदेश में दुष्यंत चौटाला को मुख्यमंत्री देखना चाहती है।वहीं उन्होंने कहा की यदि पार्टी ने टिकट दिया तो विधान सभा से चुनाव लडेंगे जिसके लिए प्रयास जारी हैं।वहीं बताया कि नगर परिषद, पालिका , पंचायत चुनाव विधानसभा चुनावों का आधार है। और पार्टी सिंबल पर चुनाव लडेगी।वहीं उन्होंने बताया कि आगामी 15 मई को होने वाले सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। वहीं जेजेपी पार्टी के जिले की सभी कार्यकारिणी मंच पर नजर आएगी। नगर परिषद के चुनाव को लेकर बताया कि जून के अंत में या जुलाई के प्रथम सप्ताह में चुनाव हो सकते हैं।ऐसा सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को चुनाव कराने के दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

इस मौके पर जेजेपी युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर के अलावा सतीश राघव हल्का अध्यक्ष ,अभिषेक शर्मा युवा उपाध्यक्ष, कपिल शौकीन ,महिपाल - जिला उपाध्यक्ष सहित सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## डॉक्टर्स प्रीमियर लीग, लीजेंड्स चतुष्कोणीय टी20 क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ आयोजन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

चिकित्सकों को शारीरिक व मानसिक मजबूती प्रदान करने के लिए डॉक्टर्स प्रीमियर लीग, लीजेंड्स चतुष्कोणीय टी20 क्रिकेट टूनार्मेंट 2022 का गुडगांव के बैकयार्ड मैदान में दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अश्विनी डालमिया, डा. संजीव महिंद्रू, स्पोर्टस हेड डा. श्रीकांत कौशिक की अध्यक्षता में शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को हरियाणा व पंजाब की टीमों के मध्य निवार्णा कंट्री क्लब में मैच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने टॉस जीता। प्रतियोगिता में आई टीमों के चिकित्सक खिलाडियों को पौधे व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजन समिति के डा. राजीव सौलंकी, डा. सुमित तलवार, डा. गोविंद गर्ग, डा. भूपिंदर ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, यूपी की टीमें भाग ले रही हैं। हरियाणा से गुडगांव, रेवाड़ी, कैथल, हिसार, पलवल आदि के चिकित्सकों ने भाग लिया। दिल्ली का नेतृत्व डा. कपिल सेठी, गुडगांव का नेतृत्व डा. संजीव चौधरी, अमृतसर का नेतृत्व डा. अमित बूटरा व डा. पीयूष खन्ना, मेरठ की टीम का नेतृत्व डा. संदीप सहगल ने किया। उन्होंने बताया कि क्रिकेट मैच के दौरान चिकित्सकों को हाइड्रेटेड रखने और मैच के दौरान मेडिकल सुविधाओं के साथ आपातकालीन सेवाओं के लिए रिवाइवल हेल्थकेयर से अर्जुन गुप्ता और स्टार इमेजिंग पैथ लैब अपनी सेवाएं प्रदान की। फाइनल मैच का आयोजन 15 मई को किया जाएगा, जिसमें द्वारका न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गौतम मनन खिलाड़ी चिकित्सकों का उत्साहवर्धन करेंगे। डा. राजीव सौलंकी, डा. सुमित तलवार, डा. गोविंद गर्ग व डा. भूपिंदर ने बताया कि कोरोना महामारी ने चिकित्सकों ही नहीं, अपितु आमजन के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला था। इस कठिन दौर में भी चिकित्सकों ने अनवरत मानव सेवा की और देश को फिर से खड़ा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डीएमए अध्यक्ष डा. अश्विनी डालमिया, डीएमसी रजिस्ट्रार डा. गिर्राज त्यागी, आईएमए गुरुग्राम अध्यक्ष डा. एनपीएस वर्मा, सचिव डा. सारिका वर्मा, डा. मणिका खन्ना, डा. बलवीर सिंह आदि शामिल रहे।





### अवैध हथियार के साथ 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी नरेंद्र कादयान द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दीपक, राहुल और अनिल फरीदाबाद के सेक्टर-17 की प्रेम नगर झुग्गियों के रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रो से प्राप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपी को सेकटर-31 के एतमाद पुल से लूट की योजना बनाते हुए काबू किया है। आरोपी से तलाशी लेने पर आरोपीयो से बटन दार चाकू के साथ दो सरिया लोहा की बरामद हुई है। आरोपियो के खिलाफ थाना सेक्टर-31 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी किसी लूट की वारदात को अंजाम देने वाले थे। आरोपियो ने एक अन्य चोरी की वारदात थाना सेक्टर-31 के एरिया में 17 अप्रैल को अंजाम दिया था। आरोपी से 17 अप्रैल की चोरी की वारदात में 15000/-रुपए बरामद किए गए है। तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें



### एसबीआई का लाभ 41 फीसदी बढ़कर 9,114 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। फंसे कर्ज में कमी आने से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मार्च 2022 में खत्म चौथी तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 41 फीसदी बढ़कर 9,114 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई ने शेयर बाजारों को बताया कि 2020-21 की जनवरी से मार्च की तिमाही में बैंक को 6,451 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। उसने बताया कि मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय मामूली रूप से बढ़कर 82,613 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 81,327 करोड़ रुपये थी। समेकित रूप से बैंक का शुद्ध लाभ 56 फीसदी की वृद्धि के साथ 9,549 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 6,126 करोड़ रुपये था। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में 31 मार्च 2022 तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्तियां (एनपीए) कम होकर सकल अग्रिम का 3.97 फीसदी रह गईं। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 4.98 फीसदी थी। शुद्ध एनपीए या फंसा कर्ज कम होकर 1.02 फीसदी रह गया जो पिछले वर्ष 1.50 फीसदी था। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में बैंक का एकल लाभ 55 फीसदी बढ़कर 31,676 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वर्ष 20,410 करोड़ रुपये था। बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए 7.10 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देने की सिफारिश की है।

### चौथी तिमाही में मैट्रिमोनीडॉटकॉम का शुद्ध लाभ 15.6 प्रतिशत बढ़ा

चेन्नई, 13 मई (वेब वार्ता)। शादी-विवाह से संबंधित सेवाएं प्रदान करने वाली मेट्रिमोनी डॉट कॉम का वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15.6 प्रतिशत बढ़कर 11.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुरुगवेल जानकीरमन ने तिमाही नतीजों की जानकारी देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 10.12 करोड़ रुपये रहा था। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 31.44 प्रतिशत बढ़कर 53.59 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो इससे एक साल पहले 40.77 करोड़ रुपये था। कंपनी की चौथी तिमाही में कुल आय बढ़कर 116.26 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। वित्त वर्ष 2020-21 की समान तिमाही में यह 105.06 करोड़ रुपये रही थी।

### पनामा पेपर लीक से जुड़े शख्स के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने पनामा पेपर लीक मामले से जुड़े एक व्यक्ति के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में उसके मध्य प्रदेश और गोवा स्थित परिसरों पर छापेमारी कर 88.30 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि छापेमारी की यह कार्रवाई संजय विजय शिंदे के खिलाफ की गई। शिंदे के ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड स्थित एक फर्म से लाभकारी हित जुड़े हुए हैं और उसके सिंगापुर के बैंक खाते में विभिन्न विदेशी संस्थानों ने 31 करोड़ रुपये से अधिक राशि जमा करवाई है।

# एलआईसी ने तय किया आईपीओ का इश्यू प्राइस

नई दिल्ली, एजेंसी

एलआईसी ने आईपीओ के एक शेयर की कीमत 949 रुपये तय की है। सूत्र के मुताबिक इस कंपनी का ऑफर 17 मई को शेयर बाजार में लिस्टआ होगा। सूत्र ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर यह जानकारी दी है। एलआईसी को भेजे गए मेल का अभी रिस्पांलस नहीं आया है। सरकार की इस आईपीओ के जरिए 21 हजार करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। एलआईसी के आईपीओ को बंद होने से पहले निवेशकों का अच्छा रिस्पांस मिला। खासकर विदेशी फंडों ने अंतिम समय में इसे सब्सटक्राइब किया। एलआईसी ने अपने कर्मचारियों और रिटेल निवेशकों को ऑफर प्राइस पर 45 रुपये का डिस्कांउंट दिया था। जबकि पॉलिसी होल्डीर्स को 60 रुपये का डिस्कानउंट मिला था। कंपनी ने ऑफर का प्राइस रेंज 902 से 949 रुपये के बीच रखा था। 9 मई को बिडिंग खत्म होने तक कंपनी के आईपीओ को 2.95 गुना ओवर सब्सइक्रिप्श9न मिला था। सरकार ने इस आइपीओ में करीब 3.5 फीसद हिस्सेनदारी बेची है। 66 साल पुरानी कंपनी बीमा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है। पॉलिसी जारी करने की बात करें तो करीब 280 मिलियन पॉलिसी कंपनी दे चुकी है। 2020 में प्रीमियम कलेक्श न के मामले में यह पांचवीं वैश्विक बीमा कंपनी रही हैं। एलआईसी का आईपीओ बंद होने पर वित्त मंत्रालय के दीपम विभाग के सचिव टीके पांडे ने कहा था कि एलआइसी आइपीओ आत्मनिर्भर भारत का आइपीओ है क्योंकि इसने यह साबित किया है कि घरेलू निवेशकों की क्षमता बढ़ गई है और अब हम किसी आइपीओ की सफलता के लिए विदेशी निवेशकों पर निर्भर नहीं हैं। एलआइसी आइपीओ का प्राइस बैंड बाजार में हो रहे उथल-पुथल को देखते हुए नहीं तय किया गया था।




- 17 मई को स्टॉक एक्स चेंजों पर हो सकती है लिस्टिंग

### एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने आवास ऋण पर ब्याज दर बढ़ाई

**मुंबई।** एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस (एलआईसी एचएफएल) ने चुनिंदा कर्जदारों के लिए आवास ऋण पर ब्याज दरें 20 आधार अंक बढ़ाकर 6.7 फीसदी से 6.9 फीसदी कर दीं हैं। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने एक बयान में कहा कि संशोधित दरें शुक्रवार से प्रभावी होंगी। उसने बताया कि जिन कर्जदारों का सिबिल अंक 700 या इससे अधिक है उनके लिए दरों में वृद्धि केवल 20 आधार अंकों तक सीमित है। उसने बताया कि जिन ग्राहकों का सिबिल अंक 700 से कम है उनके लिए अधिकतम वृद्धि 25 आधार अंक, नए ग्राहकों के लिए यह 40 आधार अंक है। एलआईसी एचएफएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी वाई विश्वनाथ गौड़ा ने कहा, आरबीआई ने लंबे समय बाद नीतिगत दरें बढ़ाई हैं और इसका असर सभी कर्जदाताओं पर नजर आ रहा है। घर खरीदारों की आकांक्षाओं का खयाल रखते हुए फंड की लागत बढ़ने के बावजूद हमने आवास ऋण दरों को प्रतिस्पर्धी बना रखा है।

## एफएमसीजी फर्मों को कीमत वृद्धि से ज्यादा राहत के आसार नहीं

मुंबई, एजेंसी



चूंकि जिंस कीमतें वित्त वर्ष 2021 की दूसरी छमाही से ही तेज रफ्तार से बढ़ी हैं, ऐसे में एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए साबुन से लेकर खाद्य तेल और बिस्कुट जैसे जरूरी उत्पादों, सभी की कीमतें बढ़ाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रह गया था।

बिजोम के आंकड़ों के अनुसार, मध्यम एक अंक से दो अंक की कीमत वृद्धि लगभग सभी जरूरी खाद्य उत्पादों में देखी गई है, क्योंकि उत्पादन, लॉजिस्टिक और पैकेजिंग लागत में इजाफा हुआ है। साबुन श्रेणी अन्य डिटर्जेंट के मुकाबले उत्पाद सामग्री की कीमतें बढने की वजह से ज्यादा प्रभावित हुई है। बासमती चावल में भी पिछले साल के दौरान भारी तेजी दर्ज की गई। लेकिन चूंकि इसका मुख्य तौर पर निर्यात भी होता है, जिससे कंपनियों को अच्छी मदद मिली है।

कोविड-19 महामारी फैलने के बाद से कई पर्सनल केयर उत्पाद श्रेणियों को कम आउट-ऑफ-होम सोशल इंटरेक्शन की वजह से संघर्ष करना पड़ा है। हालांकि पिछली एक-दो तिमाहियों के दौरान मांग में तेजी आई है, लेकिन कंपनियां कीमत वृद्धि/पैक आकार के वजन में कमी करने को लेकर काफी हद तक सतर्कता बरत रही हैं, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहती हैं कि कहीं उन्हें बाजार भागीदारी नुकसान न हो जा जाए।

बिजोम का यह भी मानना है कि वर्ष 2020 से महंगाई का असर तेलों (खाद्य और गैर-खाद्य दोनों) में दर्ज किया गया है। वर्ष 2022 के शुरू में इनमें नरमी आनी शुरू हुई थी, लेकिन यूक्रेन-रूस हमले से फि से इनमें तेजी आने लगी है।

बिजोम के प्रमुख (वृद्धि एवं दृष्टिकोण) अक्षय डिसूजा ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'भारत में सभी जरूरी उत्पादों और सेवाओं में महंगाई बढ़ रही है, जिनमें परिवहन लागत और पैकेजिंग भी शामिल है। इन पर जहां शुरू में कोविड का प्रभाव पड़ा था वहीं अब हाल में रूस-यूक्रेन युद्ध का असर देखा जा रहा है। हम देख रहे हैं कि उपभोक्ता काफी ज्यादा कीमतें चुका रहे हैं, खासकर कुकिंग तेल, मसालों और बासमती चावल के लिए।' डिसूजा को यूक्रेन से सूर्यमुखी की आपूर्ति बाधित होने और निर्यात प्रतिबंधित होने के इंडोनेशिया के निर्णय के बाद पाम तेल कीमतों में और तेजी आने की आशंका है। यदि पाम तेल कीमतें अन्य खाद्य तेलों की तुलना में ज्यादा बढ़ती हैं तो इससे उपभोक्ता व्यवसायों से मांग पर दबाव देखा जा सकता है।

बिजोम प्राइस ट्रैक के अनुसार, मार्च 2020 के बाद से, सूर्यमुखी तेल कीमतें 93.8 प्रतिशत, सोयाबीन तेल 23.9 प्रतिशत, मूंगफली तेल 20.2 प्रतिशत, सरसों तेल 69.5 प्रतिशत, पाम तेल और वनस्पति तेल कीमतें 80.7 प्रतिशत और 92.7 प्रतिशत तक चढ़ी हैं। इसके परिणामस्वरूप, कंपनियों ने संकेत दिया है कि वे अपने पैकेट के वजन में कमी और कीमतों में इजाफा कर सकती हैं।

## चौथी तिमाही के परिणाम के बाद टाटा मोटर्स का शेयर 8% से अधिक चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा मोटर्स का शेयर शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में आठ फीसदी से अधिक चढ़ गया। एक दिन पहले ही कंपनी ने बताया था कि उसका एकीकृत शुद्ध घाटा वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में कम होकर 992.05 करोड़ रुपये पर आ गया है। बीएसई पर कंपनी का शेयर 8.30 फीसदी उछलकर 403 रुपये प्रति शेयर पर आ गया, वहीं एनएसई पर यह 8.31 फीसदी चढ़कर 403.25 रुपये प्रति शेयर हो गया। टाटा मोटर्स ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को बताया था कि उसका एकीकृत शुद्ध घाटा वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में कम होकर 992.05 करोड़ रुपये पर आ गया है।

उसने कहा था कि वित्त वर्ष 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध घाटा 7,585.34 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की कुल परिचालन आय घटकर 78,439.06 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले की इसी तिमाही में 88,627.90 करोड़ रुपये थी। वहीं एकल आधार पर वाहन विनिमार्ता कंपनी का शुद्ध लाभ आलोच्य तिमाही के दौरान घटकर 413.35 करोड़ रुपये पर आ गया। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 1,645.68 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि एकल आधार पर उसकी परिचालन आय वित्त वर्ष 2021-22 की अंतिम तिमाही में बढ़कर 17,338.27 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 13,480.42 करोड़ रुपये थी।




### PNB अगले महीने से बढ़ाने जा रहा है कर्ज की दरें

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक के प्रमुख अतुल कुमार गोयल ने कहा कि बैंक अगले महीने से रेपो से जुड़ी उधार दरों में वृद्धि करेगा। बढ़ती मुद्रास्फीति के बीच भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पिछले सप्ताह रेपो दर में 40 आधार अंकों की बढ़ोतरी की पृष्ठभूमि में यह कदम उठाया जा रहा है। इससे लोन लेने वाले ग्राहकों पर एटक का बोझ बढ़ेगा। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता के एमडी और सीईओ गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि ब्याज दरों को बढ़ना निश्चित है। गोयल ने कहा, रेपो दर में 40 बीपीएस की वृद्धि हुई...इसलिए हमारी नीति के अनुसार, 1 जून से उधार दरों में समान मात्रा में वृद्धि होगी। इसलिए, निश्चित रूप से ऋण दर में कुछ वृद्धि होगी। रेपो दर वह दर होती है, जिस पर आरबीआई, बैंकों को अल्पकालिक धन उधार देता है। इससे पहले बैंक ने 7 मई से चुनिंदा सावधि जमा पर 0.60 प्रतिशत तक ब्याज दरें बढ़ा दी थीं। इसके अलावा, आरबीआई दर वृद्धि के बाद कई बैंकों ने अपने ग्राहकों के लिए रेपो-लिंक्ड उधार दरों को पहले ही बढ़ा दिया है।

## एनसीएलटी से फ्यूचर रिटेल को जवाब के लिए वक्त

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रीय कंपनी विधि पंचाट (एनसीएलटी) के मुंबई पीठ ने गुरुवार को फ्यूचर रिटेल को आईबीसी की धारा 7 के तहत कंपनी के खिलाफ बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दायर दिवालिया याचिका के लिए अपना जवाब सौंपने के संबंध में ज्यादा समय दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 6 जून को होगी।

इस बीच, ई-कॉमर्स दिग्गज एमेजॉन ने इस मामले में आईबीसी की धारा 65 के तहत दखल आवेदन दायर कराया है, जिसका उन आधारों पर बैंक द्वारा विरोध किया गया है कि इस मामले में उनका कोई महत्व नहीं है, क्योंकि वे कंपनी के लेनदार नहीं हैं। एमेॉन ने आरबीआई को लिखे पत्र में भी फ्यूचर रिटेल और बैंकों द्वारा उसके अधिकारों का उल्लंघन किए जाने का आरोप लगाया है। अपने पत्र में उसने कहा है कि फ्यूचर रिटेल को दिवालिया प्रक्रिया में जाने की अनुमति नहीं जानी चाहिए, क्योंकि इससे उसके अधिकार और ज्यादा प्रभावित होंगे।

कॉरपोरेट देनदार फ्यूचर रिटेल ने यह कहते हुए दिवालिया याचिका का जवाब देने के लिए और समय मांगा कि उसके कई निदेशकों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। इसके अलावा उसने कंपनी को बैंकों द्वारा भेजे गए चूक संबंधित नोटिसों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में दायर लिखित याचिका का भी जिक्र किया। 1 जनवरी, 2022 को कंपनी और उसके ऋणदाताओं ने छोटे आकार के स्टोरों की बिक्री के लिए परिसंपत्ति बिक्री समिति बनाने पर सहमति जताई थी और इसके तहत अपना बकाया वसूलने की तैयारी की थी।

फ्यूचर रिटेल का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता श्याम कपाडिया ने कहा, 'सर्वोच्च न्यायालय ने कोई अंतरिक आदेश जारी नहीं किया है, लेकिन उसने लिखित याचिका का संज्ञान लिया है और मामले को स्थगित कर दिया है।' कपाडिया ने कहा कि इसलिए मामले को आज ही स्वीकार किए जाने की जरूरत नहीं है और कॉरपोरेट देनदार को जवाब देने के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।



- ई-कॉमर्स दिग्गज एमेजॉन ने इस मामले में आईबीसी की धारा 65 के तहत दखल आवेदन दायर कराया है

### पेट्रोल-डीजल के दाम 37वें दिन स्थिर

**नई दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की, जिसके कारण लगातार 37वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहें। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर मौजूद है।यूक्रेन तथा रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.94 प्रतिशत चढ़कर 109.53 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.67 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 109.53 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है।देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने 46 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की।

## वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में अपनी भूमिका निभाए विश्व व्यापार संगठन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत चाहता है कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में अपनी भूमिका निभाए, जिसका असर सदस्य देशों की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है। डब्ल्यूटीओ में राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि ब्रजेंद्र नवनीत ने भारत की तरफ से दिए गए बयान में यह बात कही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार निकाय के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता अर्थव्यवस्था का पुनरुद्धार होना चाहिए और कोरोना महामारी के बाद और भू-राजनीतिक संकट की स्थिति के दौरान विकास को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्यह्यवर्तमान स्थिति में एक और नई बड़ी परेशानी आ खड़ी हुई है, जो अधिकांश देशों की अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ती महंगाई दर है।ह्लह्ल उन्होंने कहा, ्यह भोजन, उर्वरक और ईंधन संकट के माध्यम से फैल रही है और यह अर्थव्यवस्था को तबाह करने वाली है। यह बहुत सारे लाभों का सफाया करने की ओर बढ़ रही है, जो महामारी से पहले हासिल किए गए थे।् यह बयान 4 मई को व्यापार वार्ता समिति (टीएनसी) और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख की अनौपचारिक बैठक के दौरान दिया गया था। 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के संदर्भ में उन्होंने कहा, ्हमें लगता है कि इन महत्वपूर्ण समस्याओं से निपटने के लिए विश्व व्यापार संगठन की भूमिका है।् उन्होंने कहा कि भारत एक सफल एमसी की उम्मीद करता है, जो वर्तमान खाद्य संकट और चल रही महामारी सहित उन महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करेगी, जिनका सामना दुनिया कर रही है। बता दें कि विश्व व्यापार संगठन की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली बॉडी 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की बैठक 12-15 जून को जिनेवा में होनी है। भारत में महंगाई दर अप्रैल में बढ़ी है। अप्रैल में खुदरा महंगाई वार्षिक आधार पर आठ साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई है, जो 7.79 प्रतिशत है। इसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की ज्यादा कीमतें हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई इस साल मार्च में 6.95 फीसदी थी।



### जूम ने संवादी एआई प्लेटफॉर्म सॉल्वी का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** वीडियो चैट ऐप जूम ग्राहक सहायता के लिए एक संवादी एआई और ऑटोमेशन प्लेटफॉर्म सॉल्वी का अधिग्रहण कर रहा है। कंपनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी है। कंपनी ने हाल ही में जूम कॉन्टैक्ट सेंटर लॉन्च किया है। कंपनी ने कहा है कि अधिग्रहण से उन्हें एकीकृत संचार के साथ संपर्क केंद्र श्रेणी को फिर से परिभाषित करने में मदद मिलेगी। जूम वीडियो कम्युनिकेशंस के उत्पाद और इंजीनियरिंग के अध्यक्ष वेलचामी शंकरलिंगम ने कहा, सॉल्वी की अलग-अलग एआई और मशीन लर्निंग तकनीक के साथ, हम दुनिया भर के ग्राहकों के लिए एक कंसीयर्ज-स्तरीय अनुभव बनाने के लिए अपने संपर्क केंद्र रोडमैप को तेज करने में सक्षम होंगे। कंपनी ने घोषणा करते हुए कहा कि सॉल्वी की मालिकाना तकनीक जूम कॉन्टैक्ट सेंटर की पेशकश को स्केलेबल सेल्फ-सर्विस और संवादी एआई के साथ व्यापक बनाएगी।

## प्रतिस्पर्धी फर्मों व पीई से बातचीत कर रही अल्ट्राटेक सीमेंट

मुंबई, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी हासिल करने की खातिर पश्चिम व मध्य भारत के कुछ सीमेंट प्लांटों की बिक्री प्रतिस्पर्धी सीमेंट कंपनियों व प्राइवेट इक्विटीज को करने के लिए बातचीत शुरू की है, अगर अल्ट्राटेक को अंबुजा सीमेंट में स्विस कंपनी होल्सिम की 63 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण में कामयाबी मिलती है।

एक बैंकर ने कहा, आक्रामक तौर पर गैर-बाध्यकारी बोली लगाते हुए अल्ट्राटेक ने यह सौदा पूरा करने के लिए होल्सिम से अतिरिक्त समय भी मांगा है क्योंकि अल्ट्राटेक व अंबुजा-एसीसी सीमेंट के जुड़ाव से प्रतिस्पर्धा आयोग का ऐतराज सामने आएगा और इससे अल्ट्राटेक, अंबुजा और एसीसी की परिसंपत्तियों के विनिवेश का मामला उठेगा। सूत्रों ने कहा कि अल्ट्राटेक उन सभी प्रतिस्पर्धी फर्मों से बातचीत करेगी, जो तय समयसीमा में सीमेंट प्लांट के अधिग्रहण में रुचि रखती हों।

होल्सिम व अल्ट्राटेक के प्रवक्ताओं ने इस संबंध में टिप्पणी नहीं की। एक सूत्र ने कहा, अल्ट्राटेक की बोली काफी आक्रामक है, हालांकि अन्य दो बोलीदाताओं अदाणी समूह व जेएसडब्ल्यू के पास इसे और बेहतर करने का विकल्प है, अगर होल्सिम उनमें से किसी को एक्सक्लूसिव बातचीत के लिए चुनती है। पीई से भी संपर्क किया गया है, अगर वे भारतीय सीमेंट उद्योग में निवेश की इच्छुक हों।

अल्ट्राटेक के पास 12 करोड़ टन सालाना उत्पादन की क्षमता है, वहीं भारत की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट फर्म अंबुजा और उसकी सहायक एसीसी के पास 6.4 करोड़ टन सालाना की क्षमता है। ज्यादातर परिसंपत्तियों का विनिवेश गुजरात व मध्य भारत में होगा, जहां अधिग्रहण सीसीआई की सीमा को पार करेगा। अल्ट्राटेक पहले ही होल्सिम को अपनी योजना बता चुकी है और उसके पास उन प्लांटों की विस्तृत जानकारी है जिसे अल्ट्राटेक व एसीसी को सीसीआई की मंजूरी पाने के लिए बेचना होगा। दो अन्य बोलीदाताओं से तुलना करें तो अल्ट्राटेक यह सौदा पूरा करने के लिए छह से आठ महीने का अतिरिक्त समय लेगी। अंबुजा सीमेंट का शेयर गुरुवार को 4 फीसदी चढ़कर 373 रुपये पर बंद हुआ और इस तरह से उसका कुल मूल्यांकन 74,000 करोड़ रुपये बैठता है, जबकि बीएसई सेंसेक्स 2.1 फीसदी टूट गया।

एक बैंकर ने कहा, होल्सिम हालांकि जल्द बिक्री करना चाहती है लेकिन अल्ट्राटेक की उच्च पेशकश होल्सिम को इस बिक्री में देरी का मौका देगी, वहीं अन्य दो बोलीदाताओं को अपनी बोली की रणनीति पर दोबारा विचार करना पड़ सकता है। अब मामला होल्सिम के पाले में है।


# सिंगापुर एक्सचेंज भारत के लौह अयस्क, इस्पात क्षेत्र में ग्राहक आधार बढ़ाने का कर रहा प्रयास

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर एक्सचेंज (एसजीएक्स ग्रुप) ने शुक्रवार को कहा कि भारत उसके लिए एक अहम बाजार है और वह यहां लौह अयस्क तथा इस्पात क्षेत्र के शेयरधारकों के बीच अपने ग्राहक आधार का विस्तार करने के लिए काम कर रहा है।

एसजीएक्स ने कहा कि लौह अयस्क तथा इस्पात क्षेत्र में मांग में मजबूत वृद्धि होना तय है क्योंकि भारत सरकार की पहलों के तहत अवसंरचना परियोजनाओं के लिए यहां बड़ी संभावनाएं हैं।

एसजीएक्स समूह में जिंसों के प्रमुख विल चिन ने कहा, भावी अवसंरचना परियोजनाओं के मद्देनजर भारत हमारे लिए महत्वपूर्ण बाजार है। उन्होंने कहा, हमारे लिए यह महत्वपूर्ण ग्राहक आधार है, हम उद्योग के हितधारकों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं विशेषकर लौह अयस्क व्यापार में जोखिम प्रबंधन के क्षेत्र के लोगों के साथ। चिन ने कहा, भारत कच्चे इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, 2021 में उसका उत्पादन 11.8 करोड़ टन था, ऐसे में इस बाजार में उसकी भागीदारी की जरूरत बढ़ेगी और लौह अयस्क खपत में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि एसजीएक्स लौह अयस्क बाजार में भारतीय प्रतिभागियों का अच्छा प्रतिनिधित्व है। 2021 में भारतीय प्रतिभागियों का एसजीएक्स लौह अयस्क अनुबंध लगभग 2.1 करोड़ टन था जो आने वाले वर्षों में और बढ़ने का अनुमान है। कारोबारी सूत्रों के मुताबिक भारत में इस्पात की खपत वित्त वर्ष 2030-31 तक बढ़कर 20 करोड़ टन से अधिक हो सकती है। इस्पात मंत्रालय ने अपनी मसौदा नीति रिपोर्ट में कहा था कि भारत का लक्ष्य 2030-31 तक कच्चे तेल की उत्पाद क्षमता 30 करोड़ टन करने की है।



**वृद्धि**

- एसजीएक्स ने कहा कि लौह अयस्क तथा इस्पात क्षेत्र में मांग में मजबूत वृद्धि होना तय

### जिपावर्ल्ड इनोवेशन एंजेल निवेशकों से पांच लाख डॉलर जुटाएगी

मुंबई, एजेंसी

डिजिटल लॉजिस्टिक्स स्टार्टअप जिपावर्ल्ड इनोवेशन की फार्मा और रसायन उद्योग के एंजेल निवेशकों से शुरूआती दौर में 1.4 करोड़ डॉलर के मूल्यांकन पर पांच लाख डॉलर यानी लगभग 3.8 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।
कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।कंपनी ने एक बयान में कहा कि स्टार्टअप की योजना कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) आधारित लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला सेवाओं को जुटाने और तेज करने की है। साथ ही बाजार के रुझान और जोखिमों का अनुमान लगाने के साथ-साथ अनुसंधान और विकास का समर्थन करने के लिए कोष का उपयोग करने की भी है। बयान में कहा गया कि, इसके अलावा, पूंजी का उपयोग वैश्विक बाजार में कदम रखने और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार करने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और कार्यबल का विस्तार करने के लिए किया जाएगा। जिपावर्ल्ड इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंबरीश कुमार ने कहा, हम वैश्विक स्तर पर विस्तार और वृद्धि को समर्थन देने के लिए 50 लाख डॉलर के निवेश पर विचार कर रहे हैं।

## लक्जरी कार बाजार पटरी पर आएगा : मर्सिडीज

चेन्नई, एजेंसी

लक्जरी कार की दिग्गज कंपनी मर्सिडीज बेंज ने आज कहा कि कंपनी को 2022 में रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि चिप की कमी और लॉजिस्टिक कठिनाइयों के बावजूद इस साल हमारे कारों की बिक्री कोविड से पहले के स्तर को पार कर जाएगी। कैलेंडर वर्ष 2022 की पहली दो तिमाहियों के दौरान कंपनी के पास 9,000 कारें थी। इसकी तुलना समूचे 2018 में 15,538 कारों और उसके बाद कैलेंडर वर्ष 2019 में 13,786 कारों से जा सकती है जिसके बाद कोविड की वजह से बिक्री में गिरावट आई थी। कंपनी ने समूचे 2020 और 2021 में क्रमशः 7,893 और 11,242 कारें बेची थी।

मर्सिडीज बेंज इंडिया में बिक्री और विपणन के उपाध्यक्ष संतोष अय्यर ने कहा, 'कोविड के बाद हमें बाजार में जबरदस्त वापसी नजर आई है। हमारी मौजूदा मांग भारत में हमारी मौजूदगी के बाद से सबसे अच्छी है। पहली तिमाही के दौरान हमने करीब 4,000 कारें बेची और अब हम करीब 5,000 कारों के आर्डर बैंक पर काम कर रहे हैं। हमने इस प्रकार की मजबूत बुकिंग, आर्डर बैंक इससे पहले नहीं देखा है।' आर्डर में मौजूदा तेजी भारत में उतारी गई सी-क्लास की वजह से भी है जिसकी एक्स शोरूम कीमत 55 लाख रुपये से शुरू होती है। इन नए ब्रांड के लिए 600 करोड़ रुपये या करीब 1,000 इकाइयों का आर्डर बैंक है जिसमें से करीब 70 फीसदी आर्डर कंपनी के मौजूदा ग्राहकों ने दिए हैं। उन्होंने कहा, 'लॉन्च करने से पहले ही हमने इसे केवल मर्सिडीज बेंज के ग्राहकों के लिए खोला है।' कंपनी ने कहा कि उसे ग्राहकों द्वारा लक्जरी कारों के खरीद प्रारूप में बदलाव नजर आ रहा है। कोविड से पहले 50 लाख रुपये से कम की लग्जरी कार बाजार की हिस्सेदारी करीब 40 फीसदी थी। अब यह केवल 24 फीसदी रह गई है। दूसरी ओर 1 करोड़ रुपये से ऊपर की बाजार हिस्सेदारी जो पहले 12 फीसदी थी बढ़कर 29 फीसदी हो गई। अय्यर ने कहा, 'हमें सुपर लग्जरी कारों के लिए मजबूत मांग नजर आ रही है।

### पराग को ट्रम्प का अकाउंट बहाल करना चाहिए : एलन मस्क

**सैन फ्रांसिस्को।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने शुक्रवार को दोहराया कि पराग अग्रवाल के नेतृत्व वाले ट्विटर को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खाते को बहाल करना चाहिए। एक ट्वीट में, जल्द ही होने वाले ट्विटर बॉस ने कहा, भले ही मुझे लगता है कि 2024 में एक कम विभाजनकारी उम्मीदवार बेहतर होगा, फिर भी मुझे लगता है कि ट्रम्प को ट्विटर पर बहाल किया जाना चाहिए। मस्क ने आगे कहा कि ट्विटर को सभी वास्तविक यूजर्स को प्रमाणित करना चाहिए और अनधिकृत यूजर्स के ऊपर प्राथमिकता देनी चाहिए। इस हफ्ते की शुरूआत में मस्क ने कहा था कि एक बार माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म संभालने के बाद वह ट्रम्प पर ट्विटर प्रतिबंध को हटा देंगे। फाइनेंशियल टाइम्स फ्यूचर ऑफ द कार शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, अरबपति ने कहा कि उन पर प्रतिबंध एक गलत था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि डोनाल्ड ट्रम्प पर प्रतिबंध लगाना सही नहीं था। मुझे लगता है कि यह एक गलती थी। पिछले साल जनवरी में उनके हजारों समर्थकों द्वारा कैपिटल हिल पर हिंसक रूप से धावा बोलने के बाद माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने ट्रम्प पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी : ओडिशा बड़ी जीत से क्वार्टर फाइनल में

भोपाल। ओडिशा ने शुक्रवार को यहां पूल एच के अपने अंतिम मैच में हिमाचल प्रदेश को 8-0 से करारी शिकस्त देकर 12वी सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दिन के अन्य मैचों में केरल ने पूल एच में तेलंगाना को 8-0 से पराजित किया जबकि दिल्ली ने पूल जी में गोवा को 5-1 से हराया, लेकिन इसके बावजूद ये दोनों टीम अंतिम आठ में जगह नहीं बना पायी। क्वार्टर फाइनल शनिवार को खेले जाएंगे जिसमें महाराष्ट्र का सामना झारखंड से, हरियाणा का उत्तर प्रदेश से, पंजाब का कर्नाटक से और मध्य प्रदेश का सामना ओडिशा से होगा।

### संतोष ट्राफी विजेता केरल टीम को 1.14 करोड़ रुपये का पुरस्कार देगी राज्य सरकार

तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार ने प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी जीतने वाली राज्य की फुटबॉल टीम को शुक्रवार को एक करोड़ रुपये से अधिक का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। केरल ने फाइनल में बंगाल को पेनल्टी शूट आउट में हराया था। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में टीम को कुल 1.14 करोड़ रुपये नकद पुरस्कार देने का फैसला किया गया। यहां जारी आधिकारिक बयान के अनुसार विजेता टीम के 20 खिलाड़ियों और मुख्य कोच में से प्रत्येक को पांच लाख रुपये जबकि सहायक कोच, मैनेजर और गोलकीपर प्रशिक्षक को तीन-तीन लाख रुपये देने का फैसला किया गया।

### जाम्बिया के खिलाफ 25 मई को दोस्ताना मैच खेलेगी भारतीय फुटबॉल टीम

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम 25 मई को दोहा में जाम्बिया के खिलाफ एक दोस्ताना मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उक्त जानकारी दी। यह मैच जून से कोलकाता में होने वाले आगामी एएफसी एशियाई कप चीन 2023 क्वालिफायर फाइनल राउंड के लिए भारत की तैयारी का हिस्सा है। भारतीय टीम 23 अप्रैल, 2022 से पहले बेल्लारी में, और वर्तमान में कोलकाता में डेरा डाले हुए है, जहां राष्ट्रीय टीम दो और मैत्रीपूर्ण मैच खेल रही है-एक हीरो आई-लीग से संयुक्त ऑल-स्टार इलेवन के खिलाफ और दूसरा बंगाल संतोष ट्रॉफी दल के साथ। भारतीय टीम पहले ही 11 मई को एक और मैत्रीपूर्ण मैच में एटीके मोहन बागान से खेल चुकी है।

### अजितेश संधू संयुक्त 20वें स्थान पर, गंगजी कट से चूके

तोक्यो। भारतीय गोल्फर अजितेश संधू ने दूसरे दौर में एक अंडर 69 के स्कोर के अच्छे प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां एशिया पैसिफिक ओपन गोल्फ चैंपियनशिप डायमंड कप के कट में जगह बनायी लेकिन राहिल गंगजी एक शॉट से चूकने के कारण बाहर हो गये। जापान चैलेंज टूर में 2017 के विजेता संधू का दूसरे दौर के बाद कुल स्कोर एक अंडर है और वह संयुक्त 20वें स्थान पर हैं। उन्होंने पहले दौर में पार 70 का स्कोर बनाया था। भारत के एक अन्य खिलाड़ी और 2018 में पैनासोनिक ओपन जापान के विजेता गंगजी अंतिम तीन होल में दो बर्डी बनाने के बावजूद एक शॉट से कट से चूक गये। गंगजी को नौवें और दसवें होल में बोगी करने का नुकसान हुआ। वह संयुक्त 64वें स्थान पर रहे जबकि शीर्ष 60 खिलाड़ियों ने कट में जगह बनायी।

### लियाम लिविंगस्टोन ने 42 गेंदों पर 70 रन बनाए

# पंजाब किंग्स ने बैंगलोर को दिया 210 रन का लक्ष्य

**मुंबई, एजेंसी**

पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सामने जीत के लिए 210 रन का टारगेट रखा है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 209 रन बनाए। पंजाब की ओर से इंग्लैंड के दो बल्लेबाजों ने धुआंधार पारियां खेली। लियाम लिविंगस्टोन ने 42 गेंदों पर 70 रन बनाए। वहीं, जॉनी बेयरस्टो ने 29 गेंदों पर 66 रन बनाए। फ्छइ की ओर से हर्षल पटेल ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। वानिंदु हसारंगा ने दो विकेट अपने नाम किया।

ओपनर शिखर धवन और जॉनी बेयरस्टो ने पंजाब को तूफानी शुरूआत दी। इन दोनों ने 20 गेंदों पर 60 रन की पार्टनरशिप की। धवन 15 गेंदों पर 21 रन बनाकर ग्लेन मैक्सवेल को विकेट दे बैठे। भानुका राजपक्षा को उनके ही देश श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा ने आउट किया। पंजाब का तीसरा विकेट बेयरस्टो के रूप में गिरा। वे जॉनी बेयरस्टो 29 गेंदों पर 66 रन बनाकर शाहबाज अहमद की गेंद पर मोहम्मद सिराज को कैच थमा बैठे। कप्तान मयंक अग्रवाल ने 16 गेंदों पर 19 रन बनाए।



उनका विकेट हर्षल पटेल ने लिया। पांचवां विकेट जितेश शर्मा के रूप में गिरा। उन्हें हसारंगा ने बोल्ड किया। हरप्रीत ब्रार को हर्षल पटेल ने पवेलियन की राह दिखाई। पटेल ने बेहद खरतनाक बैटिंग कर रहे लिविंगस्टोन को 20वें ओवर में आउट किया। ऋषि धवन का विकेट भी पटेल ने ही लिया।

दोनों ही टीमें प्ले-ऑफ की होड़ में बनी हुई हैं लिहाजा इनके बीच कांटे की टक्कर की उम्मीद है। बेंगलुरु की बात करें तो 12 मुकाबलों में इस टीम ने 7 मैच जीते हैं और उसका नेट रन रेट -0.115 है। पंजाब को 11 मुकाबलों में पांच में जीत मिली है और उसका नेट रन रेट -0.231 है। बेंगलुरु के 14 पॉइंट्स हैं। उसे जीत मिलती है तो वह 16 पॉइंट्स के साथ टॉप-3 में आ जाएगी। पंजाब के पास 10 पॉइंट्स हैं और हार की स्थिति में प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद काफी धुंधली हो जाएगी।

### स्कोरकार्ड

पंजाब 209/9 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| जॉनी बेयरस्टो<br>कॉट मोहम्मद सिराज बोल्ड शाहबाज अहमद | 66 | 29 | 4 | 7 |
| शिखर धवन<br>बोल्ड ग्लेन मैक्सवेल | 21 | 15 | 2 | 1 |
| भानुका राजपक्षे<br>कॉट हर्षल पटेल बोल्ड वानिंदु हसरंगा | 1 | 3 | 0 | 0 |
| लियाम लिविंगस्टन<br>कॉट दिनेश कार्तिक बोल्ड हर्षल पटेल | 70 | 42 | 5 | 4 |
| मयंक अग्रवाल<br>कॉट वानिंदु हसरंगा बोल्ड हर्षल पटेल | 19 | 16 | 3 | 0 |
| जितेश शर्मा<br>बोल्ड वानिंदु हसरंगा | 9 | 5 | 2 | 0 |
| हरप्रीत ब्रार<br>कॉट दिनेश कार्तिक बोल्ड हर्षल पटेल | 7 | 5 | 0 | 1 |
| ऋषि धवन<br>कॉट ग्लेन मैक्सवेल बोल्ड हर्षल पटेल | 7 | 3 | 0 | 1 |
| राहुल चाहर<br>रन आउट (ग्लेन मैक्सवेल/दिनेश कार्तिक) | 2 | 2 | 0 | 0 |
| कगिसो रबाडा<br>नाबाद | [illegible] | 1 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 7 रन (B: 0, LB: 3, WD: 3, NB: 1) | | | |
| कुल | 209/9 20.0(RR: 10.45) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W | Econ |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्लेन मैक्सवेल | 2 | 0 | 17 | 1 | 8.50 |
| जोश हेज़लवुड | 4 | 0 | 64 | 0 | 16.00 |
| मोहम्मद सिराज | 2 | 0 | 36 | 0 | 18.00 |
| वानिंदु हसरंगा | 4 | 0 | 15 | 2 | 3.75 |
| शाहबाज अहमद | 4 | 0 | 40 | 1 | 10.00 |
| हर्षल पटेल | 4 | 0 | 34 | 4 | 8.50 |

# डीआरएस का न होना दुर्भाग्यपूर्ण, कुछ फैसले हमारे खिलाफ गये : फ्लेमिंग

**मुंबई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने उनकी पारी के शुरू में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) की सुविधा नहीं होने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मैच में इस दौरान कुछ फैसले उनके खिलाफ गये। वानखेड़े स्टेडियम में शॉर्ट सर्किट की वजह से चेन्नई की पारी की पहली 10 गेंद तक डीआरएस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी जिसका उसकी टीम को नुकसान हुआ क्योंकि इस बीच कुछ फैसले उसके खिलाफ गये।

चेन्नई के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अपने खिलाफ गये पगबाधा के फैसले को नहीं बदलवा पाये जबकि रीप्ले से लग रहा था कि डेनियल सैम्स की गेंद लेग स्टंप से बाहर निकल रही थी। रोबिन उथप्पा भी जसप्रीत बुमराह के अगले ओवर में पगबाधा आउट करार दिये गये और तब भी बल्लेबाज के बचने की संभावना दिख रही थी। फ्लेमिंग ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, यह थोड़ा दुर्भाग्यपूर्ण था कि उस समय ऐसा हुआ। हम थोड़ा निराश थे, लेकिन यह भी खेल का हिस्सा है। उस समय कुछ फैसले हमारे पक्ष में नहीं गये।



निश्चित तौर पर यह हमारे लिये अच्छी शुरूआत नहीं थी। मुंबई के हाथों पांच विकेट की हार से चेन्नई की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं भी समाप्त हो गयी। फ्लेमिंग हालांकि सकारात्मक पहलुओं पर गौर करना चाहते हैं। फ्लेमिंग ने कहा, हमारे लिये वास्तव में कुछ सकारात्मक पहलू रहे। मुकेश (चौधरी) और सिमरजीत (सिंह) की नयी गेंद से गेंदबाजी शानदार रही। ऐसे में दीपक चाहर की वापसी पर हमारे पास नयी गेंद से गेंदबाजी करने के कुछ अच्छे विकल्प रहेंगे। उन्होंने कहा, हमने उतना अच्छा खेल नहीं दिखाया जैसा हमें दिखाना चाहिए था। अब हम प्रतियोगिता से बाहर हो गये हैं तो हम बाकी बचे दो मैचों में अन्य खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं।

# बेंगलुरू एफसी ने जीता रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग के पहले संस्करण का खिताब

**गोवा, एजेंसी**

केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ खिताबी मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेलते हुए बेंगलुरू एफसी ने रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) के पहले संस्करण का खिताब जीत लिया। इस मैच का परिणाम इस बात का सबूत है कि दोनों टीमें दमखम के लिहाज से बराबर हैं और सही मायने में नेक्स्ट जेन कप में खेलने की हकदार हैं। अब दोनों टीमें इस साल के अंत में ब्रिटेन में होने वाले नेक्स्ट जेन कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

बेंगलुरू को लीग ताज हासिल करने के लिए केरल के खिलाफ हार से बचना था, और यहां खचाखच भरे बेनॉलिम मैदान पर 90 मिनट से अधिक समय तक ब्लूज नाम से मशहूर इस टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को रोके रखने में कामयाबी हासिल की। केरला ने अपने सात मैचों का सफर 16 अंकों के साथ समाप्त किया। बेंगलुरु ने इस




लीग में 19 अंकों के साथ सफर समाप्त किया और एकमात्र नाबाद टीम रही। बेंगलुरु के कोच नौशाद मूसा ने मैच के बाद कहा, मैं इस अद्भुत मंच के लिए रिलायंस को धन्यवाद देना चाहता हूं। सभी टीमें बहुत प्रतिस्पर्धी थीं। इस टूनार्मेंट ने वास्तव में हमें खिलाड़ियों के स्तर को समझने के लिए कुछ प्रतिस्पर्धी खेल हासिल करने में मदद की। यह कोचों के लिए भी एक अच्छा मंच है। मूसा ने आगे कहा, मैं केरला टीम को बधाई देना चाहता हूं। यह टीम शानदार खेली। निश्चित तौर पर वे सर्वश्रेष्ठ टीम थे। मेरे लड़के जिस तरह पूरे टूनार्मेंट में खेले, उस पर मुझे उन पर गर्व है। बेंगलुरु के कप्तान नामग्याल भूटिया ने कहा, यह दो साल बाद हमारी पहली ट्रॉफी है। मैं टीम के लिए बहुत खुश हूं। इस टूनार्मेंट ने हमें एक इकाई के रूप में विकसित करने में मदद की है। हम नेक्स्ट जेन कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम करने की कोशिश करेंगे अच्छा वहां भी। केरला ब्लास्टर्स के कोच टोमाज टचोर्ज.ने अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी टीम की प्रशंसा की।

# ब्रेसवेल, पटेल न्यूजीलैंड के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल

**वेलिंगटन, एजेंसी**

ऑलराउंडर जिमी नीशाम को तीन साल में पहली बार न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से हटा दिया गया है और उनकी जगह वेलिंगटन के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को दी गयी है। इकतीस वर्षीय नीशाम ने 12 टेस्ट, 66 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप फाइनल के सुपर ओवर में मार्टिन गुप्टिल के साथ बल्लेबाजी की थी। नीशाम नीदरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेले थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति दी थी। ब्रेसवेल ने मार्च में नीदरलैंड के खिलाफ वनडे में पदार्पण किया और उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिये भी टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्हें पहली बार अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुकवार को 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की। इस सूची में स्पिनर अयाज पटेल भी शामिल हैं जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में भारत के खिलाफ एक पारी में 10 विकेट लिये थे। वह टेस्ट मैचों में ऐसा कारनामा करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। पटेल को पिछले सत्र में अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। न्यूजीलैंड के अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है : टॉम ब्लंडेल, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, कॉलिन डी ग्रैंडहोम, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्टिन गुप्टिल, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, अयाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, नील वैगनर, केन विलियमसन, विल यंग।

# इंग्लैंड के कोच बनने पर मैकुलम बोले, बीते कुछ दिनों भावुक था

**मुंबई, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि इंग्लैंड की टेस्ट टीम के मुख्य कोच के रूप में उनकी नियुक्ति से पहले वह भावुक थे और उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। इंग्लैंड की टेस्ट टीम ने हाल ही में बेन स्टोक्स को अपना नया कप्तान बनाया था, जब जो रूट ने कैरेबियन में श्रृंखला हार के बाद पद छोड़ दिया था। मैकुलम को इंग्लैंड टेस्ट टीम की किस्मत बदलने के लिए नियुक्त किया गया है, जिसने पिछले दो वर्षों में खेले गए 17 मैचों में से सिर्फ एक में जीत हासिल की है। इंग्लैंड के नए क्रिकेट प्रबंध निदेशक के रूप में रॉब की के साथ, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा व्यस्त गर्मियों के कार्यक्रम को देखते हुए यह सबसे बड़ी नियुक्तियां हैं, जो 2 जून से लॉर्डस में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से शुरू होगी। मैकुलम आईपीएल 2022 सीजन के अंत में कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच के रूप में पद छोड़ देंगे और इंग्लैंड टेस्ट टीम के साथ अपना कार्यभार संभालेंगे। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने शुक्रवार को बताया, ईमानदार से कहूं, तो दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक को आगे ले जाने और बेहतर परिणाम प्राप्त करने में मदद करने के लिए तत्पर हूं। मैकुलम ने कहा, यह एक बड़ी चुनौती है, जाहिर तौर पर इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में संघर्ष किया है। मुझे लगता है कि यह उनका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है, जिसके कारण उनके खेलने की शैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

# उम्मीदें जीवंत रखने के लिये एक दूसरे का सामना करेंगे सनराइजर्स और केकेआर

**पुणे, एजेंसी**

लगातार चार मैचों में हार के बाद वापसी के लिये संघर्षरत सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिये कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आज यहां होने वाले मैच में गेंदबाजी से जुड़ी अपनी समस्याओं को दूर करना होगा। लगातार पांच मैचों में जीत के बाद लगातार चार हार से सनराइजर्स की आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है।

उसके 11 मैचों में 10 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिये बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे। केकेआर के 12 मैचों में 10 अंक हैं और वह बाहर होने के कगार पर है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम के केवल दो मैच बचे हुए हैं और इनमें जीत से भी वह 14 अंक तक ही पहुंच पाएगी जो कि प्लेऑफ में पहुंचने के लिये पर्याप्त नहीं हो सकते





क्योंकि राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) 12 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष चार में बने हुए हैं। सनराइजर्स की पिछले मैचों में हार का मुख्य कारण उसके मुख्य गेंदबाजों वाशिंगटन सुंदर और टी नटराजन का चोटिल होना तथा तेज गेंदबाज उमरान मलिक का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सनराइजर्स के खिलाफ विपक्षी टीम ने पिछले चार मैचों में 190 से अधिक रन बनाये। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में सनराइजर्स ने फजलहक फारूकी और कार्तिक त्यागी को आजमाया लेकिन वे भी नहीं चल पाये, जिससे टीम की परेशानियां बढ़ गयी। बल्लेबाजी विभाग में सनराइजर्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं लेकिन कप्तान केन विलियमसन को अधिक जिम्मेदारी निभानी होगी। वह अभी तक केवल एक अर्धशतक लगा पाये हैं। अभिषेक शर्मा ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलायी है लेकिन यह युवा बल्लेबाज पारी को नहीं संवार पा रहा

**जिम्मेदारी**

- बल्लेबाजी विभाग में सनराइजर्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं लेकिन कप्तान केन विलियमसन को अधिक जिम्मेदारी निभानी होगी

है। राहुल त्रिपाठी, निकोलस पूरण और एडेन मार्कराम भी रन बना रहे हैं लेकिन सनराइजर्स के बल्लेबाजों को गेंदबाजों से सहयोग की जरूरत है।

दूसरी तरफ केकेआर को अंतिम एकादश में लगातार बदलाव का खामियाजा भुगतना पड़ा है। उसकी टीम हालांकि मुंबई इंडियन्स पर जीत के बाद इस मैच में उतरेगी। केकेआर की टीम पावरप्ले में रन बनाने के लिये जूझ रही है। वेंकटेश अय्यर ने हालांकि बीच में बाहर किये जाने के बाद अच्छी वापसी की है। पिछले मैच में टिम साउदी और पैट कमिन्स दोनों को अंतिम एकादश में शामिल किया गया था और इन दोनों ने मिलकर चार विकेट लिये।

# चोट से जूझ रहे नडाल इटालियन ओपन के तीसरे दौर में हारे

**रोम, एजेंसी**

फ्रेंच ओपन टेनिस टूनार्मेंट शुरू होने से केवल 10 दिन पहले राफेल नडाल फिर से चोट से जूझ रहे हैं। यह दिग्गज खिलाड़ी इटालियन ओपन में डेनिस शापोवालोव के खिलाफ तीसरे दौर के मैच में पांव में दर्द से परेशान रहा जिस कारण आखिर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

शापोवालोव ने नडाल को शुरूआती बढ़त का फायदा नहीं उठाने दिया और 1-6, 7-5, 6-2 से जीत दर्ज की। इस मैच के दौरान 35 वर्षीय नडाल को कुछ अवसरों पर दर्द के कारण लड़खड़ाते हुए देखा गया। बायें पांव में चोट के कारण नडाल पिछले साल कई टूनार्मेंट में नहीं खेल पाये थे। नडाल ने कहा, मेरा पांव फिर से चोटिल हो गया है। बहुत दर्द हो रहा है। मैं ऐसा खिलाड़ी हूं जो चोटों के साथ जीवन व्यतीत करता रहा हूं। यह मेरे लिये नया नहीं है। दुर्भाग्य से चोट और मेरा



चोली दामन का साथ है। दिन प्रतिदिन इससे मुश्किल हो रही है। पांव की चोट नडाल के लिये चिंता का विषय है क्योंकि फ्रेंच ओपन 22 मई से शुरू हो रहा है जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 13 खिताब जीते हैं। नडाल ने कहा, एक सप्ताह में क्या होगा, मैं वास्तव में नहीं जानता। इससे पहले विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने स्टेन वावरिंका को 6-2, 6-2 से पराजित किया। वावरिंका बाएं पांव के दो आपरेशन के बाद अपना दूसरा टूनार्मेंट खेल रहे थे। इटालियन ओपन में में पांच बार के चैंपियन जोकोविच का अगला मुकाबला फेलिक्स ऑगर अलियासिम से होगा, जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन को 6-3, 6-2 से हराया।

महिलाओं के वर्ग में शीर्ष रैंकिंग की इगा स्वियातेक ने विक्टोरिया अजारेंका पर 6-4 6-1 से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। स्वियातेक का अगला मुकाबला 2019 की यूएस ओपन चैंपियन बियांका आंद्रिस्कू से होगा, जिन्होंने क्रोएशियाई क्वालीफायर पेट्रा मार्टिच को 6-4, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में इटली के 20 वर्षीय यानिक सिनर ने फिलिप क्राजिनोविच को 6-2 7-6 (6) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला स्टेफानोस सिटसिपास से होगा। सिटसिपास ने करेन खाचानोव को 4-6, 6-0, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में यहां 2017 के चैंपियन अलेक्सांद्र ज्वेरेव ने एलेक्स डी मिनौर को 6-3 7-6 (5) से पराजित किया।

# रिजवान ने की पुजारा की प्रशंसा

**लंदन, एजेंसी**

पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने चेतेश्वर पुजारा की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय बल्लेबाज का फोकस बहुत अच्छा है और उन्होंने काउंटी क्रिकेट में एक साथ अपने कार्यकाल के दौरान सीनियर बल्लेबाज से कई टिप्स लिए हैं। पुजारा और रिजवान की जोड़ी इस समय काउंटी चैंपियनशिप के डिवीजन टू में ससेक्स के लिए एक साथ खेल रही है। 34 वर्षीय पुजारा चार मैचों में चार शतकों के साथ 143.40 की औसत से 717 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। इस जोड़ी ने अप्रैल में डरहम के खिलाफ एक मैच में एक साथ 154 रनों की उपयोगी साझेदारी का भी आनंद लिया था। रिजवान विशेष रूप से पुजारा के फोकस और लंबी पारी बनाने की उनकी क्षमता से प्रभावित हुए हैं। वह अपने हमवतन यूनिस खान और फवाद आलम के साथ पुजारा को अच्छे खिलाड़ी मानते हैं।

रिजवान ने क्रिकवीक डॉट नेट को बताया, मेरे जीवन में, मैंने जिस खिलाड़ी को अच्छे फोकस के साथ देखा है, वह यूनिस भाई है। उसके बाद नंबर 2 पर फवाद आलम थे, लेकिन अब पुजारा नंबर 3 पर आ गए हैं। पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पुजारा से लिए गए बल्लेबाजी के सुझावों का भी खुलासा किया, खासकर अपने शरीर के करीब कैसे खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, पुजारा के साथ मेरी बातचीत तब हुई, जब मैं अभी इंग्लैंड आया था और एक दो बार आउट जल्दी आउट हो गया, तो उन्होंने मुझे कुछ बातें बताईं कि आपको अपने शरीर के करीब खेलना चाहिए।

# थॉमस कप में भारत का पदक पक्का, महिला टीम उबेर कप के क्वार्टर फाइनल में हारी

**बैंकॉक, एजेंसी**

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने मलेशिया को 3-2 से हराकर 43 साल में पहली बार थॉमस कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, लेकिन महिला टीम यहां उबेर कप के अंतिम आठ मुकाबले में थाईलैंड से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। भारत ने इस प्रकार थॉमस कप में कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया।

देश ने 1979 के बाद से इस आयोजन में कोई पदक नहीं जीता है। भारत ने इससे पहले इंटर जोनल फाइनल में पहुंचने पर तीन कांस्य जीते थे। क्वालीफाइंग प्रारूप में बदलाव के बाद यह पहला मौका है जब देश ने




प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में पदक पक्का किया है। पांच बार खिताब जीतने वाली टीम के खिलाफ, दुनिया की आठवें नंबर की चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी, विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय भारत को जीत दिलायी। भारत का अगला मुकाबला कोरिया या डेनमार्क से होगा। भारतीय टीम को विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता लक्ष्य सेन से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन वह शुरूआती एकल मुकाबले में टीम को बढ़त नहीं दिला सके। वह मौजूदा विश्व चैंपियन ली जी जिया से 46 मिनट तक चले मुकाबले को 21-23 9-21 से हार गए।

मलेशिया के प्रशंसक अपने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई कर रहे थे लेकिन चिराग और सात्विकसाईराज की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी गोह से फी और नूर इजुद्दीन को 21-19 21-15 से हराकर पांच मैचों की टाई में भारत की वापसी करायी। श्रीकांत ने इसके बाद अपने दमदार खेल से विश्व रैंकिंग के 46वें नंबर के खिलाडी एनजी त्जे योंग को 21-11 21-17 से हराकर भारत की बढ़त को 2-1 कर दी। विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर काबिज कृष्णा प्रसाद गरागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की जोड़ी को हालांकि इसके बाद आरोन चिया और टीओ ई यी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत को अगले दौर में ले जाने का दारोमदार प्रणय पर आ गया। विश्व रैंकिंग के 23वें स्थान के खिलाड़ी प्रणय शुरूआत में 1-6 से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने 22 साल के हुन हाओ लेओंग के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 21-13 21-8 की जीत के साथ भारत का पदक पक्का कर दिया।

# आईपीएल समापन समारोह के मुख्य आकर्षण होंगे एआर रहमान और रणवीर

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज टीसीएम प्लेटफॉर्म को एजेंसी के रूप में नियुक्त किया जो 29 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाटा आईपीएल 2022 के समापन समारोह का आयोजन करेगी।

संगीतकार एआर रहमान और बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह समापन समारोह का मुख्य आकर्षण होंगे। बता दें कि लगभग 4 साल बाद आईपीएल में समापन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। टीसीएम प्लेटफॉर्म की निदेशक चंदा सिंह ने कहा, इस विशेष वर्ष में समापन समारोह के आयोजन की जिम्मेदारी दिया जाना वास्तव में एक सम्मान और सौभाग्य की बात है। क्रिकेट हमारे देश के ताने-बाने में गहराई से समाया हुआ है और रचनात्मक रूप से हम भारत की आजादी के 75 साल के जश्न और हमारी क्रिकेट उपलब्धियों के इतिहास को एक साथ लाते हैं। यह वह वर्ष भी है जब दो नई टीमें लीग में शामिल हुई हैं। एआर रहमान, रणवीर सिंह, सहित कई कलाकार और 500 से अधिक सहायक नर्तक इस भव्य समापन समारोह का हिस्सा होंगे। समारोह के लिए खेल के पूरे मैदान का इस्तेमाल किया जाएगा और इसका प्रसारण 29 मई की शाम 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह की परियोजना प्रमुख रिया अग्निहोत्री ने कहा, हमने अपने तीस मिनट के कार्यक्रम के हर सेकंड को देश का मनोरंजन और रोमांचित करने के लिए बनाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पेरू में भूकंप के तेज झटके

लीमा। पेरू में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गयी है। पेरू के राष्ट्रीय भूकंप केंद्र ने बताया कि गुरुवार को 21:55 बजे महसूस किए गए भूकंप का केंद्र देश की राजधानी लीमा से 100 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित था। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आरपीपी रेडियो ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पेरू के कांग्रेस (संसद) के उप प्रमुख ने भूकंप को लेकर पूर्ण सत्र को स्थगित कर दिया। सांसद सुरक्षित इमारत से निकल गए।

### उ. कोरिया में अब तक कोरोना के 18,000 अधिक मामले

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया में अब तक कोरोना वायरस के 18,000 से अधिक मामले दर्ज हो चुके हैं, जबकि आठ लोगों ने अपनी जान गंवाई है। दक्षिण कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी ने उ. कोरिया की सरकारी मीडिया के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि उ. कोरिया के नेता किम जोंग उन ने गुरुवार को आपातकालीन स्थिति बताते हुए लॉकडाउन की घोषणा कर दी।

### पत्रकार शंकर जालान को इंडियन आइकन अवार्ड

कोलकाता। लुधियाना (पंजाब) के एक संस्थान ने कोलकाता (पश्चिम बंगाल) निवासी पत्रकार व लेखक शंकर जालान का चयन इंडियन आइकन अवार्ड-2022 के लिए किया है। प्रेरणादायी, सराहनीय व खोजी लेखन के लिए संस्थान ने श्री जालान को वर्ष के श्रेष्ठ पत्रकार और लेखक श्रेणी में उक्त अवार्ड के लिए चुना है। आगामी 6 अगस्त को आभासी तौर पत्रकार जालान को अवार्ड स्वरूप प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह दिया जाएगा।

### इराक में आईएस के 3 आतंकवादी मारे गए, 8 गिरफ्तार

बगदाद। इराकी सुरक्षा बलों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन आतंकवादियों को मार गिराया है और समूह के दो स्थानीय नेताओं सहित आठ अन्य को गिरफ्तार किया है। इराकी काउंटर-टेररिज्म सर्विस (सीटीएस) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि उसके बलों ने एक आईएस आतंकवादी को मार गिराया और एक अन्य को इराकी राजधानी बगदाद से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर में उत्तरी शहर किरकुक के दक्षिण में एक गांव में छापेमारी में गिरफ्तार किया है। इस बीच, सीटीएस बलों ने किरकुक शहर में एक अभियान में पांच आईएस आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जिनमें से चार गैर-इराकी नागरिक हैं। सीटीएस बलों ने चरमपंथी संगठन के दो नेताओं को भी गिरफ्तार किया है। एक प्रांतीय सुरक्षा सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर सिन्हुआ को बताया कि इराक के पूर्वी प्रांत दियाला में, सैन्य हेलीकॉप्टर गनशिप ने प्रांत के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में आईएस के दो ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें प्रत्येक ठिकाने में एक आईएस आतंकवादी मारा गया।

# रूस ने फिनलैंड को नाटो में शामिल होने को लेकर दी चेतावनी

**कीव, एजेंसी**



• रूसी सेना ने औद्योगिक डोनबास क्षेत्र पर कब्जा जमाने के अभियान के तौर पर मध्य, उत्तरी और पूर्वी यूक्रेन के इलाकों में हमले किए

फिनलैंड के नेता बृहस्पतिवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के पक्ष में सामने आए और स्वीडन भी कुछ दिनों के भीतर ऐसा कर सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन पर हमले ने मॉस्को के पड़ोसियों के बीच भय पैदा कर दिया है, जिसके बाद दोनों देशों ने नाटो में शामिल होने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। वहीं, क्रेमलिन ने चेतावनी देते हुए कहा कि उसे जवाबी कार्रवाई के तौर पर सैन्य-तकनीकी कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ेगा।

इस बीच, रूसी सेना ने औद्योगिक डोनबास क्षेत्र पर कब्जा जमाने के अभियान के तौर पर मध्य, उत्तरी और पूर्वी यूक्रेन के इलाकों में हमले किए, जबकि यूक्रेन ने उत्तरपूर्व में कुछ शहरों और गांवों को फिर से अपने कब्जे में ले लिया है। संघर्ष शुरू होने के बाद से रूस के एक सैनिक पर युद्ध अपराध के पहले मुकदमे की सुनवाई कीव में शुक्रवार को शुरू होने की संभावना है। टैंक यूनिट के बंधक बनाए गए 21 वर्षीय सैनिक पर युद्ध के शुरूआती सप्ताह के दौरान साइकिल पर जा रहे एक नागरिक की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। फिनलैंड के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि नॉर्डिक देश को नाटो में सदस्यता के लिए तुरंत आवेदन करना चाहिए। फिनलैंड के राष्ट्रपति सौली नीनिस्टो ने इस सप्ताह कहा था, आपकी (रूस) वजह से यह हुआ है। अपने आप को शीशे में देखो। इस घोषणा का मतलब है कि फिनलैंड ने नाटो की सदस्यता लेने का अब पूरी तरह मन बना लिया है, लेकिन आवेदन प्रक्रिया शुरू होने से पहले कुछ कार्रवाई अभी बाकी हैं। पड़ोसी देश स्वीडन भी आने वाले दिनों में नाटो में शामिल होने पर विचार कर रहा है। इस तरह के विस्तार से रूस बाल्टिक सागर और आर्कटिक में नाटो देशों से घिर जाएगा, जो पुतिन के लिए एक झटका होगा, जिन्हें नाटो के विभाजित होने और यूरोप से नाटो की वापसी की उम्मीद थी लेकिन स्थिति इसके विपरीत बन रही है। नाटो के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि गठबंधन खुली बाहों से फिनलैंड और स्वीडन का स्वागत करेगा।

रूस के विदेश मंत्रालय ने आगाह किया कि मॉस्को उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने उभरते खतरों से निपटने के लिए सैन्य-तकनीकी और अन्य प्रकार के प्रतिशोधात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा। युद्ध के मोर्चे पर डोनबास में रूस की बढ़त धीमी हो गयी है लेकिन उसकी सेनाओं ने कुछ गांवों पर कब्जा कर लिया है। क्षेत्रीय गवर्नर ने बताया कि दोनेत्स्क क्षेत्र में तीन समुदायों में बृहस्पतिवार को चार नागरिक मारे गए। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डोनबास क्षेत्र पर रूस के ध्यान केंद्रित करने से उत्तरपूर्वी शहर खारकीव के आसपास उसके सैनिक यूक्रेनी सेना का सामना करने के लिहाज से कमजोर पड़ गए हैं और यूक्रेनी सेना ने शहर के आसपास कई शहरों और गांवों को फिर से अपने नियंत्रण में ले लिया है। स्थानीय प्राधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को रूस के हमलों में खारकीव के बाहरी इलाकों में कम से कम दो नागरिकों की मौत हो गयी।

देरहाची उपनगरीय शहर के मेयर व्याचेस्लाव जादोरेंको ने एक टेलीग्राम पोस्ट में लिखा कि हमले में एक मानवीय सहायता ईकाई, नगर निकाय कार्यालयों और अस्पताल की इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। यूक्रेन की सेना ने बताया कि उत्तरी यूक्रेन में चेनीर्हीव के समीप रातभर हुए हवाई हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी।

### रूसी सैनिक के खिलाफ शुक्रवार को युद्ध अपराध के मामले में सुनवाई होगी शुरू

**कीव।** निहत्थे यूक्रेनी नागरिक की हत्या के मामले में एक रूसी सैनिक के खिलाफ मुकदमे में शुक्रवार को सुनवाई शुरू की जाएगी। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद पहली बार किसी रूसी सैनिक के खिलाफ युद्ध अपराध के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा। सार्जेंट वादिम शिशिमारिन (21) पर यूक्रेन में चुपखिवका शहर के एक गांव में 62 वर्षीय एक व्यक्ति के सिर में गोली मारने का आरोप है। युद्ध के कानूनों और तरीकों से संबंधित यूक्रेनी आपराधिक संहिता के तहत दोषी ठहराए जाने पर उसे उम्रकैद की सजा हो सकती है। शिशिमारिन के वकील विक्टर ओविसयानिकोव ने इस बात को स्वीकार किया कि उनके मुवक्किल के खिलाफ मामला काफी मजबूत है, लेकिन साथ ही कहा कि कीव की अदालत किन साक्ष्यों को स्वीकार करेगी, अंतिम निर्णय इस बात पर निर्भर करता है।

# सैल्यूट तिरंगा के अध्यक्ष ने ओडिशा अध्यक्ष शैलेश वर्मा को किया सम्मानित



**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के वसंत कुंज निवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा से ओडिशा के अध्यक्ष शैलेश वर्मा ने भेंट की और संघठन पर चर्चा किया। ओडिशा में संघठन विस्तार पर बात हुई। साथ ही आगामी कार्यक्रम के ऊपर विचार विमर्श किया गया। ओडिशा अध्यक्ष ने बताया संघठन जल्द ही एक बड़ी कार्यक्रम करने की तैयारी में है। आज के मुलाकात की मुख्य विषय ओडिशा प्रदेश को 2021 में किए गए बेह्तरीन कार्यक्रम के लिए तृतीय पुरस्कार से एक बड़ा शील्ड से सम्मान करने का रहा। जिससे पूरे प्रदेश मे खुसी की लहर दौड़ गई है और शैलेश वर्मा के कटक आगमन पर स्वागत की एक सभा भी आयोजित करने की ओडिशा के सदस्यों ने बताया। कटक से मनोज जी, विजय खण्डेलवाल जी, पी के सिंह जी, कमल जी, मुकुंद सिन्हा, सुधाकर सहित दर्जनों लोगों ने बधाई संदेश भेजा।

# पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन के षड्यंत्र की जांच: प्रधान न्यायाधीश को, राष्ट्रपति ने लिखा पत्र

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



• राष्ट्रपति अल्वी ने बृहस्पतिवार को लिखे पत्र में प्रधान न्यायाधीश से सत्ता परिवर्तन के षड्यंत्र की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने की अपील की।

पााकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल को पत्र लिखकर उनसे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अपदस्थ करने के वास्ते सत्ता परिवर्तन के कथित षड्यंत्र की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने का अनुरोध किया है।

खान को 10 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के बाद अपदस्थ कर दिया गया था। खान ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन के मामले पर स्वतंत्र विदेश नीति अपनाने के फैसले के बाद अमेरिका ने उनकी सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा। अमेरिका ने इन आरोपों का लगातार खंडन किया है। खान मांग कर रहे हैं कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय से जांच कराई जाए और उन्होंने जांच आयोग गठित करने को लेकर प्रधान न्यायाधीश बंदियाल को दो सप्ताह पूर्व एक पत्र भी लिखा था।

राष्ट्रपति अल्वी ने बृहस्पतिवार को लिखे पत्र में प्रधान न्यायाधीश से सत्ता परिवर्तन के षड्यंत्र की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने की अपील की। उन्होंने सलाह दी कि इस आयोग का नेतृत्व बंदियाल ही करें। उन्होंने कहा कि आयोग को ह्यह्यसत्ता परिवर्तन के षड्यंत्र के आरोपों की समग्र जांच की खुली सुनवाई करनी चाहिए, ताकि देश को राजनीतिक एवं आर्थिक संकट से बचाया जा सके।

राष्ट्रपति ने आयोग की महत्ता पर जोर देते हुए सचेत किया कि पाकिस्तान पर गंभीर राजनीतिक संकट मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लोगों और राजनीति में ध्रुवीकरण हो रहा है।

उन्होंने पत्र में लिखा, यह खेदजनक है कि संदर्भ के बाहर जाकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की जा रही हैं, गलतफहमियों को हवा मिल रही है, अवसर कम हो रहे हैं, संशय की स्थिति सुधर नहीं रही और अर्थव्यवस्था संकट में है तथा

### जर्मनी रूस के ऊर्जा प्रतिबंधों के लिए तैयार

**बर्लिन।** जर्मनी रूस के ऊर्जा प्रतिबंधों के लिए तैयार है। आर्थिक मामलों और जलवायु कार्रवाई मंत्री रॉबर्ट हेबेक ने देश के निचले सदन संसद बुंडेस्टाग में अपने भाषण के दौरान यह बात कही। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हमने खुद को स्थिति के लिए तैयार कर लिया है। ऊर्जा बाजारों ने पर्याप्त विकल्प पेश किए हैं और रूस से गैस के नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। मास्को ने यूरोपीय ऊर्जा कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए थे। गजप्रोम जर्मनिया और उसकी कुछ सहायक कंपनियों को अब रूस से गैस की आपूर्ति नहीं की गई है। गजप्रोम का प्रबंधन वर्तमान में जर्मनी की फेडरल नेटवर्क एजेंसी द्वारा किया जाता है।

# भारत के साथ करीबी संबंधों को लेकर आशान्वित हूं: श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान भारत के साथ करीबी संबंध बनाने को लेकर आशान्वित हैं और उन्होंने देश की आर्थिक सहायता करने के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। श्रीलंका आजादी के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा है। विक्रमसिंघे (73) ने देश की कर्ज से दबी अर्थव्यवस्था को स्थिर करने और राजनीतिक उथल-पुथल को खत्म करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को श्रीलंका के 26वें प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। विक्रमसिंघे ने उनके देश की भारत द्वारा की गयी आर्थिक सहायता का जिक्र करते हुए कहा, मैं करीबी संबंध चाहता हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। उनकी यह टिप्पणियां शपथ लेने के बाद गत रात यहां आयोजित एक धार्मिक समारोह में आयी।

भारत ने इस साल जनवरी से लेकर अब तक श्रीलंका को तीन अरब डॉलर से अधिक का कर्ज दिया है। भारत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के अनुसार गठित नयी श्रीलंका सरकार के साथ काम करने को लेकर आशान्वित है तथा द्वीप राष्ट्र के लोगों के प्रति नयी दिल्ली की प्रतिबद्धता बरकरार रहेगी। यूनाटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के 73 वर्षीय नेता विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। देश में सोमवार को राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के बड़े भाई महिंदा राजपक्षे ने इस्तीफा दे दिया था।


# इटली, स्पेन संयुक्त गैस पाइपलाइन परियोजना पर करेंगे विचार

**रोम, एजेंसी**

इतालवी ऊर्जा अधोसंरचना कंपनी एसएनएएम (स्नाम) ने गैस पाइपलाइन निर्माण के लिए स्पेन के ऊर्जा प्रदाता एनागास के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप के प्रमुख ऊर्जा पाइपलाइन ऑपरेटर, एसएनएएम ने इस कदम की घोषणा की। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूरोपीय देश वैकल्पिक गैस आपूर्तिकताओं की तलाश कर रहे हैं। रूस यूरोपीय राज्यों को गैस का प्रमुख आपूर्तिकर्ता रहा है। इटली को स्पेन से जोड़ना महत्वपूर्ण है, यह देखते हुए कि स्पेन के पास तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) को फिर से गैसीकृत करने की सबसे बड़ी क्षमता है। लेकिन यूरोपीय संघ के बाकी हिस्सों के साथ देश का पाइपलाइन कनेक्शन पाइरेनीज पर्वत की वजह से सीमित है जो स्पेन और फ्रांस के बीच की सीमा पर है। एसएनएएम और एनागास के बीच सौदा भूमध्य सागर के नीचे पाइपलाइन बिछाकर उस समस्या का समाधान करेगा। स्नैम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टेफानो वेनियर ने एक बयान में कहा कि हम सुरक्षा में योगदान करने और इटली की ऊर्जा आपूर्ति के विविधीकरण का समर्थन करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए काम कर रहे हैं।























स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129